हिन्दी सांध्य दैनिक

# प्रखर पूर्वांचल

अखबार नहीं आंदोलन

RNI:UPHIN/2016/68754 www.prakharpurvanchal.com Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

गाजीपुर से प्रकाशित व वाराणसी, चंदौली, सोनभद्र, मऊ, बलिया, आजमगढ़, भदोही, मिर्जापुर, जौनपुर, लखनऊ, प्रयागराज, गोरखपुर, कुशीनगर, महाराजगंज तथा देवरिया से प्रसारित

वर्षः 7, अंकः 339, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00, आमंत्रण मूल्य 2.00 2 जून, 2023 दिन शुक्रवार गाजीपुर/वाराणसी

## भारत-नेपाल के बीच बॉर्डर नहीं बनेंगे बाधा

### पीएम नरेन्द्र मोदी ने चेकपोस्ट के वर्चुअल शिलान्यास में कहा



महराजगंज। भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड ने गुरुवार की दोपहर सोनौली सीमा के समीप केवटलिया गांव व नेपाल के भैरहवा के समीप बनने वाले इंटीग्रेटेड चेकपोस्ट (एकीकृत जांच चौकी) का संयुक्त रूप से वर्चुअल शिलान्यास किया। सोनौली के समीप निमार्णाधीन परिसर में आयोजित कार्यक्रम में इसका सीधा प्रसारण हुआ।

**नौ साल में संबंध बनाने को लिए कई फैसले**- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि बीते नौ सालों में दोनों देशों के बीच बेहतर संपर्क स्थापित करने के लिए कई अहम फैसले लिए गए हैं। बार्डर हमारे लिए बाधा न बने इस दिशा में कदम उठाए गए हैं। भारत व नेपाल के बीच में ऐसे संपर्क स्थापित करेंगे कि हमारे बार्डर हमारे बीच बैरियर्स न बने। साझा नदियों के ऊपर ब्रिज बनाने, नेपाल से भारत को बिजली निर्यात सहित कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं पर कार्य चल रहा है। पिछले नौ सालों में हमने कई उपलब्धियों को प्राप्त किया है। आज हमने अपनी पार्टनरशिप को सुपरहिट बनाने का निर्णय लिया है। पिछले नौ साल में हमने नेपाल से भारत को बेहतर करने के लिए कई उपलब्धियां हासिल की हैं। बीरगंज में पहली आइसीपी बनाई गई। बार्डर पर पहली पेट्रोलियम पाइपलाइन, रेललाइन, सीमा पर ट्रांसमिशन शुरू करने की दिशा में भी कार्य हुए हैं। नेपाल से 450 मेगावाट बिजली निर्यात कर रहे हैं।

**बातचीत कर सुलझाए जाएंगे विवादः प्रचंड**- नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड ने कहा कि भारत-नेपाल के बीच संपर्क बढ़ाने के लिए संयुक्त रूप से कार्य किए जा रहे हैं। दोनों देशों के बीच जो सीमा विवाद है, उसे बातचीत के माध्यम से सुलझाया जाएगा। भारत ने कृषि सहित सभी क्षेत्रों में नेपाल की मदद की है। उन्होंने आजादी के अमृत महोत्व को लेकर भारत को बधाई दी। आइसीपी परिसर सोनौली में कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया। इस दौरान केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी, जिला पंचायत अध्यक्ष रविकांत पटेल,एसएसबी डीआइजी राजीव राना, जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार, पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ, सीडीओ रूपंदेही (नेपाल) भरत मणि पांडेय, एसपी रुपंदेही भरत बहादुर बीका, एडीएम महराजगंज पंकज वर्मा, विधायक नौतनवा ऋषि त्रिपाठी, विधायक सदर जयमंगल कन्नौजिया, विधायक फरेंदा वीरेंद्र चौधरी, विधायक पनियरा ज्ञानेंद्र सिंह, ब्लाक प्रमुख राकेश मद्धेशिया, एलपीएआइ निदेशक जीएस संतु, एलपीएआइ सेक्रेट्री विवेक वर्मा, कमांडेंट वरुण कुमार, कस्टम चीफ भैरहवा नेपाल मनीराम पौडेल, डीयूडीबीसी विदुर खड़का, एसडीएम नौतनवा मुकेश कुमार सिंह, तहसीलदार अरविंद कुमार, नायब तहसीलदार सौरभ श्रीवास्तव मौजूद रहे।

## कर्नाटक में क्रैश हुआ एयरफोर्स का ट्रेनी विमान, बाल-बाल बची दोनों पायलट की जान



नई दिल्ली। भारतीय वायुसेना का एक किरण प्रशिक्षण विमान कर्नाटक के चामराजनगर के मकाली गांव के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया। एक महिला पायलट समेत दोनों पायलट सुरक्षित हैं। दुर्घटना के कारणों का पता लगाने के लिए कोर्ट ऑफ इंक्वायरी के आदेश दिए गए हैं। इस घटना की जानकारी एक IAF अधिकारी ने दी है। नागरिक उड्डयन महानिदेशालय ने कर्नाटक के बेलगावी में ट्रेनिंग एयरक्राफ्ट की इमरजेंसी लैंडिंग मामले में विस्तृत जांच के आदेश दिए थे। सांबरा एयरपोर्ट के पास मंगलवार को रेडबर्ड एविएशन से संबंधित टू-सीटर ट्रेनिंग एयरक्राफ्ट ने इमरजेंसी लैंडिंग की थी। उड़ान के दौरान आई तकनीकी खराबी के चलते इमरजेंसी लैंडिंग की बात कही गई थी। दोनों पायलटों को मामूली चोटें आई हैं। उन्हें उपचार के लिए वायु सेना के अस्पताल ले जाया गया है।

## सरकार के खिलाफ बोलने पर खत्म कर दिया जाता है अस्तित्व, सांसदी जाने पर निकला राहुल गांधी का दर्द



वाशिंगटन। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने लोकसभा की सदस्यता से अयोग्य करार दिए जाने को लेकर पहली बार विदेश में बयान दिया है। उन्होंने कहा कि मुझे नहीं लगता कि 2004 में जब मैंने राजनीति शुरू की, तब मैंने सोचा भी था कि हमारे देश में चल क्या रहा है। यह मेरी सोच के दायरे से भी बाहर था। स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी के एक कार्यक्रम में कांग्रेस नेता ने कहा कि मैंने कभी सोचा भी नहीं था कि मैं पहला व्यक्ति बनूंगा जिसे मानहानि के मामले में सबसे बड़ी सजा मिलेगी और लोकसभा की सदस्यता गंवानी पड़ेगी। राहुल ने आगे कहा कि लेकिन राजनीतिक तौर पर इससे मुझे ज्यादा बड़ा मौका मिला है।

शायद उस मौके से भी बड़ा कुछ, जो मुझे संसद में बैठकर मिलते। राजनीति कुछ इसी तरह से काम करती है। बता दें कि मार्च में राहुल गांधी को सूरत ट्रायल कोर्ट के आदेश के अनुपालन में वायनाड लोकसभा सीट से एक सांसद के रूप में अयोग्य घोषित कर दिया गया था। कोर्ट ने उन्हें आपराधिक मानहानि मामले में दोषी ठहराया था और उन्हें दो साल की सजा सुनाई थी। मामले में उन्हें जमानत मिल गई है। संसद सदस्यता के जाने का जिक्र करते हुए कहा कि उन्होंने कल्पना भी नहीं की थी कि ऐसा कुछ संभव है। उन्होंने आगे कहा कि लेकिन मुझे लगता है कि सांसद के रूप में बर्खास्तगी ने संसद में बैठने की तुलना में एक 'बड़ा अवसर' दिया। राहुल ने स्टैनफोर्ड में कहा कि भारत में विपक्ष संघर्ष कर रहा है। ऐसा नहीं है कि विपक्ष को अभी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, बल्कि ये सब करीब छह महीने पहले शुरू हुआ था। राहुल ने कहा कि हम संघर्ष कर रहे थे। विपक्ष भारत में संघर्ष कर रहा है। कोई भी एजेंसी काम नहीं कर रही है।

उन्होंने कहा कि ऐसा नहीं है कि सिर्फ एक पार्टी को निशाना बनाया जा रहा है। बल्कि सभी विपक्ष पार्टियां तानाशाही से परेशान हैं। जब भी कोई सरकार के खिलाफ बोलता है तो उन संस्थानों पर कब्जा कर लिया जाता है या उनका अस्तित्व खत्म हो जाता है।

**'मैं किसी से मदद नहीं मांग रहा हूं'**- राहुल गांधी से पूछा गया कि क्या वह घरेलू चुनौतियों से निपटने के लिए विदेशी मदद मांग रहे हैं। उन्होंने इनकार करते हुए कहा, 'मैं किसी से समर्थन नहीं मांग रहा हूं। मुझे पता है कि हमारी लड़ाई, हमारी लड़ाई है। लेकिन हां, यहां भारत के युवा छात्र हैं और मैं उनसे संवाद करना चाहता हूं और ऐसा करना मेरा अधिकार है।' उन्होंने कहा कि पीएम मोदी को भी लोगों से बातचीत करनी चाहिए और 'कुछ कठिन सवालों के जवाब देना चाहिए'।

## खेलते-खेलते पैर फिसलने से तालाब में गिरे तीन भाइयों की मौत, मची-चीख पुकार



मथुरा। उत्तर प्रदेश के मथुरा में गुरुवार की दोपहर तालाब में डूबने से तीन भाइयों की मौत हो गई। खेलते समय पैर फिसलने से वह तालाब में गिर गए और कीचड़ में फंसकर दम तोड़ दिया। इस हृदय विदारक घटना से गांव में मातम छा गया। घर में चीख पुकार मची हुई है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा है। घटना सौंख थाना क्षेत्र के मगोर्रा गांव की है। गांव निवासी सुंदर सिंह के बेटे सोनू (13), मोनू (8) व पंकज (11) गांव में आयोजित भंडारा खाने गए थे। भंडारा खाकर वापस लौट रहे थे। रास्ते में बरगद के पेड़ के नीचे वह खेलने लगे। खेलते समय सोनू की चप्पल तालाब में गिर गई। वह चप्पल निकालने के लिए झुका तो पैर फिसलने से पानी में चला गया। वहां गहरा गड्ढा होने से वह पानी में डूबने लगा। भाई को डूबता देख दोनों भाई मोनू व पंकज उसे बचाने के लिए दौड़े। गड्ढे की गहराई अधिक होने से वह दोनों भी उसी में गिर गए। वह चीखने लगे। राहगीरों ने सुना तो रुके और आसपास के लोगों को आवाज लगाई। राहगीरों की मदद से तीनों को रस्सी व डंडों की मदद से बाहर निकाला गया। परिजन व ग्रामीण आनन-फानन उन्हें अस्पताल लेकर पहुंचे। यहां डॉक्टरों ने जांच के बाद तीनों को मृत घोषित कर दिया। खबर पाकर घर में चीख पुकार मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने परिजन व ग्रामीणों से बात करके गटना की जानकारी ली। शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा है।

## हैलो मिस्टर मोदी वाले बयान पर बीजेपी ने राहुल को घेरा, कहा- फोन टैपिंग बहाना, सिर्फ झूठ फैलाना चाहती



नई दिल्ली। राहुल गांधी द्वारा अमेरिका में केंद्र सरकार पर हमला बोले जाने के बाद भाजपा ने भी कांग्रेस नेता पर पलटवार किया है। दरअसल, राहुल ने कैलिफोर्निया की स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी में उनके फोन की टैपिंग की बात कही थी। इसका जवाब देते हुए भाजपा ने कहा कि कांग्रेस नेता को सिर्फ झूठ बोलना ही आता है। भाजपा नेता रविशंकर प्रसाद ने कहा कि राहुल गांधी जब भी विदेश जाते हैं वो भारत का अपमान करते हैं और झूठ फैलाते हैं। भाजपा नेता ने कहा कि राहुल जब भी कहीं जाते हैं तो कहते हैं कि वो मोहब्बत का पैगाम लेकर आए हैं, लेकिन असलियत में वो नफरत का बाजार खोल रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत के विकास के खिलाफ राहुल को नफरत का बाजार बंद करना चाहिए। रविशंकर प्रसाद ने आगे कहा कि राहुल पीएम मोदी के विकास को पचा नहीं पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि राहुल के नफरत के बाजार को जीडीपी के आंकड़े खत्म करने का काम कर रहे हैं। प्रसाद ने कहा कि जीडीपी के आंकड़े दिखा रहे हैं कि पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत तेजी से विकास कर रहा है।

**भारत का अपमान ही राहुल गांधी का लक्ष्य**- रविशंकर प्रसाद ने कहा कि राहुल गांधी को भारत के विकास के खिलाफ केवल झूठ ही फैलाना आता है। उन्होंने कहा कि राहुल जब भी विदेश जाते हैं तो उनका केवल एक ही लक्ष्य होता है कि कैसे भारत का अपमान किया जाए। भाजपा नेता ने कहा कि राहुल का सेंगोल और नई संसद के खिलाफ बयान इसका बड़ा उदाहरण है।

**राहुल ने कही थी ये बात**- राहुल गांधी ने अमेरिका में आज कहा था कि भारत में कई दफा सरकार ने उनका फोन टैप तक किया था और इसकी उन्हें भनक लग गई थी। उन्होंने कहा कि टैपिंग का पता लगने के बाद एक बार उन्होंने मजाक में फोन में कहा- 'हैलो मिस्टर मोदी'

## सहारनपुर के स्पा सेंटरों में मसाज के नाम जिस्मफरोशी का धंधा, 20 जगहों पर छापामारी में पकड़े 40 युवक-युवतियां



सहारनपुर। सहारनपुर शहर में काफी लंबे समय से चल रहे स्पा सेंटरों पर एसपी सिटी ने एक टीम बनाकर छापेमारी की है। खास बात यह है कि स्थानीय थाना पुलिस और चौकी इंचार्ज को इसके बारे में जानकारी नहीं दी गई। इसी कारण 20 से अधिक स्पा सेंटरों से 40 से अधिक युवक और युवतियों को हिरासत में लिया गया है। स्थानीय थाना पुलिस और चौकी पुलिस को साथ न लेने पर पुलिसकर्मियों पर भी सवाल खड़े हो गए हैं। दरअसल, पिछले काफी समय से शहर में चल रहे स्पा सेंटरों की शिकायत एसएसपी विपिन ताडा को मिल रही थी। यहां पर मसाज के नाम पर जिस्मफरोशी का धंधा होने की शिकायत मिल रही थी। एसपी सिटी अभिमन्यु मांगलिक ने बताया कि घंटाघर के करीब छह स्पा सेंटर, जीएनजी माल के चार स्पा सेंटर, पार्श्वनाथ प्लाजा के भी छह से सात स्पा सेंटरों पर छापेमारी की गई है। इसके अलावा भी शहर के दिल्ली रोड और अन्य स्थानों पर छापेमारी की गई है। सभी स्थानों से 40 युवक-युवतियों को हिरासत में लेकर सदर बाजार थाने पर रखा गया है। इन सभी से पूछताछ की जा रही है। कई स्पा सेंटर के मालिक मौके से फरार हो गए तो कई ने अपने मैनेजर बैठाए हुए थे। अब पुलिस पता लगा रही है कि स्पा सेंटर चलाने वाले मालिक जो कभी स्पा सेंटरों पर आते ही नहीं थे, वह कहां के हैं और कौन हैं। अभी तक की पुलिस जांच में सामने आया है कि कुछ स्पा सेंटरों को नेताओं, पत्रकारों और स्थानीय पुलिस का संरक्षण प्राप्त था। हालांकि कोई बड़ा नेता नहीं है। सभी छोटे नेता हैं। एसपी सिटी ने बताया कि अभी जांच चल रही है। यदि जांच में जिस्मफरोशी का धंधा स्पष्ट हो जाता है तो स्पा सेंटर चलाने वाले, वहां पर काम करने वाले, संरक्षण देने वालों के खिलाफ सदर बाजार थाने में मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

## 5 आईएएस के तबादले, लोकेश एम को मिली कानपुर कमिश्नर की कमान; ऋषिकेश भास्कर की भी तैनाती




लखनऊ। आयुष घोटाले में नाम आने के बाद अपर मुख्य सचिव वित प्रशांत त्रिवेदी हटाए गए। उन्हें उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम का अध्यक्ष बनाया गया है। अपर मुख्य सचिव बेसिक और माध्यमिक शिक्षा दीपक कुमार को वित्त विभाग का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। कानपुर के मंडलायुक्त राजशेखर को सचिव कृषि के पद पर नियुक्त किया गया है। सहारनपुर के मंडलायुक्त लोकेश एम अब कानपुर के मंडलायुक्त होंगे। महाराष्ट्र से प्रतिनियुक्ति से वापस लौट कर तैनाती का इंतजार कर रहे ऋषिकेश भास्कर यशोद को सहारनपुर का मंडलायुक्त बनाया गया है। प्रादेशिक कोआपरेटिव फेडरेशन के प्रबंध निदेशक मासूम अली सरवर को उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम का प्रबंध निदेशक बनाया गया है। इस पद से हटाकर प्रतीक्षारत किए गए संजय कुमार को प्रबंध निदेशक प्रादेशिक कोआपरेटिव फेडरेशन के पद पर तैनात किया गया है।

## अनुराग ठाकुर की पहलवानों से अपील, कहा- जांच पर रखें भरोसा, देश में सबके लिए समान है कानून

महाराष्ट्र। केन्द्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर इन दिनों महाराष्ट्र पहुंचे हैं, जहां उन्होंने बृजभूषण शरण सिंह की गिरफ्तारी की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे पहलवानों पर बयान दिया। उन्होंने कहा है कि मामले की काफी गहन जांच की जा रही है। साथ ही, उन्होंने इस मामले में राजनीति करने वालों को भी घेरा है।

**संवेदनशील तरीके से संभाल रहे मामला**- केन्द्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए कहा, "हम इस मुद्दे को बहुत संवेदनशील तरीके से संभाल रहे हैं। खिलाड़ियों ने जो भी मांग की है, हम वह सब कर रहे हैं। उन्होंने जांच कमेटी बनवानी चाही, हमने वो बनवाई, पुलिस से एफआईआर दर्ज कराना चाहते थे, तो दिल्ली पुलिस ने एफआईआर भी दर्ज की है। खिलाड़ियों ने जो-जो चाहा वो सब हुआ है।"

**चार्जशीट दाखिल होने के बाद होगी कार्रवाई**- अनुराग ठाकुर ने कहा, "देश में कभी भी ऐसा कोई मामला सामने आता है, तो पुलिस उसकी जांच करती है और उसके बाद ही कार्रवाई करती है। इस मामले में भी काफी तेजी से जांच हो रही है, जिन लोगों के बयान लिए जाने हैं, उनके बयान भी जल्दी-जल्दी रिकॉर्ड किए जा रहे हैं। इस मामले में भी जब पुलिस चार्जशीट दाखिल करेगी, तो उचित कार्रवाई होगी।"



**मामले पर राजनीति करने वालों को घेरा**- इस मुद्दे पर राजनीति करने वाले को घेरते हुए केन्द्रीय मंत्री ने कहा, "जो भी लोग इस मामले में राजनीतिकरण कर रहे हैं, मैं उनसे इतना कहना चाहूंगा कि देश का कानूनी 140 करोड़ भारतीयों के लिए एक समान है। हमारे लिए खेल और खिलाड़ी दोनों महत्वपूर्ण है। मोदी सरकार ने हमेशा खेल को बढ़ावा दिया है और खेल के लिए बजट में बढ़ोतरी की है। मोदी जी ने हमेशा खिलाड़ियों को सम्मान दिया है और आगे भी देते रहेंगे।"

**पहलवानों से की अपील**- दरअसल, बीते मंगलवार को पहलवानों ने गंगा में अपने मेडल बहाने का ऐलान किया था। इसको लेकर भी केन्द्रीय मंत्री ने पहलवानों से अपील करते हुए कहा कि पहलवान खेल को नुकसान न पहुंचाएं, उन्हें जांच पूरी होने का इंतजार करना चाहिए। उन्होंने कहा कि जांच नियम के अनुसार होगी और खिलाड़ियों को जांच पर भरोसा करना चाहिए।

**लगातार बढ़ाया जा रहा खेल बजट**- केन्द्रीय खेल मंत्री ने कहा कि मोदी सरकार ने खेल का बजट 878 करोड़ से बढ़ाकर 2782 करोड़ कर दिया है। सरकार खेलो इंडिया जैसी योजनाएं चला रही है। वहीं, खिलाड़ियों के प्रशिक्षण पर करोड़ों रुपए खर्च होते हैं। ऐसे में उन्हें सरकार पर भरोसा होना चाहिए। पहलवान कोई ऐसा कदम न उठाए, जिससे खेल भावना को ठेस पहुंचे।"

## 10 दलितों की हत्या में 42 वर्ष बाद फैसला, एक बुजुर्ग दोषी को उम्रकैद

फिरोजाबाद। 42 साल पहले मक्खनपुर के गांव साढ़ूपुर निवासी दलित समाज के 10 लोगों की गोली मार कर हत्या करने की बहुचर्चित घटना के आरोपित बुजुर्ग को बुधवार को जिला जज ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई। उसे एक लाख रुपये अर्थदंड से भी दंडित किया गया। दो आरोपितों की मुकदमे की सुनवाई के दौरान मौत हो गई थी। अर्थदंड का भुगतान न करने पर दोषी को एक माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी पड़ेगी।

शिकोहाबाद रेलवे स्टेशन के तत्कालीन मुख्य लिपिक डीसी गौतम ने 30 दिसंबर 1981 की शाम 6.30 बजे साढ़ूपुर में बदमाशों द्वारा कई लोगों की गोली मार कर हत्या करने की सूचना टेलीफोन पर शिकोहाबाद पुलिस को दी थी। बताया था कि उन्हें घटना की सूचना मक्खनपुर रेलवे स्टेशन के एएसएम ने दी थी। एएसएम को सूचना साढ़ूपुर के तत्कालीन प्रधान मुनी चंद्र ने दी थी। गोलीकांड में हरिजन चमेली, प्रेम कुमार, बैकुंठी, शुभा देवी, कैलाश, सोलू, शगुना देवी, सुरेश, पार्वती और शीला की गोली मार कर हत्या कर दी गई थी। घटना में प्रेमवती और सोमवती घायल हो गई थीं। वादी डीसी गौतम ने इस मामले में अनार सिंह यादव, गंगा दयाल यादव निवासी गढ़ी दानसहाय और जयपाल निवासी गलामई के विरुद्ध हत्या और जानलेवा हमला करने का मुकदमा दर्ज कराया था। मुकदमे के दौरान अनार सिंह और जयपाल की मौत हो गई थी। आरोपित गंगा दयाल को जिला जज हरवीर सिंह ने यह सजा सुनाई। मुकदमे में अभियोजन पक्ष की तरफ से 10 साक्षी परीक्षित कराए गए थे। दस्तावेजी साक्ष्य के रूप में न्यायालय में प्रस्तुत पत्रावलियों को साक्षियों द्वारा साबित किया गया था। वर्ष 1981 में मक्खनपुर में थाना नहीं था। मक्खनपुर क्षेत्र शिकोहाबाद थाना क्षेत्र के अंतर्गत शामिल था। जिला मैनपुरी था।

## संपादकीय

## वाहन चलाने वाले लोग सावधानी बरतने को तैयार नहीं

अफसोस की बात यह है कि इस तरह के लगातार हादसों के बावजूद न तो सड़कों पर वाहन चलाने वाले लोग सावधानी बरतने को तैयार दिखते हैं, न ही संबंधित महकमे बचाव के पूर्व इंतजामों को लेकर गंभीर होते हैं। नतीजतन, एक के बाद एक दुर्घटनाएं सामने आती रहती हैं और उनमें नाहक ही लोगों की जान जाती रहती है। गौरतलब है कि मंगलवार को जम्मू में वैष्णो देवी के दर्शन के बाद लोगों को लेकर कटरा से अमृतसर जा रही एक बस रास्ते में बने एक पुल से नीचे खाई में गिर गई। इस हादसे में कम से कम दस लोगों की मौत हो गई और छियासठ अन्य घायल हो गए। हताहत यात्री बिहार के लखीसराय जिले से थे और बच्चे के एक धार्मिक अनुष्ठान के लिए गए थे। यानी किसी धार्मिक यात्रा के बाद खुशी की इच्छा में तीर्थयात्रा पर गए लोग वाहन चलाने में मामूली चूक की वजह से एक त्रासदी का शिकार हो गए। दस दिन के भीतर हुई इस तरह की यह दूसरी घटना है। हालांकि पहाड़ी इलाकों में आए दिन ऐसे हादसे होते रहते हैं। विडंबना यह है कि पहाड़ी क्षेत्र में एक ही तरह से होने वाली दुर्घटना के उदाहरण बार-बार सामने आने के बावजूद उन इलाकों में वाहन चलाने वाले लोग कुछ वैसी बातों को लेकर सावधान रहने में चूक कर जाते हैं, जो दिखने में बिल्कुल छोटी होती हैं, लेकिन उसकी वजह से ही वाहन में सवार सभी लोगों की जान पर आफत आ सकती है। जम्मू में जो बस हादसे का शिकार हुई, वह दरअसल पुल से नीचे खाई में गिर गई। यानी किसी तकनीकी गड़बड़ी या फिर चालक की लापरवाही या गलती की वजह से बस नियंत्रण से बाहर हो गई और पुल का घेरा तोड़ती नीचे जा गिरी। लेकिन यह भी सच है कि पुल पर बना घेरा इतना मजबूत नहीं था कि किसी अनियंत्रित वाहन को नीचे गिरने से रोक सके। दूसरे, पहाड़ी इलाकों में वाहन चलाना सामान्य मैदानी इलाकों के मुकाबले ज्यादा जोखिम का काम होता है और उसमें चालकों को अतिरिक्त सावधानी बरतने की जरूरत होती है। ऐसे क्षेत्रों में हादसे के बाद की एक बड़ी समस्या यह होती है कि अगर कोई वाहन खाई में गिर जाता है तो वहां तक पहुंचने में आने वाली मुश्किल की वजह से उसमें फंसे लोगों के बचाव कार्य में होने वाली देरी के चलते भी कई लोगों की जान नहीं बचाई जा पाती। पहाड़ में बनी सड़कों पर वाहन चलाने की जटिलताओं के बीच ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए जो उपाय किए जाने चाहिए, कई बार उन्हें लेकर भी संबंधित महकमे कोताही बरतते हैं। मसलन, पहाड़ी रास्तों पर ऐसे मोड़ अक्सर सामने आते हैं, जहां सामने से आ रहा वाहन दिखाई नहीं दे पाता। सड़क के किनारे एक तरफ पहाड़ होते हैं, तो दूसरी ओर गहरी खाई। बेहद मामूली चूक भी ऐसे हादसे का कारण बन जाती है, जिसमें किसी का जीवन बचने की उम्मीद नहीं बचती। इसके मद्देनजर ऐसे इलाकों में सड़क किनारे पैराफिट या फिर क्रैश बैरियर लगाए जाते हैं, ताकि अगर कोई वाहन संतुलन खो दे तो पैराफिट या क्रैश बैरियर से टकरा कर किसी तरह खाई में गिरने से बच जाए। सिर्फ इतने भर से कई लोगों की जिंदगी बचाई जा सकती है। लेकिन कई बार सड़कों पर होने वाले हादसों से बचाव के इंतजामों पर ज्यादा ध्यान नहीं दिया जाता। ऐसी स्थिति में किसी चालक की कोताही या वाहन में अचानक आई तकनीकी गड़बड़ी खमियाजा उसमें सवार लोगों को भुगतना पड़ता है।

## बैंकिंग क्षेत्र में धोखाधड़ी के मामले बढ़े हैं

आधुनिक तकनीकी के दौर में आम लोगों की यह स्वाभाविक उम्मीद है कि उनके रोजमर्रा के कामकाज में सुविधा हो, लेकिन साथ ही उसमें कोई नुकसान न हो। लेकिन सच यह है कि जैसे-जैसे तकनीक पर लोगों की निर्भरता बढ़ रही है, उसमें कुछ नए तरह के जोखिम पैदा हो रहे हैं। खासतौर पर आर्थिक गतिविधियों या लेनदेन के मामले में बहुत सारे लोगों ने इंटरनेट या डिजिटल माध्यम का चुनाव उत्साह से इसलिए किया कि सुविधा और पारदर्शिता के साथ सुरक्षा भी सुनिश्चित हो। मगर हकीकत यह है कि साइबर तंत्र के विस्तार के समांतर लोग इसके खतरों का भी सामना कर रहे हैं। भारतीय रिजर्व बैंक की वार्षिक रिपोर्ट 2022-23 में कहा गया है कि बैंकिंग क्षेत्र में धोखाधड़ी के मामले बढ़े हैं और इसके तहत सबसे ज्यादा ठगी का निशाना डिजिटल लेनदेन रहा। रिपोर्ट के मुताबिक इस वित्त वर्ष में धोखाधड़ी के तेरह हजार पांच सौ तीस मामले दर्ज किए गए, जो पिछले साल के मुकाबले काफी ज्यादा हैं। इसमें ऋण, कार्ड और इंटरनेट श्रेणी में सबसे ज्यादा ठगी की रिपोर्ट हुई। वित्त वर्ष 2021-22 में धोखाधड़ी के कुल नौ हजार सत्तानबे मामले सामने आए थे। हालांकि इसमें शामिल राशि में इस साल कमी आई है। दरअसल, इंटरनेट के विस्तार के साथ इससे जुड़ी सुविधाएं भी तेजी से लोगों के जीवन में अपनी जगह बनाती जा रही हैं। आज देश का एक खासा हिस्सा जरूरी खरीदारी से लेकर लेनदेन तक के लिए डिजिटल माध्यम का उपयोग कर रहा है। समस्या यह है कि लेनदेन या खरीदारी का यह जरिया जितना सुविधाजनक है, उतना ही संवेदनशील भी है। अगर इसका उपयोग करने में कोई चूक या लापरवाही होती है तो एक झटके में बड़ा नुकसान हो जाता है। इसी तरह, अगर कोई ठग किसी व्यक्ति को बातों में फंसा कर उससे आर्थिक लेनदेन से संबंधित कुछ संवेदनशील ब्योरे हासिल कर ले तो बैंक खाते से पैसे एक पल में गायब हो जाते हैं। पुराने दौर की परंपरागत ठगी के बाद अब डिजिटल माध्यम में भी जाल फैला कर धोखाधड़ी करने वालों ने एक नई समस्या खड़ी कर दी है। सरकार की ओर से इस तरह के अपराध के संजाल से बचाव के लिए सुरक्षा तंत्र बनाने के दावे तो किए जाते हैं, लेकिन इस पर ठोस तरीके से रोक लगाना मुमकिन नहीं हो पाया है। रिजर्व बैंक की रिपोर्ट में एक अहम पहलू यह उभर कर सामने आया है कि पिछले तीन साल में निजी बैंकों ने सबसे ज्यादा धोखाधड़ी की सूचना दी है, लेकिन राशि के हिसाब से देखा जाए तो सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों से 2022-23 के दौरान सबसे अधिक पैसे गायब हुए। मुश्किल यह है कि बैंकिंग गतिविधियों या लेनदेन में सुविधा होने की वजह से लोग इस माध्यम का चुनाव तो कर लेते हैं, लेकिन इसके सुरक्षित उपयोग के लिए जरूरी प्रशिक्षण ज्यादातर लोगों के पास नहीं होता है। औपचारिक तौर पर स्मार्टफोन या कंप्यूटर में इसके उपयोग से संबंधित कुछ तरीके जान कर लोग धड़ल्ले से पैसों का लेनदेन करते हैं और इसी क्रम में कभी-कभी वे साइबर अपराधियों के जाल में फंस जाते हैं। अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि ज्यादातर लोग आधार कार्ड में दर्ज सूचनाएं भी किसी से साझा करते हुए सतर्कता नहीं बरतते। जबकि इस डिजिटल दौर में आधार नंबर और बैंक खाते से जुड़ी संवेदनशील जानकारियां सबसे ज्यादा जोखिम कारण बन रही हैं। आम लोगों को डिजिटल माध्यम का इस्तेमाल करने को लेकर प्रोत्साहित किया जा रहा है, लेकिन यह ध्यान रखने की जरूरत है कि इसी अनुपात में साइबर सुरक्षा की दीवार मजबूत नहीं की गई तो यह सुविधा के बजाय जोखिम का जरिया बन जाएगा।

# 16 से 22 जून तक गोवा में होने वाले वैश्विक हिन्दू राष्ट्र महोत्सव के उपलक्ष्य में...

## हिन्दुओं की आवाज बुलंद करने वाला हिन्दू राष्ट्र अधिवेशन!

कश्मीरी हिन्दुओं पर अत्याचार का भीषण सत्य प्रस्तुत करनेवाली दी कश्मीर फाइल्स के उपरांत द केरला स्टोरी फिल्म वर्तमान में भारत में जोरदार चर्चा का विषय बन गया है । इस फिल्म के कारण धर्मांधों के चंगुल से हिन्दू युवतियों की रक्षा के लिए हिन्दुओं को जागृत होना, धर्मशिक्षा लेना एवं धर्मरक्षा करना कितना आवश्यक है, इसका महत्त्व ध्यान में आया है । विशेष बात यह है कि इस समस्या का मूल और धर्मांध शक्तियों द्वारा संपूर्ण जगत में चलाए जा रहे लव जिहादका षड्यंत्र समाज के सामने उजागर हो गया है । इस षड्यंत्र की दाहकता इतनी तीव्र है कि उसे उजागर करनेवाला द केरल स्टोरी फिल्म देश में दिखाया न जाए; इसलिए विरोधी सीधे न्यायालय पहुंच गए । न्यायालय द्वारा इस फिल्म पर प्रतिबंध लगाने की मांग निरस्त किए जाने के उपरांत भी सदा की भांति विशिष्ट समाज का उदात्तीकरण करने के लिए तमिलनाडु एवं पश्चिम बंगाल राज्यों में राज्य सरकार ने इस फिल्म पर प्रतिबंध लगा दिया है । अन्य राज्यों में भी सिनेमागृह (थियेटर) के मालिकों को धमकियां दी गईं हैं । इन सभी बाधाओं का सामना कर आज यह फिल्म वैश्विक स्तर पर प्रदर्शित हो रहा है और उसे अच्छा प्रतिसाद भी मिल रहा है । इसका कारण है जागृत हो रहा हिन्दू मन ! स्वतंत्रता के उपरांत हिन्दू मन का ईसाईकरण, इस्लामीकरण के साथ ही निधर्मीकरण करने के लिए भरपूर प्रयत्न किए गए । इसलिए जन्म से हिन्दू; परंतु मन से एवं विचारों से अहिन्दुओं की लोकसंख्या में वृद्धि होने लगी; परंतु अब यह चित्र बदल रहा है और हिन्दू मन जागृत हो रहा है । स्वयं पर हो रहे अन्याय के विरोध को उजागर करने का धैर्य और साहस हिन्दुओं में जागृत हो रहा है । हिन्दू धर्मरक्षा के लिए सक्रिय होने के लिए प्रेरित हो रहे हैं । अब वे हिन्दुत्व की महिमा समझ गए हैं । आज देशभर में हिन्दू राष्ट्र का अभियान जोर पकड रहा है । यह जागृति होने में हिन्दुत्व संगठनों का संगठन करनेवाले अखिल भारतीय हिन्दू राष्ट्र अधिवेशन का विशेष योगदान है ।

आज हिन्दू जागृत होकर उस पर होनेवाले अन्याय के विरोध में आवाज उठा रहा है; परंतु हिन्दुओं द्वारा धर्मरक्षा के लिए दी हुई पुकार को हेट स्पीच कहते हुए हिन्दुत्वनिष्ठों को लक्ष्य किया रहा है । धर्मांध एवं साम्यवादियों द्वारा तथाकथित हेट स्पीचके अंतर्गत हिन्दुत्वनिष्ठों के भाषणों के विरोध में जनहित याचिका प्रविष्ट कर हिन्दुओं को लक्ष्य किया जा रहा है । भारत के टुकडे न हों, इस विषय में हिन्दुओं में जनजागृति करना क्या हेट स्पीच है ?, यदि हिन्दू अपना देश एवं धर्म बचाने के लिए बोले, तो क्या वह हेट स्पीच है ? वास्तव में हिन्दू संस्कृति में हेटको स्थान ही नहीं है । हिन्दुत्वनिष्ठों द्वारा किए गए वक्तव्यों के कारण कानून एवं सुव्यवस्था बिगड गई हो, ऐसी कोई भी घटना नहीं हुई है । तब भी प्रशासन पर दबाव डालकर देशभर में हिन्दुओं के विरोध में अपराध प्रविष्ट किए गए हैं । इसके विपरीत कुछ पंथों द्वारा सर तन से जुदाका आवाहन करते हुए अनेक हिन्दुत्वनिष्ठों की हत्या की जा रही है; परंतु उनके विरोध में तथाकथित आधुनिकतावादी, सेक्युलर अथवा पीसवाले कोई याचिका प्रविष्ट करते दिखाई नहीं दिए । कुल मिलाकर पुलिस एवं न्याययंत्रणा को दिशाभूल कर हिन्दुओं के विरोध में चल रहा एक भयानक षड्यंत्र है । चुनावों में भी कुछ राजकीय पक्षों द्वारा हिन्दूविरोधी भूमिका अपनाई जा रही है । हाल ही में हुए कर्नाटक विधानसभा के चुनावों के घोषणापत्र में काँग्रेस पक्ष ने मुस्लिम मतों के लिए चापलूसी करने हेतु बजरंग दलपर प्रतिबंध लगाने की घोषणा की । विधानसभा चुनावों में विजय मिलने पर अब काँग्रेस गोहत्या बंदी, हिजाब बंदी आदि निर्णय पीछे लेने की तैयारी में है । धर्मांधों द्वारा अब सीधे हिन्दुओं के कार्यक्रम एवं उत्सवों पर प्रतिबंध लगाने की मांग की जा रही है । आगे जाकर क्रूरकर्मा टीपूका उदात्तीकरण आरंभ होगा । विद्यालय की पाठ्यपुस्तकों में आक्रमकों का इतिहास पुनः पढाने का निर्णय लिया जाएगा ।



श्री. रमेश शिंदे

कुल मिलाकर हिन्दुओं को पुनः संघर्ष करना होगा, ऐसी स्थिति है ।

वास्तव में भारत में हिन्दू अपने अस्तित्व की लढाई लढ रहे हैं । गत कुछ दशकों में निर्माण हुए अफगानिस्तान, श्रीलंका, नेपाल, भूटान, तिब्बत, म्यानमार, पाकिस्तान आदि देश भारत से तोड दिए गए । इनमें से अनेक इस्लामी राष्ट्र हो गए । वर्तमान में भारत का इस्लामीकरण एवं ईसाईकरण का प्रयोग शुरू है । इसलिए भारत के 9 राज्यों में हिन्दू अल्पसंख्यक हो गए हैं । वहां हिन्दुओं को दुय्यम नागरिक के रूप में देखा जाता है । हिन्दुओं पर अत्याचार बढ गए हैं, यह मणिपुर की हिंसक घटनाओं से पुनः एक बार सामने आया है । कुल मिलाकर इस देश के पुनः अनेक टुकडे कर देश का विभाजन किया जाएगा, इस धोके के विषय में हिन्दुओं को सजग रहना चाहिए । यदि भारत को हिन्दू राष्ट्र घोषित नहीं किया, तो भारत का इस्लामीकरण होने में देर नहीं लगेगी ।

हिन्दुओं के विरोध में किए जानेवाले इन विविध षड्यंत्रों को उजागर करने में अखिल भारतीय हिन्दू राष्ट्र अधिवेशनोंका महत्त्वपूर्ण योगदान है । वर्ष 2012 में गोवा में पहला अखिल भारतीय हिन्दू राष्ट्र अधिवेशन संपन्न हुआ था । प्रथम अधिवेशन से लेकर आज तक हिन्दू राष्ट्र का उद्घोष, हिन्दूजागृति एवं हिन्दूसंगठन ही अधिवेशनों का उद्देश्य रहा है । पहले हिन्दू राष्ट्र कहते ही, उसकी ओर नकारात्मक एवं जातीय दृष्टि से देखा जाता था, परंतु आज गांव-गांव के हिन्दू भी हिन्दू राष्ट्र को समर्थन दे रहे हैं । इसका कारण है हिन्दू धर्म की सर्वसमावेशकता एवं विश्वकल्याणकारी संकल्पना ! अन्य पंथ काफिरों को मार डालने की बातें करते हैं अथवा संपूर्ण जग को ईसाई बनाने का स्वप्न देखते हैं । हिन्दू ही केवल विश्वकल्याण की कामना करते हैं । आज विदेशों में भी हिन्दुत्व के प्रति आकर्षण बढ रहा है और उसका कारण है हिन्दू धर्म का कल्याणकारी तत्त्वज्ञान ! हिन्दू धर्म पर हो रहे आघातों के विषय में जागृति करते हुए हिन्दू धर्म आचरण में लाने की दृष्टि से जागृति करने में भी अखिल भारतीय हिन्दू राष्ट्र अधिवेशन ने महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई है ।

निधर्मी व्यवस्था में हिन्दुओं की रक्षा करनी हो, तो केवल राष्ट्रीय ही नहीं, अपितु आंतरराष्ट्रीय स्तर पर हिन्दूसंगठन करना, काल की आवश्यकता है । अखिल भारतीय हिन्दू राष्ट्र अधिवेशन उस दृष्टि से महत्त्वपूर्ण कदम है । इस अधिवेशन के माध्यम से भारत के संत महात्मा, हिन्दुत्ववादी संगठनों के पदाधिकारी, मंदिरों के विश्वस्त आदि की उपस्थिति में गोवा में अखिल भारतीय हिन्दू राष्ट्र अधिवेशन आयोजित किया जा रहा है । इस अधिवेशन में हिन्दू राष्ट्र की दृष्टि से विचारमंथन होने के साथ ही हिन्दुत्व का कार्य करते समय आनेवाले अच्छे-बुरे अनुभवों का आदानप्रदान होता है, इसके साथ ही वर्षभर के लिए हिन्दुत्व के कार्य की दिशा निर्धारित की जाती है । देश-विदेश के 300 से भी अधिक अग्रणी हिन्दुत्वनिष्ठ संगठनों के सहभाग के कारण इस अधिवेशन के माध्यम से हिन्दू राष्ट्र को मूर्त स्वरूप में आने की प्रक्रिया घड रही है ।

इस बार भी 16 से 22 जून तक गोवा में एकादश (ग्यारहवें) अखिल भारतीय हिन्दू राष्ट्र अधिवेशन अर्थात वैश्विक हिन्दू राष्ट्र महोत्सव हो रहा है । उसमें लव जिहाद, हलाल सर्टीफिकेशन, लैंड जिहाद, काशी-मथुरा मुक्ति, धर्मांतरण, गोहत्या, मंदिर संस्कृति की रक्षा, कश्मीरी हिन्दुओं का उनकी मातृभूमि पर पुनर्वसन, पाकिस्तान एवं बांगलादेश के हिन्दुओं पर अत्याचार जैसे विविध जिहादी आक्रमणों के साथ ही हिन्दू राष्ट्र की नींव के लिए आवश्यक आगामी महत्त्वपूर्ण विषयों पर विचारमंथन होगा, इसके साथ ही कृति की रूपरेखा भी तैयार की जाएगी । इस अधिवेशन का हिन्दू जनजागृति समिति के यू-ट्यूब, फेसबुक एवं ट्वीटर अकाउंट पर, इसके साथ ही ६६६ॅ.ल्लर्ि१४-३.ङ्ग१ॅ जाल स्थल पर लाईव प्रक्षेपण किया जानेवाला है । आजतक किए गए आंदोलनों में समस्त हिन्दुओं को मिल रही सफलता की पृष्ठभूमि पर यह अधिवेशन समस्त हिन्दुओं के लिए अत्यंत उत्साहपूर्ण होगा, इसमें कोई शंका ही नहीं है ।

# एक नजर इधर भी :- छी: ऐसी पत्रकारिता!

**गौरीशंकर पाण्डेय सरस**

रोज की तरह एक दिन सूरज देव अपने शयन कक्ष की तरफ कदम बढ़ाने को बेताब थे तो दूसरी तरफ संध्या परी मंद गति से धुंधलापन के साथ काली कलूटी रात के आगमन का डरावना संदेश लेकर दस्तक देने को व्यग्र थी। अर्थात दिया लगान की बेला थी। कुछ अवैध विजनस कर्ता अपनी अवैध कमाई का हिसाब किताब अपने टाईगर को देने के वास्ते सही सही ठीक करने में मशगूल थे। आर्डर पर चाय विक्रेता चाय देकर कब चला गया और चाय गर्म से कब ठंडी हो गई इसका पीने वालों को जरा सा भी ख्याल नहीं रहा की चाय की चुस्की का आनंद भी लेना है।इसी बीच थल मार्ग से मृत्यु लोक की खबर संकलन करने निकले सेमटू सूचना संप्रेषक श्री नारद भगवान की नजर अवैध कारोबारियों की कड़कड़ाती नोटों की गड्डी पर पड़ गई।और दिल मचल मचल सा गया। अगले दिन , दिन के उजाले में नारायण नारायण शब्द उवाच की जगह "बच्चा राम भला करें "के सुखद शब्द उच्चारण के साथ पधारे। ताज्जुब की इस बार नारद जी के हाथ में वीणा नहीं बल्कि डिजिटल खबरिया भोंपू था। संस्कारित और विद्वता की भाषा भी काफी कुछ हद तक बदली हुई थी।अबकी अपना परिचय अहम 'नारदामि अस्मि ,के स्थान पर हिंदी और उर्दू के साथ-साथ लोक भाषा के रीमिक्स शब्द कुछ और ही संकेत दे रहे थे। चारों तरफ सोहरत के बवंडर से दाल में काला नजर आरहा था। मृत्यु लोक के चतुर सुजान भी बखिया उधेड़ने पर उतारू तबज्जों देने से परहेज कर रहे थे। इसलिए कि सेमटू नारद अपने चरित्र का परिचय पहले ही दे चुके थे। फिर भी अपना चरित्र दोष और अपनी कई-बार हुई दुर्गति को नजरंदाज कर एक बार फिर अचानक रूपवती लक्ष्मी श्री के चक्कर में नशीले पदार्थों के अबैध विक्रेताओ पर धौंस जमाते हुए कुछ ऐंठने की गरज से मुंह पर भोंपू तान दिए और सफलता हाथ नहीं लगते देख छिछालेदर ब्राडकास्ट करने पर उतर आए। लेकिन दूसरा पक्ष भी हम किसी से कम नहीं की तर्ज पर नहले पर दहला रखने से बाज नहीं आया।बात इतनी बढ़ गई की बात गरदाखोर प्रमुख सरगनाओं के दरबार तक जा पहुंची। परंतु कुछ ने तो अपील कर्ता की अपील को खारिज करते हुए आदत से लाचार बताकर अपना पल्ला झाड़ लिया लेकिन कुछ चुनिंदा गोलियरों ने दण्डाधिकारी शनिदेव महाराज के दफ्तर में पहुंच कर लिखित शिकायत दर्ज कराते हुए न्याय की गुजारिश की। हालांकि शिकायत दफ्तर से जांच आख्या मंगाने के बाद उचित कार्रवाई का भरोसा तो मिला लेकिन कब जांच होगी?कब आख्या आएगी?

कब कार्रवाई होगी ?यह तत्पश्चात का बिषय बनकर रह गया। गोपनीय सूत्रों भुक्त भोगियों की टीम ने भी अलग से मोर्चा खोल कर खुल्लम-खुल्ला सत्य को प्रकाश में लाने के लिए कटिबद्ध दिखा। यहां तक कि चिल्ला चिल्ला कर तंग कर्ता की पोल? खोलने में रुचि लेते हुए बताने लगे कि पहले विश्वमोहिनी के स्वयंवर में काम भाव के चलते मुख की आकृति में बदलाव हुआ। उसके बाद विष कन्याओं के जरिए जाल बिछाकर लोगों को फांसने के एवज में गति खराब हुई। जिसके चलते कहीं मुंह दिखाने लायक नहीं रहे।

फिर भी दिल है कि मानता नहीं।अपनी लूटपाट छापामारी की ओछी हरकत से उबरने और सुधरने के बजाय

खिसियानी बिल्ली खंभा नोचे जैसी हालत बना रक्खे हैं। फिर भी किसी पर रत्ती भर भी बिगड़ैल घोड़े की दुलत्ती सा प्रभाव पड़ता नजर नहीं आया । इतना जरूर है कि स्वामी भक्ति के स्वर में स्वर मिलाने वाले अंधे लंगड़े काने कूबरे आदि फुटकर साथियों की सिट्टी-पिट्टी गुम दिखाई देने लगी है। इस लिए कि त्रिदेवों (ब्रह्मा विष्णु और महेश) के सुधा सिंचित स्नेहिल छत्र छाया में पाठकों का विश्वास जीतने वाला एक बड़ा अखबार का नेक ईमानदार जिला मुखिया नाराजगी जताते हुए अपनी घुमावदार शैली में इतना पेंच कसा कि बोल्ट मिस् तो नहीं हुआ लेकिन अकल ठिकाने जरूर दिखाई देने लगी है। जबकि अकल ठिकाने लगने वाली सौ प्रतिशत शुद्धता की गारंटी कोई नहीं ले सकता। लब्बोलुआब यही कि मांसाहारी जीवों से शाकाहारी जीव इन दिनों कुछ ज्यादा ही परेशान हैं। और चिर्राईन खबरों ने खूब हल्फा मचाया है। पाठकों की बढ़ती दूरी और पत्रकारिता से उठता विश्वास यह बताने को विवश है कि मीडिया की हौआ ने उदंत मार्तंड जैसी पत्रकारिता की हवा खराब करके रख दी है। निष्पक्ष निर्भीक और निर्विवाद पत्रकारिता की साख खराब करने वाले आज के दौर में तेजी से पनपता मतलबी पत्रकारिता का बीजांकुर पत्रकारिता का संतुलन बिगाड़ने में मददगार साबित होने लगा है।राष्ट्र का चौथा स्तंभ कही जाने वाली पत्रकारिता को बदनामी की चादर ओढ़ाया जाना लज्जा और अफसोस जनक है । सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म बेशक पत्रकारों की एक लंबी फौज खड़ा तो किया है। जिसके मुख्य उद्देश्य में सामाजिक बुराईयों का पदार्फाश, दबंगों द्वारा हो रहे शोषण , भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज मुखर करना,देश की आन वान शान पर आती आंच के खिलाफ कलमकारों की कलम को धार देना आदि शामिल हैं परंतु कुछ को छोड़कर अधिकांश लोग पत्रकारिता धर्म मार्ग से हटकर अनैतिकता के दल-दल में उतरकर चिंता का बिषय बन गए हैं ।सच को सच बयां करने की फीस,सही को गलत ठहराकर वसूलने की आदत आदि सब भी चिंतनीय बिषय है।

# मोदी सरकार की तमाम योजनाओं और प्रयासों के बावजूद गंगा मैली क्यों है?

गंगा की सफाई, उसे प्रदूषण मुक्त करने एवं नदियों के माध्यम से आर्थिक विकास, धार्मिक आस्था एवं पर्यटन की संभावनाओं को तलाशने की दृष्टि से वर्तमान उत्तर प्रदेश सरकार एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के तमाम प्रयासों के बावजूद गंगा आज भी मैली क्यों है? यह सवाल सरकार के नदियों को स्वच्छ बनाने के लिए लंबे समय से चल रही तमाम योजनाओं और कार्यक्रमों की पोल खोलते हैं। सरकार की ओर से घोषणाएं करने में शायद ही कभी कमी की जाती है, मगर उन पर अमल को लेकर कहां चूक या लापरवाही बरती जा रही है, इस पर गौर करना कभी जरूरी नहीं समझा जाता। सरकार यह समझे कि उसे केवल गंगा को साफ ही नहीं करना, बल्कि उसकी निर्मलता एवं अविरलता के लिये एक अनूठा उदाहरण भी पेश करना है। ऐसा करके ही देश की अन्य नदियों को भी प्रदूषणमुक्त करने की दिशा में सकारात्मक वातावरण निर्मित किया जा सकेगा। गौरतलब है कि गंगा नदी पर अधिकार संपन्न कार्यबल यानी ईटीएफ की पिछले महीने हुई ग्यारहवीं बैठक में यह जानकारी भी सामने आई कि उत्तरकाशी में सुरंग के निर्माण के कारण इसके मलबे को गंगा नदी के किनारे डाल दिया गया। सरकार की अन्य विकास योजनाएं ही गंगा का प्रदूषित करने का जब जरिया बन रही है तो इसी गंगा नदी एवं अन्य नदियों में उद्योगों से विभिन्न रसायन, चीनी मिल, भट्टी, ग्लिस्रिन, टिन, पेंट, साबुन, कताई, रेयान, सिल्क, सूत, प्लास्टिक थेलियां-बोतले आदि जहरीले कचरे बड़ी मात्रा में मिलते हैं, तो कोई आश्चर्य की बात नहीं है।

गंगा कायाकल्प का दृष्टिकोण अविरल धारा (सतत प्रवाह), निर्मल धारा (प्रदूषणरहित प्रवाह) को प्राप्त करके और भूगर्भीय और पारिस्थितिक अखंडता को सुनिश्चित करके नदी की अखंडता को बहाल करने की समग्र योजना और रखरखाव के बावजूद गंगा लगातार प्रदूषित हो रही है। जबकि सरकार क्रॉस-सेक्टोरल सहयोग को प्रोत्साहित करने वाली नदी बेसिन रणनीति को लागू करके गंगा नदी के प्रदूषण को समाप्त करने और पुनरोद्धार को सुनिश्चित करने की दिशा में काम कर रही है। यह पानी की गुणवत्ता और पारिस्थितिक रूप से जिम्मेदार विकास को बनाए रखने की दृष्टि से गंगा नदी में न्यूनतम जैविक प्रवाह भी सुनिश्चित करता है। इन बहुआयामी योजनाओं के



बावजूद गंगा स्वच्छता अभियान अब तक कहां पहुंचा है, इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि आज भी गंगा जैसी अहम नदी को स्वच्छ बनाने की कोई पहल करनी पड़ रही है। हालत यह है कि अलग-अलग मौके पर लागू दिशा-निदेर्शों के बावजूद कम से कम मलबा डालने पर भी रोक नहीं लगाई जा सकी है। प्रदूषित नालों से गन्दगी गंगा में लगातार डाली जा रही है। यह समझना मुश्किल नहीं है कि समस्या शायद योजनाओं या कार्यक्रमों की नहीं होगी, उनके अमल में बरती गई लापरवाही या फिर गड़बड़ियों की वजह से किसी बड़ी और बेहद महत्वपूर्ण पहलकदमी का भी हासिल शून्य हो सकता है।

अब एक बार फिर केंद्र सरकार ने गंगा नदी के किनारे मलबा डाले जाने या गांवों का गंदा पानी नदी में गिराने से प्रदूषण का स्तर बढ़ने पर संज्ञान लिया है। इसके तहत सरकार नदी किनारे स्थित चार हजार गांवों से निकलने वाले लगभग चौबीस सौ नाले को चिन्हित करके इनकी जियो टैगिंग करेगी। सरकार इनसे ठोस कचरा प्रवाहित होने से रोकने के लिए एक एरेस्टर स्क्रीन लगाएगी। यह गंगा नदी में अलग-अलग वजहों से होने वाले प्रदूषण को रोकने के अलावा किया जा रहा उपाय है। अब यह उम्मीद की जा सकती है कि इसके जरिए मानव सभ्यता के लिए एक बेहद जरूरी नदी में फिर से जीवन भर सकेगा। वास्तव में गंगा एक संपूर्ण संस्कृति की वाहक रही है, जिसने विभिन्न साम्राज्यों का उत्थान-पतन देखा, किंतु गंगा का महत्व कम नहीं हुआ। आधुनिक शोधों से यह भी प्रमाणित हो चुका है कि गंगा की तलहटी में ही उसके जल के अद्भुत और चमत्कारी होने के कारण मौजूद हैं। यद्यपि औद्योगिक विकास ने गंगा की गुणवत्ता को दूषित किया है, किन्तु उसका महत्व यथावत है। उसका महात्म्य आज भी सर्वोपरि है। गंगा स्वयं में संपूर्ण संस्कृति है, संपूर्ण तीर्थ है, उन्नत एवं समृद्ध जीवन का आधार है, जिसका एक गौरवशाली इतिहास रहा है। एक ज्वलंत सवाल और होना चाहिए कि गंगा नदी को स्वच्छ बनाने के लिए दशकों से लागू गंगा कार्ययोजना या नमामि गंगे जैसे महत्वाकांक्षी कार्यक्रम और अन्य नीतियों के बावजूद आज भी इतनी बड़ी तादाद में ठोस कचरा या अन्य तरह की गंदगी बहाने वाले नालों पर कैसे रोक नहीं लग सकी? भारत में मुख्य नदी खासतौर से गंगा भारतीय संस्कृति और विरासत से अत्यधिक गहरे रूप में जुड़ी हुई है। मार्च, 2017 में उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ सरकार ने सत्ता में आने के बाद गंगा की स्वच्छता और निर्मलता सुनिश्चित करने के मोदी सरकार के लक्ष्य को आवश्यक गति और दिशा दी। अप्रैल, 2017 में कानपुर व कन्नौज में स्थित चमड़े के कारखानों को समयबद्ध योजना के तहत अन्यत्र स्थानांतरित करने की घोषणा की गई और औद्योगिक कचरे व अपशिष्ट पदार्थों के गंगा में मिलने से रोकने हेतु जलशोधन संयंत्र लगाने की योजना पर कार्य प्रारंभ किया गया। गंगा किनारे के गांवों में शौचालय निर्माण पर जोर देकर खुले में शौच पर रोक लगाने की दिशा में काम शुरू किया गया। नमामि गंगे परियोजना व स्वच्छ गंगा हेतु राष्ट्रीय मिशन के अंतर्गत प्रदेश में गंगा किनारे के 1,604 गांवों में 3,88,340 शौचालयों का निर्माण करवाकर उन्हें खुले में शौच से मुक्त गांव घोषित किया गया और नदी किनारे एक करोड़ 30 लाख पौधों का रोपण किया गया। गंगा को निर्मल बनाने के लिए घाट, मोक्षधाम, बायो डायवर्सिटी आदि से जुड़े 245 प्रोजेक्ट पर तेजी से काम हो रहा है। गंगा की 40 सहायक नदियों में प्रदूषित जल का प्रवेश रोकने के लिए दिल्ली, उत्तर प्रदेश, बिहार में 170 परियोजनाओं पर काम चल है। एक और राहत की खबर जो उम्मीद की किरण बन कर सामने आयी है कि गंगा में विषाक्त कचरा उड़ेलने वाली औद्योगिक इकाइयों में कमी आ रही हैं।

# काशी में गंगा घाटों पर चलाया गया स्वच्छता अभियान



वाराणसी। गंगा की अविरल धारा को स्वच्छ एवं निर्मल बनाने के लिए स्थानीय प्रशासन एवं विभिन्न सरकारी, गैर सरकारी संगठन एवं स्थानीय लोग आगे आकर गंगा की स्वच्छता में अपना योगदान देते हैं उसी कड़ी में आज जीवनदायिनी माँ गंगा और उसके आसपास के घाटों को स्वच्छ करने के लिए एनडीआरएफ वाराणसी, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी, जल पुलिस और नगर निगम के सदस्यों ने बढ़-चढ़कर गंगा की स्वच्छता और घाटों की साफ-सफाई में अपना योगदान दिया` यह कार्यक्रम दशाश्वमेध घाट, प्रयाग घाट, डॉ राजेंद्र प्रसाद घाट, शीतला घाट, अहिल्याबाई घाट आदि प्रमुख घाटों पर चलाया गया जहां पर श्रद्धालुओं का आगमन बड़ी संख्या में होता है सभी एजेंसियों ने घाटों एवं गंगा जी में उतर कर कचरे को साफ किया इसके साथ ही घाटों पर स्नान-ध्यान करने आए लोगों को घाटों पर स्वच्छता बनाए रखने का संदेश भी दिया` टीमों द्वारा स्थानीय लोगों से अपील की गई कि मोक्षदायिनी गंगा में डुबकी लगाने लाखों श्रद्धालु इतनी आस्था से देश-विदेश से घाटों पर आते हैं और काशी की सुंदर एवं अलौकिक छवि साथ लेकर जाते हैं इसके लिए हम सभी का कर्तव्य है कि हम गंगा एवं घाटों को स्वच्छ एवं निर्मल रखें और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें` आज के स्वच्छता अभियान में जिलाधिकारी एस. राजलिंगम, पुलिस कमिश्नर मुथा अशोक जैन,अतरिक्त पुलिस आयुक्त श्री एस. चिनप्पा, एनडीआरएफ के द्वितीय कमान अधिकारी श्री असीम उपाध्याय एवं उनकी टीम, जल पुलिस प्रभारी और नगर निगम के कर्मचारियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया और स्वच्छता के इस अभियान में अपना सफल योगदान दिया।

# एक जून को होगा स्वनिधि महोत्सव का आयोजन, उपलब्ध कराया जायेगा ऋण

चंदौली। पीडीडीयु नगर, पी एम स्वनिधि योजना के तीन वर्ष पूरे होने पर स्वनिधि महोत्सव का आयोजन नगर पालिका इंटर कालेज में एक जून, 2023 को पूर्वान्ह 11 बजे से किया जायेगा । अपर जिलाधिकारी उमेश कुमार मिश्र ने बताया कि शासन स्तर से स्वनिधि महोत्सव के सम्बन्ध में विस्तृत दिशा निर्देश जारी किये गए हैं इस पर विस्तृत चर्चा के लिए मुख्यालय पर अधिकारियों के साथ बैठक की गयी और महोत्सव को भव्य रूप से आयोजित करने के लिए सार्थक प्रयास किये जाने के निर्देश दिए। बैठक में पी ओ डूडा संजय मौर्य ने बताया कि महोत्सव के आयोजन के दौरान प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय ऋण के लंबित आवेदनों को स्वीकृत और वितरित कराने के साथ साथ वेंडरों को डिजिटल लेनदेन के लाभ से अवगत कराते हुए इन एक्टिव वेंडरों को सक्रिय करने का प्रयास किया जायेगा। इस अवसर पर समय से अपने ऋण को चुकता करने वाले और डिजिटल लेनदेन करने वाले वेंडरों को सम्मानित किया जायेगा। इस अवसर पर वेंडरों के परिवारों को महोत्सव में भाग लेने के पी एम जीवन ज्योति बीमा योजना, पी एम सुरक्षा बीमा योजना, पी एम जन धन योजना, श्रमयोगी मानधन योजना, मात्री वन्दना योजना, जननी सुरक्षा योजना, वन नेशन वन राशन कार्ड योजना आदि योजनाओं के स्टाल सम्बन्धित विभागों द्वारा नोडल अधिकारियों की देखरेख में लगाये जायेंगे। इसके अलावा निःशुल्क चिकित्सा शिविर भी लगाया जायेगा। महोत्सव में बचत समूहों एवं वेंडरों द्वारा विभिन्न सामानों एवं व्यंजनों के स्टाल लगाये जायेंगें और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन होगा। अपर जिलाधिकारी द्वारा सभी विभागों एवं जन सामान्य से इस महोत्सव में बढचढ कर हिस्सेदारी की अपील की है। बैठक में सभी अधिशासी अधिकारी, अग्रणी जिला प्रबन्धक, विभिन्न विभागों के अधिकारी, टाउन वेंडिंग कमेटी के सदस्य एवं अध्यक्ष, फल सब्जी व्यवसायी संघ, शहर मिशन प्रबन्धक एवं सामुदायिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### अंतराष्ट्रीय मानवाधिकार के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनें अमित तिवारी



प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार अपराध नियंत्रण संगठन नई दिल्ली के अंतरराष्ट्रीय चेयरमैन पंडित मोहित नवानी ने अमित कुमार तिवारी को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मनोनीत किया है अमित तिवारी ने विश्वास व्यक्त करने के लिए चेयरमैन का आभार व्यक्त किया और कहा संगठन के द्वारा नई जिम्मेदारी का निर्वहन पूरी ईमानदारी व निष्ठा से करुगा` संपूणानंद पांडेय ने कहा की अमित जी एक कर्मठ और ईमानदार इंसान है संगठन को ऐसे व्यक्ति की जरूरत है जो राष्ट्रीय स्तर पे लोगो की समस्या का समाधान करे इस अवसर पर संगठन के राष्ट्रीय समन्वयक अजय मिश्रा, सम्पूर्णानन्द पाण्डेय उत्तर प्रदेश प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. हरकेश तिवारी, डा. राजेश कुमार त्रिपाठी, डा. आशुतोष द्विवेदी राजू चौबे कैलाश चन्द्र पाण्डेय आदि ने बधाई दी।

### सिरफिरे भाई ने फावड़े से बहन को उतारा मौत के घाट



प्रखर जौनपुर। जिले के सुजानगंज थाना क्षेत्र स्थित सराय भोगी गांव में गुरुवार की सुबह एक सिरफिरे भाई ने फावड़ा से प्रहार कर अपनी सगी बहन को मौत के घाट उतार दिया। जब तक शोर सुनकर घर के अन्य सदस्य पहुंचते तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। सरायभोगी निवासी श्रद्धा (17) पुत्री स्व. नन्हकूराम पटेल सुबह करीब छह बजे घर के बाहर बर्तन साफ कर रही थी। कुछ ही दूरी पर उसका भाई पवन जो मानसिक रूप से कमजोर है वह फावड़ा लेकर टहल रहा था। अचानक उसने अपनी बहन श्रद्धा पटेल पर फावड़े से हमला कर दिया। उसने श्रद्धा के ऊपर कई वार किया जिससे उसकी मौत हो गई। मौके पर पुलिस पहुंचकर शव को लेकर थाने आई। मृतक के परिवार में उसकी माता और एक छोटा भाई और है। मृतक श्रद्धा के दो भाई हैं जिसमें आरोपी बड़ा है जबकि एक छोटा भाई है। श्रद्धा कक्षा बारहवीं की छात्रा थी। इकलौती बहन होने के नाते घर का सब कामकाज भी करती थी। माता सावित्री की हालत खराब है। थाने पर माता सावित्री ने तहरीर दी जिसमें आरोप लगाया कि उसका बड़ा बेटा मानसिक रूप से विक्षिप्त है। उसी ने बेटी को फावड़े से काटकर मार डाला। प्रभारी निरीक्षक सुजानगंज सैय्यद हुसैन मुंतजर ने बताया कि आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। आरोपी मानसिक रूप से विक्षिप्त है। शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

### पूर्वोत्तर रेलवे श्रमिक संघ वाराणसी मंडल द्वारा श्री शेख समीउर्रहमान,मंडल रेल प्रबंधक वाणिज्य वाराणसी के पद पर कार्यभार ग्रहण करने पर पुष्प गुच्छ देकर किया गया स्वागत



प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। पूर्वोत्तर रेलवे श्रमिक संघ वाराणसी मंडल द्वारा श्री शेख समीउर्रहमान,मंडल रेल प्रबंधक वाणिज्य वाराणसी के पद पर कार्यभार ग्रहण करने पर बधाई और शुभकामना हेतु पुष्प गुच्छ देकर उनका स्वागत किया गया इस दौरान भारतीय मजदूर संघ उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष विशेश्वर राय, पूर्वोत्तर रेलवे श्रमिक संघ के मंडल मंत्री हरि नारायण शर्मा, संगठन मंत्री विकास केशरी, सहायक मंडल मंत्री डी.के. शर्मा, आशुतोष दूबे, सर्वेश मौर्या, यशवंत यादव, अनीस राय, राहुल यादव, सुरेन्द्र यादव आदि उपस्थित रहे।

### मुख्यमंत्री पंचायत प्रोत्साहन पुरस्कार लेने पांच ग्राम प्रधान लखनऊ रवाना सम्मानित ग्राम प्रधानों का शनिवार को होगा स्वागत

वाराणसी। वाराणसी जिले में स्थित ग्राम पंचायतों में हो रहे विकास कार्यों विकास कार्यों को देखते हुए मुख्यमंत्री पंचायत प्रोत्साहन पुरस्कार के लिए चयनित पांच ग्राम प्रधानों को प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के द्वारा शुक्रवार को लखनऊ में स्थित इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान के जुपिटर हाल में प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के द्वारा पुरस्कार वितरित किया जाएगा` जिसके तहत गुरुवार को सेवापुरी के भी भीषमपुर के ग्राम प्रधान राकेश सिंह व जगापट्टी के ग्राम प्रधान घनश्याम सिंह, पिंडरा ब्लॉक के रसूलपुर के ग्राम प्रधान कैलाश यादव, भोपतपुर के ग्राम प्रधान मनीष पांडेय तथा चोलापुर के ववियांव के ग्राम प्रधान शामिल है मुख्यमंत्री द्वारा पुरस्कार मिलने की खबर पर ग्रामीणों व क्षेत्र के लोगों में खुशी की लहर दौड़ पड़ी` इस कार्य के लिए क्षेत्र के लोगों ने प्रदेश सरकार व जिले के अधिकारियों को ह्रदय से आभार व्यक्त करते हुए बधाई दी है।

### जौनपुर की चयनित मिस यूपी खुशबू प्रजापति को दी गई प्रोत्साहन राशि

जौनपुर। शहर के एक होटल में द मर्सी क्लब ने एक कार्यक्रम में जौनपुर की अलग अलग संस्थाओं से अपने अपने क्षेत्र में प्रतिभाओं के धनी लोगो को सम्मानित किया गया ,जिसमे जौनपुर की चयनित मिस यूपी खुशबू प्रजापति को भी आगे अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने के लिए द मर्सी क्लब जौनपुर की तरफ से पांच हजार रुपए प्रोत्साहन राशि के रूप में प्रदान किया गया । जिसमे मुख्य रूप से उपस्थित क्लब चेयरमैन एजाज अहमद ने कहा कि ऐसी प्रतिभाओं को आगे आने के लिए क्लब सहयोग करती रहेगी उक्त अवसर पर जिला प्रवक्ता रियाजुल हक ने कहा की विभिन्न संस्थाओं को जौनपुर की प्रतिभाओं को विश्व पटल पर लाने के लिए जाति और धर्म से ऊपर उठकर उनकी मदद को आगे आने चाहिए , क्लब सदस्य पवन प्रजापति ने कहा कि प्रतिभाओं का समय समय पर सम्मान करते रहना चाहिए ताकि उनका हौसला आफजाई होता रहे उक्त अवसर पर मीरू अहमद, रतन लाल मौर्या, डा अकील अहमद, राजेश सिंह आदि लोग मौजूद रहे।



# प्रतियोगी परीक्षा में मेधावी बच्चों को किया गया पुरस्कृत



इलिया। चंदौली। ग्राम पंचायत सरैया के प्रांगण में पुण्यश्लोक राजमाता देवी अहिल्या बाई होल्कर की 298 वीं जयंती के अवसर पर बुधवार को ग्रामीण समाज के बच्चों के शैक्षिक उत्थान के लिए शिक्षा प्रोत्साहन समिति सरैया द्वारा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा 1 से 8 तक के बच्चों के लिए चित्रकला, सामान्य ज्ञान का पिछले दिनों आयोजित प्रतियोगी परीक्षा में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले में विजेता मेधावियों को पेन, डायरी, स्मृति चिन्ह तथा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उप जिलाधिकारी ज्वाला प्रसाद की अनुपस्थिति में विशिष्ट अतिथि प्रो0 अखिलेश पाल विभागाध्यक्ष विज्ञान संस्थान बी एच यू वाराणसी, अविनाश भूषण (सहायक कमांडेंट सीआरपीएफ चकिया), अजीत पाल (खंड शिक्षा अधिकारी चंदौली) द्वारा विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ राजमाता देवी अहिल्या बाई होल्कर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करके किया गया।

# भाजपा सरकार मदरसे की शिक्षण व्यस्था को दुरुस्त कर रही है

खेतासराय (जौनपुर)। यूपी मदरसा परिषद के चेयरमैन डॉ इफ्तिखार अहमद जावेद गुरुवार को जिले में मदरसे का निरीक्षण करने पहुँचे । खेतासराय इलाके के एक मदरसे का निरीक्षण किया । सम्भ्रांत लोगों से मुलाकात भी किया । कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मदरसे में दी जाने वाली तालीम को आधुनिक बनाना चाहते है । हालांकि जौनपुर जनपद में एडेड मदरसों की संख्या कुल सत्तरह है । सूबे के मदरसों में सिक्षा का माहौल बनाने के लिए बोर्ड के चेयरमैन दौरा कर रहे है। तय कार्यक्रम से लगभग एक घण्टे देरी से मदरसा दर्सगाह इस्लामी मारूफपुर में निरीक्षण किया। लाइब्रेरी, कक्ष और मदरसा कैम्पस का जायजा लिया । इस दौरान चेयरमैन श्री जावेद ने लोगों को सम्बोधित भी किया । कहा कि मुख्य धारा में आने के लिए दीनी तालीम के साथ दुनियावी तालीम बहुत ही आवश्यक है । यूपी सरकार मदरसे में अच्छी शिक्षा के लिए कटिबद्ध है।

वही सुम्बुलपुर में समाजसेवी हाफिज खुर्शीद अहमद के आवास पर मीडियाकर्मियों के सवालों का जवाब दिये । कहा कि बीजेपी सरकार मदरसे की शिक्षण व्यस्ता को दुरुस्त करना चाहती है, पूरे सूबेभर में सरकार ने नजदीक से जायजा लिया है । पूर्व की सरकारों ने इस पर ध्यान नही दिया है । मदरसा बोर्ड के शिक्षकों की बकाए वेतन पर कहा कि यह हमारे अधिकार क्षेत्र में नही है । मदरसा बोर्ड में यूजी और पीजी स्तर की कामिल और फाजिल की डिग्री के बाबत कहा कि इन डिग्री धारकों के लिए विश्वविद्यालयों से मंजूरी के लिए सरकार की वार्ता जारी है । एक सवाल के जवाब में कहा कि बोर्ड की डिग्री से पासपोर्ट के वेरिफिकेशन में कोई समस्या नही है । इस अवसर पर प्रमुख रूप से डीएमओ केके मौर्या, पत्रकार हलीम सिद्दीकी, मौलाना राफे, अनवार अहमद कासमी, डॉ फखरुद्दीन कासमी, डॉ अबू अकरम समेत अन्य लोग शामिल रहे ।

# मोदी सरकार के 9 साल पूरे होने पर किया गया वरिष्ठ कार्यकर्ता संवाद व सहभोज बैठक



प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। केन्द्र सरकार का प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के 9 साल पुर्ण होने पर भाजपा वरिष्ठ कार्यकर्ता संवाद, सहभोज बैठक आज वृहस्पतिवार को गाजीपुर सदर विधानसभा के महाराजगंज में जिलाध्यक्ष भानुप्रताप सिंह कि अध्यक्षता में हुई। बैठक को सम्बोधित करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष सपना सिंह ने कहा कि भाजपा के सब दिन के साथियों कि आवश्यकता तथा उपयोगिता सदैव प्रासंगिक है। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ कार्यकताओं के त्याग, तपस्या, बलिदान और संघर्ष का परिणाम है कि आज भाजपा विश्व कि सबसे बड़ी पार्टी है। जिलाध्यक्ष भानुप्रताप सिंह ने कहा कि समर्पित, संकल्पित तथा संघर्ष भाव को लेकर भाजपा के लिए अपना पुरा जीवन खपा देने वाले पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता जिनका सदैव यह उद्देश्य रहा कि भारतीय जनता पार्टी परम वैभव पर स्थापित हो उनका संघर्ष सफल हुआ है। जिन उद्देश्यों को लेकर पार्टी का गठन तथा आप सबने संघर्ष किया वह संघर्ष आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व मे सफलता के शीर्ष पर पार्टी की सोच और सपनों को साकार कर रहा है। लोकसभा संयोजक कृष्ण बिहारी राय ने कहा कि भाजपा राष्ट्रीय संस्कृति के पुनरोत्थान के साथ साथ देश के सर्वांगीण विकास को बढ़ावा देते हुए जन कल्याण को लक्ष्य लेकर कार्य कर रही है। जिसके परिणामस्वरूप आज देश कि बुनियादी समस्याएं समाप्त और आवश्यकताएं पूरी हो रही है। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष भानुप्रताप सिंह एवं भाजपा पदाधिकारियों ने वरिष्ठ कार्यकताओं का माल्यार्पण कर अंग वस्त्र ओढ़ाकर सम्मानित किया और बैठक समाप्ति पर सहभोज भी हुआ। आगंतुकों के प्रति आभार धन्यवाद अच्छेलाल गुप्ता ने तथा संचालन जिला महामंत्री प्रवीण सिंह ने किया। इस अवसर पर बैठक को सुरेश बिंद, गिरजा शंकर पाण्डेय, अवधेश दूबे, श्यामसुंदर अग्रवाल, निर्गुण दास केशरी, अमरनाथ दुबे, राजकिशोर जायसवाल, जिला मीडिया प्रभारी शशिकान्त शर्मा, सुरेश बिंद, गोपाल राय, रासबिहारी राय, सुनील गुप्ता, विनीत शर्मा, मुरली कुशवाहा सहित आदि अन्य लोग उपस्थित रहे।

# भारती कैंप के माध्यम से हुआ सुरक्षा सैनिक एवं सुपरवाइजर का चयन



प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। रजनीश राय, कमान्डेंट, क्षेत्रीय प्रशिक्षण केन्द्र जौनपुर द्वारा एस.एस.सी.आई., एस.आई.एस. सुरक्षा एजेंसी के माध्यम से विकास खण्ड बाराचवर में 100 लाभार्थियों द्वारा आवेदन प्राप्त हुआ जिसमें से 40 एवं विकास खण्ड मनिहारी में 200 आवेदन प्राप्त हुए 70 लाभार्थियों का चयन कर रोजगार प्रदान किया गया। उन्होने बताया कि सुरक्षा सैनिक एवं सुरक्षा सुपरवाइजर भर्ती चयन कार्यक्रम हेतु भारतीय सुरक्षा दक्षता परिषद के सौजन्य से एस.आई.एस के संयुक्त तत्वाधान में भर्ती कैंप का आयोजन लागातार जनपद गाजीपुर के विकास खण्डो में किया जा रहा है। उन्होने जनपद गाजीपुर के बेरोजगार लाभार्थियों से भी अपील किया कि ज्यादा से ज्यादा इस कैम्प तक पहुचकर अपनी प्रतिभा के साथ रोजगार प्राप्त करे। यही सरकार की मंशा है हम आपके पास चल कर आये है आपभी अपने कदम को आगे बढ़ाते हुए तिथिवार ब्लाक स्तरीय कैम्प आयोजन पर पहुचे। ग्रामीण व शहरी शिक्षित बेरोजगार अभ्यर्थियों को रोजगार प्रदान करने हेतु सिक्योरिटी स्किल काउंसिल ऑफ इंडिया लिमिटेड द्वारा भर्ती कैंप जिले के विकासखण्डो में तिथिवार शिविर का आयोजन जा रहा है। एक ब्लाक स्तर पर दो दिवसयी कैम्प का अयोजन किया जायेग जिसक्रम में 02 व 03 जून 23 को करण्डा एवं मुहम्मदाबाद में, किया जायेगा। शिविर का आयोजन समय 10:00 बजे से 03:00 बजे तक रहेगा। डिप्टी कमान्डेंट रजनीश राय, ने बताया कि बेरोजगारों को रोजगार से जोड़ने के लिए सरकार की मुहिम को साकार करने के लिए कोविड-19 की गाइडलाइन की पालन, सोशल डिस्टेंसिंग को ध्यान में रखकर और मास्क लगाकर, इच्छुक बेरोजगार अभ्यर्थी जिनकी योग्यता सुरक्षा जवान हेतु 10वीं पास, उम्र 21 से 37 वर्ष, लंबाई 168 सेंटीमीटर एवं सुपरवाइजर हेतु 12वीं पास उम्र 21 से 37 लंबाई 170 सेंटीमीटर, आवेदन कर सकते हैं। आवेदन के साथ पात्रता हेतु दो पासपोर्ट साइज फोटो, हाईस्कुल की मार्कशीट की फोटो कॉपी एवं आधार कार्ड की फोटो कॉपी के साथ उपस्थित रहेगे उसके उपरान्त लाभार्थियों के चयन के उपरान्त 350 रुपए का फार्म भरने हेतु आनलाईन के माध्यम से भुगतान करना होगा। अधिक जानकारी के लिए मो. भर्ती अधिकारी प्रदीप दूबे, 9984906165 से सम्पर्क कर सकते है।

# बेखौफ बदमाशों ने स्कूल प्रबंधक सहित तीन लोगों पर धारदार हथियारों से किया हमला



जौनपुर। शाहगंज थाना क्षेत्र के श्रीराम मोहल्ला निवासी शान्ति प्रकाश के पुत्र चंचल जायसवाल अयोध्या मार्ग स्थित सेन्ट जार्ज स्कूल के प्रबंधक व एक चैनल के पत्रकार भी है, जो बुधवार की शाम अपने विद्यालय के कार्यालय में एक अध्यापक मित्र संतोष कुमार पुत्र राम अधार 40 वर्षीय निवासी बंजारेपुर सर्की थाना केराकत व विद्यालय का एक कर्मी अंशदीप गौतम के साथ बैठ कर कुछ काय कर रहे थे, कि एक युवक एवं युवती ऐडमिशन के लिए आए जिनसे चंचल जायसवाल अपने कार्यालय में बात कर रहे थे कि विद्यालय के पिछले गेट से घुसे आधा दर्जन से अधिक संख्या में हौसला बुलंद बदमाशों ने विद्यालय के मुख्य गेट को बंद करने के बाद कार्यालय में पहुँच चंचल जायसवाल व अध्यापक संतोष, स्कूल कर्मी अंशदीप पर अचानक धारदार हथियार से हमला करने लगे। यह घटना को देख स्कूल कर्मी अंशदीप अपने आपको किसी तरह बचाते हुए उपर छत की तरफ भाग निकला जिसके कारण उसकी वह उन बदमाशों के हमले से बच गया। यही नहीं अंशदीप ने बड़ी ही सूझबूझ के साथ चंचल जायसवाल के परिजनों, दोस्तों समेत पड़ोसियों को जानलेवा हमले की सूचना दिया। किन्तु जब तक लोग स्कूल पहुँचे सभी बदमाश घटना को अंजाम देकर बड़ी आसानी से फरार हो गए। जाते जाते बदमाशों ने स्कूल में लगे सीसीटीवी फुटेज के कैमरे को तोड़ दिया और कैमरे में जो वीडियो रिकार्ड होता है वह डीवीआर अपने साथ उठा ले गए। हौसला बुलंद बदमाशों द्वारा हमले में पत्रकार सहित घायलों को इलाज के लिए राजकीय पुरुष अस्पताल लाया गया, जहां पत्रकार और उसके एक साथी की गंभीर स्थिति देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। वहीं जिला अस्पताल पहुँचे घायलों को चिकित्सक द्वारा ट्रामा सेंटर वाराणसी रेफर किया गया।

**जांच पड़ताल में जुटी पुलिस**– घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की जांच में जुटी, वहीं उक्त घटना के संबंध में कार्यवाहक क्षेत्राधिकारी देवेश सिंह ने बताया की मामला संज्ञान में आया है जांचकर उचित कार्रवाई की जा रही है। बताया गया कि उक्त घटना की सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने स्कूल के सामने लगे गेट को किसी तरह तोड़कर दोनों घायलों को अस्पताल पहुंचाया।

फिलहाल गम्भीर रूप से घायल पत्रकार और उसके साथी को चिकित्सकों ने गंभीर स्थिति देखते हुए ट्रामा सेंटर वाराणसी रेफर किया। वही विद्यालय के कर्मी अंशदीप का प्राथमिक उपचार कराने के बाद पुलिस उससे पूछताछ में जुटी है।

**बदमाशों को गिरफ्तार करने के लिए चार टीमों का गठन किया गया : एसपी सिटी**– वहीं उक्त घटना से सम्बन्धित एसपी सिटी बृजेश कुमार गौतम ने बताया की चंचल जायसवाल जो सेंट जार्ज स्कूल के प्रबंधक और वह एक चैनल के रिपोर्टर भी है जो अपने स्कूल के अध्यापक संतोष व स्कूल कर्मी अंशदीप के साथ स्कूल में बैठे हुए थे की लगभग आधा दर्जन दबंग बदमाश स्कूल में घुसकर जान से मारने की नियत से सभी पर धारदार हथियार व चाकूओं से ताबड़तोड़ हमला कर कर घायल कर दिया है जिसके सम्बन्ध में तहरीर प्राप्त हुई हैं मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की जा रही। उक्त घटना के आरोपितों की धर पकड़ के लिए चार टीमों का गठन किया गया है।



# आमिर खान ने फिल्मों में वापसी पर दिया बड़ा बयान

बॉलीवुड के मिस्टर परफेक्शनिस्ट आमिर खान पिछले साल रिलीज हुई फिल्म लाल सिंह चड्ढा के बाद से बड़े पर्दे से नदारद हो गए हैं। दरअसल आमिर खान और करीना कपूर स्टारर यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर बुरी तरह से फ्लॉप हुई थी, जिसका आमिर को बड़ा झटका लगा था क्योंकि यह फिल्म एक्टर का ड्रीम प्रोजेक्ट था। इस फिल्म के पिटने के बाद आमिर खान ने कुछ समय के लिए फिल्मों से ब्रेक लेने का फैसला कर लिया था। हालांकि हाल ही में एक्टर आमिर खान गिप्पी ग्रेवाल और सोनम बाजवा के साथ फिल्म कैरी ऑन जट्टा 3 की स्क्रीनिंग पर पहुंचे। इस दौरान जब एक्टर से फिल्मों में वापसी करने को लेकर सवाल किया गया तो एक्टर ने बताया कि फिल्हाल वह किसी भी फिल्म के लिए तैयार नहीं हैं। मैंने अभी तक कोई फिल्म करने का फैसला नहीं किया है। मैं अभी अपने परिवार के साथ समय बिताना चाहता हूं। मैं इसके बारे में अच्छा महसूस कर रहा हूं क्योंकि मैं अभी यही करना चाहता हूं। जब मैं भावनात्मक रूप से तैयार हो जाऊंगी, तो मैं निश्चित रूप से फिल्म करूंगा।



# फिल्मों में किसिंग सीन करने से डरती हैं सोनम बाजवा

सोनम बाजवा ने साल 2013 में पंजाबी फिल्म बेस्ट ऑफ लक से डेब्यू किया था। इसके बाद वह हिंदी इंडस्ट्री में भी पॉपुलर हो गईं। इस साल जुलाई में उनको इंडस्ट्री में 10 साल पूरे होने जा रहे हैं। इस मौके पर एक्ट्रेस ने एक इंटरव्यू दिया है। उसमें उन्होंने बताया कि कैसे वह बॉलीवुड के कई रोल्स को रिजेक्ट कर चुकी हैं। क्योंकि वह हिचकिचा रही थीं कि पंजाबी दर्शक कैसे रिएक्ट करेंगे। सोनम ने बताया कि वह ऐसी फिल्म करने के लिए राजी नहीं हुईं जिसमें किसिंग सीन था। क्योंकि वह अपने परिवार सहित लोगों को निराश नहीं करना चाहती थीं। सोनम बाजवा ने साल 2014 में फराह खान की आई मूवी हैप्पी न्यू ईयर में मोहिनी के रोल के लिए ऑडिशन दिया था। जो बाद में दीपिका पादुकोण के पाले में चला गया था। इसके अलावा इन्होंने 2019 में आई आयुष्मान खुराना की फिल्म बाला और 2020 में रिलीज हुई फिल्म स्ट्रीट डांसर 3डी में नजर आई थीं। हालांकि इसमें इनका रोल छोटा था। मुंबई की रहने वाली सोनम ने फिर पंजाबी फिल्मों का रुख किया। हालांकि जब वो उस इंडस्ट्री के लिए शूटिंग नहीं करती हैं तो इसी मायानगरी में रहती हैं।

**किसिंग सीन से डरती हैं सोनम बाजवा**

दिए इंटरव्यू में सोनम बाजवा ने बताया, बॉलीवुड में मैंने कुछ चीजों को ना कहा है क्योंकि मैं कहती हूं कि अगर ये करूंगी तो क्या पंजाब के दर्शकों को ये सही लगेगा? क्योंकि हमारी मानसिकता ऐसी हो गई है कि परिवारवाले को ये सही लगना चाहिए। परिवारवालों को भी देखना चाहिए। उसके बाद से मैं फिल्मों में किसिंग सीन करने से डरती हूं। क्योंकि मुझे लगता था कि लोग इस पर कैसे रिएक्ट करेंगे। इसलिए तब से मैं फिल्मों में किसिंग सीन करने से डरती हूं। क्योंकि मैं सोचती हूं कि लोग कैसे रिस्पॉन्ड करेंगे। उन्होंने मुझे बनाया है और उनकी वजह से ही आज मैं हूं। तो क्या मैं ऐसा कुछ करूंगी तो वो इससे खुद को जोड़ पाएंगे? क्या वो समझेंगे कि ये स्क्रिप्ट की डिमांड थी? क्या मेरी फैमिली समझेगी कि ये फिल्म के लिए था?।

Bollywood Update



# पहली मुलाकात में ही कैटरीना कैफ को दिल दे बैठे थे विक्की कौशल



विक्की कौशल और कैटरीना कैफ ने काफी समय तक एक दूसरे को डेट करने के बाद 2021 में शादी कर ली थी। हालांकि शादी से पहले दोनों में से किसी ने भी ऑफिशियली अपने रिलेशनशिप की अनाउंसमेंट नहीं की थी। अचानक से उनकी शादी की खबर और तस्वीरों ने उनके फैंस को जबरदस्त झटका दिया था। ये बात और है कि उनके अफेयर के रियूमर्स खूब चर्चा में थे। लेकिन क्या आप जानते हैं कि विक्की और कैटरीना की पहली मुलाकात कब और कहां हुई थी? विक्की और कैटरीना पहली बार एक अवार्ड शो में मिले थे। विक्की और कैटरीना की शादी के बाद शो से उनकी एक क्लिप काफी वायरल भी हुई थी। इस क्लिप में विक्की ने कैटरीना से कहा था, आप किसी अच्छे से विक्की कौशल को ढूंढ के शादी क्यों नहीं कर लेते? शादी का सीजन चल रहा है। दोनों की शादी के बाद जब दोनों की ये क्लिप वायरल हुई तो लोगों ने कहा कि ऐसा लगता है कि कैटरीना ने विक्की की बातों को काफी सीरियसली ले लिया। हालांकि ये इन दोनों की पहली मुलाकात थी।

**कैटरीना को शादी के लिए किया था प्रपोज**

इस वायरल वीडियो के बारे में विक्की कौशल ने खुलासा किया कि जो लाइन्स उन्होंने कैटरीना के लिए बोली थीं वे स्क्रिप्टेड थीं। विक्की कौशल को बस इतना पता था कि जो भी एक्ट्रेस स्टेज पर आए उसे ये बातें कहनी हैं और स्टेज पर आने वाली कैटरीना कैफ निकलीं। इस दौरान विक्की ने कैटरीना से उनसे शादी करने की पेशकश भी रखी थी। वहां सलमान खान भी मौजूद थे और उनका रिएक्शन नोट करने वाला था। वहीं इससे पहले जब कैटरीना से करण जौहर के चैट शो में पूछा गया कि वह स्क्रीन पर किसके साथ अच्छी दिखेंगी तो इसपर उन्होंने कहा था कि मुझे लगता है कि विक्की और मैं एक साथ अच्छे दिखेंगे, क्योंकि वह लंबा है। विक्की कौशल इन दिनों सारा अली खान के साथ अपनी अपकमिंग फिल्म जरा हटके जरा बचके के प्रोमोशन में व्यस्त हैं।

# बच्चे के जन्म से पहले इशिता ने किया गृह प्रवेश

मूवी दृश्यम फेम एक्ट्रेस इशिता दत्ता और वत्सल सेठ के घर जल्द ही बच्चे की किलकारी गूंजने जा रही है। अभिनेत्री शादी के 6 वर्ष





के उपरांत वत्सल के बच्चे को जन्म देने वाली है। अपने पहले बच्चे का स्वागत करने के लेकर कपल बहुत ही ज्यादा खुश है, इसके लिए दोनों खूब तैयारियां करने में लगे हुए है। बेबी के जन्म से पहले पेरेंट्स-टू-बी इशिता-वत्सल ने नए घर में गृह प्रवेश कर लिया है, इसकी झलकियां एक्ट्रेस ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर साझा की हैं इशिता ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक रील भी साझा कर दिया है, इसमें देखा जा सकता है कि एक्ट्रेस गृह प्रवेश के लिए तैयार होती दिखाई दे रही है। येलो साड़ी में इशिता अपना बेबी बंप भी फ्लॉन्ट करती हुई नजर आ रही है और बेहद खूबसूरत लग रही हैं। वह गुजराती परंपराओं के साथ कलश को रखती हैं और नए घर में सत्यनारायण की कथा और आरती की करती दिखाई दी।



# आयुष्मान खुराना के हाथ लगी सौरव गांगुली की बायोपिक

भारतीय क्रीकेट टीम के पूर्व कप्तान और दिग्गज बल्लेबाज सौरव गांगुली की बायोपिक को लेकर आए दिन कोई न कोई रिपोर्ट सामने आ रही है। इस बीच एक खबर सामने आई है जिसमें ये बताया गया है कि सौरव गांगुली की बायोपिक में बॉलीवुड एक्टर आयुष्मान खुराना नजर आने वाले हैं। रिपोर्ट्स की मानें तो मेकर्स ने उन्हें इसके लिए कास्ट कर लिया है। बीते दिनों खबर ये आई थी कि रणबीर कपूर, सौरव गांगुली की बायोपिक में नजर आने वाले हैं। हालांकि रणबीर ने एक इंटरव्यू में ये साफ किया था कि उन्हें इस बारे में कोई




जानकारी नहीं है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, लव फिल्म्स, सौरव गांगुली की बायोपिक को बनाने वाली है। इसके लिए मेकर्स लगातार एक्टर आयुष्मान खुराना से बातचीत कर रहे हैं। एक सूत्र ने इसके बारे में बताया, बीते कई महीनों से मेकर्स आयुष्मान के टच में है। अबतक कई बार इस बारे में बातचीत हो चुकी है। मेकर्स का मानना है कि आयुष्मान खुराना सौरव गांगुली का किरदार अच्छे से निभाने वाले हैं। सौरव गांगुली ने भी इस बायोपिक के लिए आयुष्मान की कास्टिंग को मंजूरी दे दी है।



# जानें कौन है अमर सिंह चमकीला जिनका किरदार निभा रहे हैं दिलजीत

अमर सिंह चमकीला एक ऐसा नाम है जिन्हें पंजाबी लोकगीत और अपनी बेहतरीन स्टेज परफॉर्मेंस के लिए जाना जाता है। चमकीला एक मशहूर पंजाबी सिंगर थे साथ ही साथ वह खुद ही अपने गाने लिखते



थे। ऐसे में अब इमतियाज अली अमर सिंह चमकीला पर फिल्म लेकर आ रहे हैं जिसमें दिलजीत दोसांझ मुख्य किरदार में दिखाई देंगे। नेटफ्लिक्स पर आने वाली इस फिल्म का टीजर रिलीज कर दिया गया है। ऐसे में आइए जानते हैं कि आखिर कौन है ये मशहूर पंजाबी लोकगीत गाने वाले अमर सिंह चमकीला। अमर सिंह चमकीला का जन्म 21 जुलाई 1960 को डुग्री गांव लुधियाना में हुआ था। पढाई पूरी करने के बाद वह इलेक्ट्रीशियन बनना चाहते थे, लेकिन उन्हें नौकरी एक कपड़े की मिल में मिली उन्हें संगीत का शौक था तो कुछ सालों में वह हारमोनियम और ढोलकी बजाना सीख गए। 18 साल की उम्र में उनका मिलना सुरेंद्र शिंदा से हुआ, तब सुरेंद्र को पता लगा कि अमर सिंह कितने प्रतिभाशाली थे, फिर सुरेंद्र और अमर ने एक साथ काम करना शुरू कर दिया और अमर सिंह ने अपने नाम के आगे चलकीला लगा लिया। चमकीला को 'Takue Te Takua' गाने से लोकप्रियता मिली। उन्होंने 365 दिन में 366 शोज परफ़ॉर्म किए थे। गुलजार सिंह शौंकी ने उनकी बायोग्राफ़ी 'आवाज मरदी नहीं' में भी इस फैक्ट का जिक्र किया है। माना जाता है कि 4000 रुपये लिया करते थे। पंजाब में अक्सर उनकी परफॉर्मेंस अखाड़ों में हुआ करती थीं, जहां वह अपने लिखे गानों को रिकॉर्ड करने से पहले लोगों को सुनाया करते थे।

**गोलियों से हुई हत्या**

1988 में जब चमकीला महसामपुर पंजाब में एक फरफॉर्मेंस देने जा रहे थे, उस दौरान बाइक सवार बदमाशों ने उन्हें गोलियों से छलनी कर दिया। चमकीना के साथ उनकी पत्नी की भी हत्या कर दी गई थी। उस वक्त चमकीला की उम्र मात्र 27 साल थी।

# पान मसाले का ऐड कर बुरे फंसे ये बॉलीवुड स्टार्स

बॉलीवुड के स्टार्स अलग-अलग वजह से सोशल मीडिया पर चर्चा में बने रहते हैं। कभी इन स्टार्स की फिल्म को लेकर चर्चा होती है, तो कभी इन स्टार्स की कोई फोटो वायरल हो जाती है। आज हम आपको उन स्टार्स के बारे में बताने वाले है, जो पान मसाला का एड करने पर सोशल मीडिया पर खूब ट्रोल हुए थे। इस लिस्ट में अक्षय कुमार, शाहरुख खान, सलमान खान और अजय देवगन जैसे स्टार्स का नाम शामिल है। इस लिस्ट में कई ऐसे नाम भी है, जिन्हें देखने के बाद आप हैरान हो जाएंगे।



**अजय देवगन**

बॉलीवुड के जाने-माने स्टार अजय देवगन अक्सर सोशल मीडिया पर पान मसाला ब्रांड के एड को लेकर ट्रोल होते रहते हैं। एक्टर को लेकर कई मीम्स भी वायरल होते है।



**टाइगर श्रॉफ**

टाइगर श्रॉफ भी पान मसाला का एड कर चुके है। इसके चलते सोशल मीडिया पर लोगों ने टाइगर श्रॉफ की क्लास लगी दी थी।

**अमिताभ बच्चन**

बॉलीवुड के सुपरस्टार अमिताभ बच्चन को भी पान मसाला का एड करना काफी भारी पड़ा था। अभी हाल ही में अमिताभ बच्चन रणवीर सिंह के साथ पान मसाला एड में नजर आए थे। जिसको लेकर वो काफी ट्रोल हुए।

**शाहरुख खान**

शाहरुख खान को बॉलीवुड एक्टर अजय देवगन के साथ पान मसाला एड में देख लोग हैरान हो गए थे। किंग का ये एड उनके कई फैंस को एकदम पसंद नहीं आया था।

**संजय दत्त**

बॉलीवुड के जाने-माने एक्टर संजय दत्त ने कई पान मसासा का एड किया है। संजय दत्त इसको लेकर सोशल मीडिया पर खूब ट्रोल भी हुए है।

**सलमान खान**

बॉलीवुड के सुपरस्टार सलमान खान के पान मसाला एड को लोगों ने पसंद नहीं किया था। इसको लेकर सोशल मीडिया पर भाईजान को लोगों के गुस्से का सामना भी करना पड़ा था।

**अक्षय कुमार**

बॉलीवुड एक्टर अक्षय कुमार पान मसाला का एड करने के बाद इतना ट्रोल हुए कि उन्हें लोगों से माफी मांगनी पड़ी।

# मोदी मैजिक को मोर्गन ने भी माना

मोदी के नेतृत्व में भारत बदल गया है और आज विश्व व्यवस्था में एक अहम स्थान हासिल करने की ओर है। अमेरिकी ब्रोकरेज कंपनी मोर्गन स्टेनले की एक रिपोर्ट में यह बात कही गई है। रिपोर्ट में कहा गया कि आज भारत वैश्विक वृद्धि में अहम रोल निभाने को तैयार है। रिपोर्ट कहती है कि भारत को लेकर संदेह, विशेष रूप से विदेशी निवेशकों के मामले में, 2014 के बाद से हुए उल्लेखनीय बदलावों को नजरअंदाज करने जैसा है।

- कहा, मौजूदा पीएम के कार्यकाल में देश में हुआ है काफी बदलाव
- वैश्विक वृद्धि में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करने को तैयार है भारत
- विदेशी निवेशकों में भारत में निवेश को लेकर खत्म हुआ है संदेह
- भारत के क्षमता के अनुरूप प्रदर्शन न करने के आरोप हुए खारिज
- सिर्फ दस साल के वक्त में विश्व की व्यवस्था में बनाई अपनी जगह

भारत 2013 से अलग है। 10 साल के छोटे से वक्त में भारत ने विश्व में स्थान बनाया।

**कुछ अहम बदलाव**

- कारपोरेट टैक्स की दरें अन्य देशों के समान
- बुनियादी ढांचा क्षेत्र में निवेश को बढ़ाया गया
- जीएसटी संग्रह में लगातार वृद्धि दर्ज हुई

**जीडीपी में डिजिटल लेनदेन का रोल बढ़ा**

सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के प्रतिशत में डिजिटल लेनदेन बढ़ रहा है, जो अर्थव्यवस्था के संगठित होने का संकेत है। संगठित होने से इकोनामी को गति मिलती है।



स्रोत : भाषा

प्रधानमंत्री मोदी के पद संभालने के बाद 2014 से हुए 10 बड़े बदलावों का जिक्र करते हुए ब्रोकरेज कंपनी ने कहा कि भारत में कंपनी पर टैक्स की दर दुनिया के तमाम देशों के बराबर की गई है। इसके अलावा बुनियादी ढांचे का विकास लगातार जारी है जिससे विदेशी निवेशकों का देश के प्रति भरोसा तेजी से बढ़ रहा है

## पिछले वर्ष जीडीपी के 6.4% पर रहा राजकोषीय घाटा

नई दिल्ली (भाषा)।

केंद्र सरकार का राजकोषीय घाटा बीते वित्त वर्ष 2022-23 में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 6.4 प्रतिशत रहा। वित्त मंत्रालय के संशोधित अनुमान में भी राजकोषीय घाटा इतना ही रहने का लक्ष्य रखा गया था। बुधवार को जारी सरकारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली।

लेखा महानियंत्रक (सीजीए) ने केंद्र सरकार के 2022-23 के राजस्व-व्यय का आंकड़ा जारी करते हुए कहा कि मूल्य के हिसाब से राजकोषीय घाटा 17,33,131 करोड़ रुपए (अस्थायी) रहा है। सरकार अपने राजकोषीय घाटे को पाटने के लिए बाजार से कर्ज लेती है।

## शेयरों की तेजी थमी

- सेंसेक्स में 347 अंक की गिरावट

मुंबई (भाषा)। घरेलू शेयर बाजारों में पिछले चार कारोबारी सत्रों से जारी तेजी पर बुधवार को विराम लगा और बीएसई सेंसेक्स करीब 347 अंक टूटकर बंद हुआ। वैश्विक बाजारों में कमजोर रुख के बीच बैंक, पेट्रोलियम एवं धातु शेयरों में मुनाफावसूली से बाजार में गिरावट रही। तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 346.89 अंक यानी 0.55 प्रतिशत की गिरावट के साथ 62,622.24 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 568.11 अंक नीचे चला गया था।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 99.45 अंक यानी 0.53 प्रतिशत की गिरावट के साथ 18,534.40 अंक पर बंद हुआ। इससे पहले मंगलवार तक चार दिन की तेजी में सेंसेक्स 1,195 अंक और निफ्टी 348 अंक मजबूत हुआ था। सेंसेक्स के शेयरों में एक्सिस बैंक, स्टेट बैंक, रिलायंस, एचडीएफसी, एचडीएफसी बैंक, एनटीपीसी, टाटा स्टील और अल्ट्राटेक सीमेंट प्रमुख रूप से नुकसान में रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### पीटीसी इंडिया का करार

नई दिल्ली। बिजली कारोबार से जुड़ी पीटीसी इंडिया के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक राजीव के. मिश्रा ने कहा है कि कंपनी ने दीर्घकालीन आधार पर 215 मेगावाट बिजली खरीद को लेकर दो समझौते किए हैं। उन्होंने कहा कि पहला समझौता 100 मेगावाट सौर बिजली खरीद को लेकर ब्रुकफील्ड रिन्यूएबल्स के साथ जबकि दूसरा समझौता 115 मेगावाट तापीय बिजली के लिए वीएस लिग्नाइट के साथ किया गया है। दोनों समझौते हाल में दीर्घकालीन आधार पर किए गए हैं। पीटीसी इंडिया विभिन्न वितरण कंपनियों, वाणिज्यिक और औद्योगिक उपभोक्ताओं को बिजली का विपणन करेगी। कंपनी का एकीकृत शुद्ध लाभ बीते वित्त वर्ष 2022-23 की जनवरी-मार्च तिमाही में 17.67 प्रतिशत घटकर 129.34 करोड़ रहा।

### मणप्पुरम का लोन ऐप

कोच्चि। केरल की कंपनी मणप्पुरम फाइनेंस लिमिटेड ने बढ़ते डिजिटल ऋण बाजार का लाभ उठाने के लिए एक नया डिजिटल ऋण ऐप 'मा-मनी' पेश किया है। कंपनी ने बयान में कहा कि इस ऐप को पेश करने का उद्देश्य ग्राहकों को मणप्पुरम फाइनेंस के सभी वित्तीय उत्पादों को एक साथ उपलब्ध कराना है। डिजिटल गोल्ड लोन क्षेत्र की अग्रणी कंपनी को उम्मीद है कि नया ऐप उसे अपने डिजिटल कारोबार और पहुंच को बढ़ाने में मदद करेगा। कंपनी ने कहा कि यह ऐप मुख्य रूप से दूसरी और तीसरी श्रेणी के शहरों के लोगों को ध्यान में रखकर पेश किया गया है।

### मैग्नेसिटा को घाटा

नई दिल्ली। आरएचआई मैग्नेसिटा को बीते वित्त वर्ष की मार्च में समाप्त चौथी तिमाही में 678.90 करोड़ रुपए का एकीकृत घाटा हुआ है। खर्च बढ़ने की वजह से कंपनी को घाटा उठाना पड़ा है। इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में कंपनी ने 99.83 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ कमाया था। शेयर बाजारों को भेजी सूचना में रिफ्रैक्टरी कंपनी ने कहा कि तिमाही के दौरान उसकी कुल आय बढ़कर 881.29 करोड़ रुपये पर पहुंच गई, जो इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 592 करोड़ रुपए थी। इस दौरान कंपनी का खर्च 461.24 करोड़ बढ़ा।

### रेनो ने नौ लाख वाहन बेचे

नई दिल्ली। फ्रांसीसी वाहन कंपनी रेनो भारत में पिछले 11 साल में नौ लाख वाहनो की बिक्री का आंकड़ा पार कर लिया है। कंपनी ने बुधवार को यह जानकारी दी। भारत में 2012 से 'मेक इन इंडिया' (भारत में बने) वाहन बेचना शुरू करने वाली कंपनी इस समय शुरुआती स्तर की क्विड, काम्पेक्ट एसयूवी (स्पोर्ट्स यूटिलिटी व्हीकल) काइगर और बहुद्देशीय वाहन ट्राइबर की बिक्री कर रही है। रेनो इंडिया के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) और प्रबंध निदेशक (एमडी) वेंकटराम मामिलपल्ले ने बयान में कहा, "रेनो के लिए भारत रणनीतिक और शीर्ष पांच बाजारों में है।(एजेंसियां)

## अंतिम तिमाही में 6.1% रही जीडीपी वृद्धि दर

- वित्त वर्ष 2022-23 में 7.2 फीसद रही

नई दिल्ली (भाषा)।

देश की आर्थिक वृद्धि दर बीते वित्त वर्ष 2022-23 की चौथी तिमाही में 6.1 प्रतिशत रही है। इसके साथ, पूरे वित्त वर्ष के दौरान जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) वृद्धि दर 7.2 प्रतिशत पर पहुंच गई है।

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय के बुधवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, वित्त वर्ष 2022-23 की अक्टूबर-दिसम्बर तिमाही में आर्थिक वृद्धि दर 4.5 प्रतिशत थी। जीडीपी वृद्धि दर 2021-22 की जनवरी-मार्च तिमाही में चार प्रतिशत रही थी। आंकड़ों के अनुसार, पूरे वित्त वर्ष 2022-23 में आर्थिक वृद्धि दर 7.2 प्रतिशत रही। इससे पिछले वित्त वर्ष 2021-22 में यह 9.1 प्रतिशत थी।

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय ने दूसरे अग्रिम अनुमान में देश की वृद्धि दर सात प्रतिशत रहने की संभावना जतायी थी। सकल घरेलू उत्पाद देश की सीमा के भीतर उत्पादित वस्तुओं और सेवाओं के कुल मूल्य को बताता है। चीन की आर्थिक वृद्धि दर 2023 की पहली तिमाही में 4.5 प्रतिशत रही थी।

### आठ बुनियादी उद्योगों की वृद्धि छह माह के निम्न स्तर पर

नई दिल्ली (भाषा)। आठ बुनियादी उद्योगों की वृद्धि की रफ्तार अप्रैल, 2023 में सुस्त पड़कर 3.5 प्रतिशत रह गई है। यह इसका छह महीने का निचला स्तर है।

मुख्य रूप से कच्चे तेल, प्राकृतिक गैस, रिफाइनरी उत्पादों और बिजली का उत्पादन घटने से बुनियादी उद्योगों की वृद्धि सुस्त पड़ी है। पिछले साल अप्रैल में बुनियादी उद्योगों का उत्पादन 9.5 प्रतिशत बढ़ा था। मार्च, 2023 में बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर 3.6 प्रतिशत रही थी। यह बुनियादी उद्योगों की वृद्धि की अक्टूबर, 2022 के बाद सबसे सुस्त रफ्तार है। उस समय बुनियादी उद्योगों का उत्पादन 0.7 प्रतिशत बढ़ा था।

## विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों से अतिरिक्त खुलासे का प्रस्ताव

नई दिल्ली (भाषा)।

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने ऊंचे जोखिम वाले विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) की ओर से अतिरिक्त खुलासे को अनिवार्य करने का प्रस्ताव किया है। इससे न्यूनतम सार्वजनिक शेयरधारिता (एमपीएस) की जरूरत को लेकर किसी तरह की कोताही से बचा जा सकेगा।

नियामक के संज्ञान में आया है कि कुछ एफपीआई ने अपने इक्विटी पोर्टफोलियो का एक बड़ा हिस्सा एक कंपनी में केंद्रित किया हुआ है। कुछ मामलों में तो यह हिस्सेदारी लंबे समय से कायम और स्थिर है। सेबी ने कहा, 'इस तरह के केंद्रित निवेश से यह चिंता और संभावना बढ़ती है कि ऐसे कारपोरेट समूहों के प्रवर्तक या अन्य निवेशक न्यूनतम सार्वजनिक शेयरधारिता जैसी नियामकीय आवश्यकताओं को दरकिनार करने के लिए एफपीआई मार्ग का उपयोग कर रहे हैं।'

अपने परामर्श पत्र में नियामक ने उच्च जोखिम वाले ऐसे एफपीआई से बारीकी से जानकारी प्राप्त करने का प्रस्ताव किया है जिनका निवेश एकल कंपनियों या कारोबारी समूहों में केंद्रित हैं।

## अडाणी पोर्ट के तीन सौदों पर डेलॉयट ने उठाए सवाल

- इन सौदों में अनुबंधकर्ता से वसूली जाने वाली राशि पर भी उठाए गए हैं सवाल
- हिंडनबर्ग की रिपोर्ट में इस सौदे का जिक्र
- तीन सौदों में इंजीनियरिंग, खरीद व निर्माण सौदे शामिल

नई दिल्ली (भाषा)।

लेखा परीक्षक और परामर्श कंपनी डेलॉयट ने अडाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकनामिक जोन के खातों पर अपनी टिप्पणी में तीन सौदों को लेकर सवाल खड़ा किया है। इसमें अनुबंधकर्ता से वसूली जाने वाली राशि शामिल है जिसका जिक्र हिंडनबर्ग रिपोर्ट में भी किया गया है।

डेलॉयट ह्यसकिन्स एंड सेल्स ने वित्त वर्ष 2022-23 की चौथी तिमाही और पूरे वित्त वर्ष के आडिट के बारे में अपनी रिपोर्ट में तीन इकाइयों के साथ सौदे को रेखांकित किया है। इसके बारे में कंपनी का कहना है कि इन इकाइयों का समूह की कंपनियों से कोई लेना-देना नही है। हालांकि, आडिटर ने कहा कि वह कंपनी के बयान को सत्यापित नही कर सकती क्योंकि इसके सत्यापन को लेकर कोई स्वतंत्र जांच नही हुई है। अमेरिकी वित्तीय शोध और निवेश कंपनी हिंडनबर्ग रिसर्च ने 24 जनवरी को अपनी रिपोर्ट में अडाणी समूह पर धोखाधड़ी, शेयरों में हेराफेरी और मनी लांड्रिंग का आरोप




लगाया था। इसके साथ उसने संबद्ध पक्षों के बीच लेन-देन को लेकर पर्याप्त खुलासे नही किए जाने की भी बात कही थी। हालांकि, समूह ने सभी आरोपों से इनकार करते हुए उसे पूरी तरह से आधारहीन बताया है।

डेलॉयट ने कहा कि अडाणी समूह ने अपने आकलन और सेबी द्वारा चल रही जांच के कारण इन आरोपों की स्वतंत्र बाहरी जांच करना आवश्यक नही समझा।

लेखा परीक्षक कंपनी ने अडाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकनॉमिक जोन के वित्तीय विवरण के नोट में कहा है, 'समूह की तरफ से किया गया मूल्यांकन हमारे आडिट के उद्देश्यों के लिए पर्याप्त साक्ष्य उपलब्ध नही करता है।' उसने कहा कि स्वतंत्र रूप से बाहरी जांच के अभाव में और सेबी की जांच लंबित होने के कारण यह टिप्पणी नहीं कर सकता कि क्या कंपनी पूरी तरह से कानून का पालन कर रही थी।

डेलॉयट ने जिन सौदों का जिक्र किया है, उसमें इंजीनियरिंग, खरीद और निर्माण खरीद अनुबंध शामिल है। इसी बारे में हिंडनबर्ग रिपोर्ट में संबद्ध पक्षों के बीच लेन-देन की बात कही गई है।

## भारत से जमीनी सीमा साझा करने वाले देशों के 50 एफडीआई प्रस्ताव लंबित

नई दिल्ली (भाषा)।


भारत के साथ जमीनी सीमा साझा करने वाले देशों से प्रेस नोट-3 के प्रावधानों के तहत 40-50 प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) प्रस्ताव सरकार के पास मंजूरी के लिए लंबित हैं। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी।

प्रेस नोट-3 के तहत सरकार ने भारत के साथ भूमि सीमा साझा करने वाले देशों से विदेशी निवेश के लिए पूर्व मंजूरी को अनिवार्य कर दिया है। ये देश हैं। चीन, बांग्लादेश, पाकिस्तान, भूटान, नेपाल, म्यामां और अफगानिस्तान। इसके अनुसार, इन देशों से भारत के किसी क्षेत्र में निवेश के लिए एफडीआई प्रस्तावों पर सरकार की मंजूरी जरूरी है। एक सूत्र ने कहा, 'सुरक्षा और राजनीतिक मंजूरियों के अभाव में करीब 40-50 प्रस्ताव वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के पास लंबित हैं।'

सूत्रों ने बताया कि इस प्रेस नोट के तहत मानदंडों को सुगम करने का फिलहाल कोई विचार नहीं है। सूत्र ने कहा, 'इन देशों से एफडीआई पूरी तरह से प्रतिबंधित नहीं है। बस इतना है कि उन्हें (इन देशों के निवेशकों को) सरकारी मंजूरी मार्ग का अनुपालन करना होगा और निश्चित रूप से इसमें समय लगता है।' सरकार तीन महीने में इन प्रस्तावों को मंजूरी देने के लिए प्रतिबद्ध है, लेकिन इसमें लगभग सात महीने लग जाते हैं।

उद्योग सूत्रों के अनुसार, चीन की सबसे बड़ी वाहन विनिर्माता एमजी मोटर लगभग दो साल से अपनी मूल कंपनी से धन जुटाने के लिए सरकार की मंजूरी का इंतजार कर रहा है। एमजी मोटर इंडिया ने हाल ही में कहा था कि वह अगले दो-चार साल में स्थानीय भागीदारों और निवेशकों को बड़ी हिस्सेदारी की पेशकश करने की योजना बना रही है क्योंकि वह देश में अपने वृद्धि के अगले चरण के लिए लगभग 5,000 करोड़ रुपए की पूंजी जुटाना चाहती है। हालांकि, उसे अब तक इस दिशा में सफलता नहीं मिली है। ऐसे में उसने जरूरी पूंजी जुटाने के लिए अन्य विकल्पों पर विचार शुरू कर दिया है। भारत में कुल एफडीआई प्रवाह पिछले वित्त वर्ष में 16 प्रतिशत घटकर 70.97 अरब डालर रह गया, जबकि 2021-22 में 84.83 अरब डालर का विदेशी निवेश आया था।

इसमें इक्विटी प्रवाह, पुनःनिवेश वाली आय और अन्य पूंजी शामिल है। प्रेस नोट-3 को अप्रैल, 2020 में पेश किया गया था क्योंकि सरकार कोविड-19 महामारी के बाद घरेलू कंपनियों के अवसरवादी अधिग्रहण पर अंकुश लगाना चाहती थी। इन प्रस्तावों की जांच के लिए सरकार द्वारा एक अंतर-मंत्रालयी समिति का गठन किया गया है।




- कानूनी पेचीदगियों से मंजूरी में लग जाता है बहुत ज्यादा समय

## इस महीने शुरू हो जाएगी सुबनिसरी बिजली परियोजना

नई दिल्ली (भाषा)।

सरकारी पनिबजली कंपनी नेशनल हाइड्रो पावर कारपोरेशन (एनएचपीसी) का सुबनिसरी लोअर परियोजना के अंतर्गत निर्माणाधीन पहली 250 मेगावाट की इकाई जनवरी, 2024 तक शुरू हो जाएगी। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी।

बिजली मंत्रालय ने बयान में कहा कि केंद्रीय ऊर्जा और नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री आरके सिंह ने सुबनिसरी लोअर हाइड्रोइलेक्ट्रिक परियोजना के निर्माण की प्रगति और सुरक्षा पहलुओं की समीक्षा के लिए नई दिल्ली में बैठक की अध्यक्षता की। अरु णाचल प्रदेश/असम में स्थित इस परियोजना को एनएचपीसी लिमिटेड निष्पादित कर रहा है।

## ऊर्जा क्षेत्र में भारतीय निवेशकों को आकर्षित करना चाहता है नेपाल

- नेपाल के विदेश मंत्री एनपी सऊद ने कहा, भारत से बिजली समझौता चाहता है नेपाल

काठमांडो (भाषा)। नेपाल के विदेश मंत्री एनपी सऊद ने बुधवार को कहा कि उनका देश ऊर्जा क्षेत्र में, खासकर पनिबजली क्षेत्र के विकास के लिए और ज्यादा भारतीय निवेशकों को आकर्षित करना चाहता है।



उन्होंने कहा कि नेपाल भारत से बिजली समझौता करना चाहता है, जिससे वह भारतीय ग्रिड का उपयोग कर इसे बांग्लादेश को बेच सके। प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल 'प्रचंड' के साथ भारत की चार दिन की आधिकारिक यात्रा पर जा रहे विदेश मंत्री सऊद ने बताया कि द्विपक्षीय वार्ता के दौरान व्यापार, पारगमन, संपर्क और सीमा सहित कई मुद्दों पर बात की जाएगी।

प्रचंड सदियों पुराने, बहुआयामी और सौहार्दपूर्ण संबंधों को और मजबूत करने के लिए दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व अन्य नेताओं के साथ वार्ता करेंगे। सऊद ने कहा, 'हम ट्रांसमिशन लाइनों के निर्माण के लिए भारत से ऋण सुविधा (एलओसी) भी चाहते है।' नेपाल ऊर्जा क्षेत्र में भारत से और ज्यादा निवेश आकर्षित करना चाहता है।

सऊद ने अपने आवास पर बताया, 'हम पनिबजली क्षेत्र में विकास के लिए भारत से निवेश चाहते है। हम पारेषण लाइन के निर्माण के लिए भारत से ऋण सुविधा भी चाहते है।' विदेश मंत्री ने कहा कि नेपाल भारत के साथ दीर्घकालिक बिजली समझौता करना चाहता है। नेपाल भारतीय ग्रिड का उपयोग कर उसकी बिजली बांग्लादेश को बेचना चाहता है।

## मई में चीन में कारखाना गतिविधियां सुस्त पड़ीं

पेइचिंग (एपी)। चीन में कारखाना गतिविधियों में मई में गिरावट आई है। इससे यह संकेत मिलता है कि वायरस नियंत्रण उपायों के समाप्त होने के बाद चीन का आर्थिक पुनरुद्धार सुस्त पड़ा है।

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय और एक उद्योग समूह द्वारा जारी मासिक खरीद प्रबंधक सूचकांक अप्रैल के 49.2 से गिरकर मई में 48.4 पर आ गया। इस सूचकांक के 50 से नीचे होने का मतलब सुस्ती से है। अमेरिका, यूरोप और एशिया के केंद्रीय बैंकों द्वारा मुद्रास्फीति पर नियंत्रण के लिए ब्याज दरों में बढोतरी के चलते वैश्विक मांग कमजोर पड़ने से चीनी विनिर्माताओं को चोट पहुंची है।

घरेलू मोर्चे पर वायरस-रोधी अंकुश हटने के बाद चीन में यात्रा और कारोबारी गतिविधियां बढी हैं। लेकिन इनमें सुधार की रफ्तार उम्मीद से कम है।

## आईसीएओ में भारत के प्रतिनिधि बने अंगशुमाली

नई दिल्ली (भाषा)।

वरिष्ठ नौकरशाह अंगशुमाली रस्तोगी को मंगलवार को कनाडा के मॉन्ट्रियल में अंतरराष्ट्रीय नागरिक उड्डयन संगठन (आईसीएओ) की परिषद में भारत का प्रतिनिधि नियुक्त किया गया। यह जानकारी कार्मिक मंत्रालय के एक आदेश से मिली।

आदेश में कहा गया है कि इंडियन रेलवे सर्विस आफ मैकेनिकल इंजीनियर्स (आईआरएसएमई) के 1995 बैच के अधिकारी रस्तोगी को तीन साल के लिए शेफाली जुनेजा के स्थान पर नियुक्त किया गया है। क्षमता निर्माण आयोग के सचिव हेमांग जानी को तीन साल के लिए विश्व बैंक, वाशिंगटन डीसी के कार्यकारी निदेशक का वरिष्ठ सलाहकार नामित किया गया है। साई वेंकट रमण अनिल दास तीन साल के लिए विश्व बैंक, वाशिंगटन डीसी के कार्यकारी निदेशक के सलाहकार होंगे। वह सुरेश यादव की जगह लेंगे।

आदेश में कहा गया है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता वाली मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने विभिन्न विदेशी पदों को भरने के लिए 12 नियुक्तियों को मंजूरी दी है।

हेमांग जानी को विश्व बैंक वाशिंगटन डीसी के ईडी का वरिष्ठ सलाहकार बनाया गया है

## ओटीटी प्लेटफार्म पर दें तंबाकू से स्वास्थ्य को नुकसान की चेतावनी

- सरकार ने इसके लिए जारी की है अधिसूचना

नई दिल्ली (वार्ता)। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने ओटीटी प्लेटफार्म पर तंबाकू हानिकारक होने की चेतावनी देने की अधिसूचना जारी कर दी है और कहा है कि प्रसारणकर्ता द्वारा इसका अनुपालन नहीं करने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने बुधवार को यहां जारी एक अधिसूचना में कहा कि तंबाकू रोधी चेतावनी के नये नियम जारी कर दिये गये है। इनके अनुसार ओटीटी प्लेटफार्म पर तंबाकू हानिकारक होने की चेतावनी प्रदर्शित करना अनिवार्य होगा। अधिसूचना में कहा गया है कि यदि प्रसारणकर्ता या प्रकाशक तंबाकू पदार्थो के संबंध में नियम का पालन नहीं करते तो उनके विरुद्ध केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय और सूचना तथा प्रसारण मंत्रालय कड़ी कार्रवाई करेंगे।

## अगरतला हवाईअड्डे पर अंतरराष्ट्रीय उड़ान सेवा को केंद्र की मंजूरी का इंतजार

अगरतला (भाषा)।

अगरतला हवाई अड्डे पर अंतरराष्ट्रीय उड़ान सेवा केंद्रीय गृह मंत्रालय से आव्रजन सुविधा की मंजूरी मिलते ही शुरू हो जाएगी। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी।

बीर बिक्रम एयरपोर्ट के निदेशक केसी मीणा ने बताया, 'किफायती उड़ान सेवा स्पाइसजेट अगरतला व चटगांव के बीच उड़ान भरने के लिए तैयार है लेकिन हवाई अड्डे पर आव्रजन केंद्र स्थापित करने के लिए गृह मंत्रालय से मंजूरी नही मिली है।'

## नोएडा एयरपोर्ट पर कार्गो का काम एआईएसएटीएस को

- यमुना इंटरनेशनल का AISATS से हुआ करार
- निर्माण व परिचालन समेत सभी काम देखेगी AISATS

मुंबई (भाषा)।

एयर इंडिया की संयुक्त उद्यम कंपनी एआईएसएटीएस और यमुना इंटरनेशनल एयरपोर्ट प्राइवेट लि. ने नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर बहु-माडल कार्गो हब के लिए रियायती करार पर हस्ताक्षर किए हैं। इस हवाई अड्डे का अभी निर्माण चल रहा है।

इस करार के तहत एयर इंडिया एसएटीएस एयरपोर्ट सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड (एआईएसएटीएस) कार्गो हब का डिजाइन, निर्माण, वित्तपोषण और परिचालन करेगी। इसे 87 एकड़ जमीन पर बनाया जाएगा और इससे देश के विनिर्माण केंद्रों से विभिन्न स्थानों के लिए एक तेज और सुविधाजनक अंतरमाडल संपर्क उपलब्ध होगा।



इस सुविधा के माध्यम से एआईएसएटीएस का लक्ष्य भारत के लॉजिस्टिक्स क्षेत्र को एक माल प्रसंस्करण और परिवहन ग्रिड प्रदान करना है। इससे लॉजिस्टिक्स की लागत में उल्लेखनीय कटौती हो सकेगी और बाधारहित संयोजन के लिए प्रक्रियाओं को सुसंगत किया जा सकेगा।

एआईएसएटीएस के चेयरमैन निपुन अग्रवाल ने कहा, 'नोएडा में कार्गो हब उत्तर भारत के लिए सही समय पर माल ढुलाई सुविधाएं प्रदान करने में अभिन्न भूमिका निभाएगा। साथ ही यह देश के लॉजिस्टिक्स और हवाई ढुलाई क्षेत्रों के बुनियादी ढांचे, मूल्यवर्धित सेवाओं के साथ तालमेल में भी मदद करेगा। इससे लागत दक्षता की स्थिति भी सुधरेगी।

# गावस्कर ने कहा, भारतीय बल्लेबाजों के लिए पुजारा की सलाह होगी बहुमूल्य



**डब्ल्यूटीसी फाइनल से पूर्व पूर्व कप्तान ने भारतीय टीम को दी सलाह**

**कहा, पुजारा लंबे समय से इंग्लिश काउंटी चैंपियनशिप में खेल रहे**

एजेंसी ▶▶| पोर्ट्समाउथ

पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने बुधवार को कहा कि चेतेश्वर पुजारा इंग्लिश काउंटी चैंपियनशिप में लंबे समय तक खेलने के कारण ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप(डब्ल्यूटीसी) फाइनल से पूर्व भारतीय टीम के अपने साथियों को बहुमूल्य सलाह दे सकते हैं।

पुजारा को परिस्थितियों की जानकारी और (ससेक्स की) कप्तानी के अनुभव को देखते हुए उनकी सलाह महत्वपूर्ण हो सकती है विशेषकर ऑस्ट्रेलिया के स्टार बल्लेबाज स्टीव स्मिथ के खिलाफ जो इसी काउंटी टीम की ओर से खेलते हैं। डब्ल्यूटीसी फाइनल सात से 11 जून तक लंदन के द ओवल में होना है।

### ओवल की पिच का बर्ताव पुजारा ने देखा है

गावस्कर ने 'स्टार स्पोर्ट्स' से कहा, 'यह तथ्य कि वह वहां मौजूद रहा है, इसका मतलब है कि उसने देखा है कि द ओवल की पिच किस तरह का बर्ताव कर रही है।' उन्होंने कहा, 'वह शायद द ओवल में नहीं खेला हो, वह भले ही ससेक्स में रहा हो जो लंदन से काफी दूर नहीं है लेकिन उसने इस पर नजर रखी होगी कि वहां क्या चल रहा है और जहां तक बल्लेबाजी इकाई या कप्तानी की बात है तो उसकी सलाह बहुमूल्य होगी।'

### पुजारा ने कुछ तो रणनीतियां बनाई होगी

गावस्कर ने कहा, 'यह मत भूलिए कि उसने टीम (ससेक्स) की कप्तानी भी की है इसलिए निश्चित तौर पर इस समय टीम के अपने साथी ऑस्ट्रेलिया के स्टीव स्मिथ को देखकर उसने कुछ रणनीतियां भी बनाई होंगी।' गावस्कर ने कहा कि इंडियन प्रीमियर लीग में खेलने के बाद भारतीय बल्लेबाजों को डब्ल्यूटीसी फाइनल से पहले बल्ला घुमाने की अपनी गति से सामंजस्य बैठाना होगा और उन्होंने बल्लेबाजों को जितना संभव हो उतना देर से खेलने की सलाह दी।



### बल्लेबाज बल्ला घुमाने की गति पर ध्यान दे

पूर्व कप्तान ने कहा, 'मुझे लगता है कि वह बल्ला घुमाने की अपनी गति पर ध्यान देंगे। वे टी20 से आ रहे हैं जहां बल्ला काफी तेजी से घुमाया जाता है जबकि टेस्ट क्रिकेट में बल्ला घुमाने की गति अधिक नियंत्रित होती है और ऐसे में उन्हें इस पर गौर करना होगा।'

### बल्लेबाज को देर से शॉट खेलना होगा

गावस्कर ने जोर देते हुए कहा कि इंग्लैंड के हालात को देखते हुए जितना संभव हो बल्लेबाजों को उतना देर से शॉट खेलने की जरूरत है जिससे कि गेंद स्विंग हो चुकी हो। उन्होंने साथ ही कहा कि बल्लेबाजों को शॉट खेलने के लिए गेंद तक पहुंचने की गलती करने से बचना होगा।

### गेंद को स्विंग होने का मौका दे

पूर्व कप्तान ने कहा, 'उन्हें इंग्लैंड में जितना संभव हो उतना देर से खेलने की जरूरत है जिससे कि गेंद स्विंग हो चुकी हो, शॉट खेलने के लिए गेंद तक पहुंचने की कोशिश नहीं करनी जो गलती अच्छी पिच पर खेलते हुए काफी लोग करते हैं।' उन्होंने गेंदबाजों को फुल लेंथ की गेंद फेंकने की सलाह दी जिससे कि ड्यूक गेंद को स्विंग होने का मौका मिले।

### फुल लेंथ गेंदबाजी करनी होगी

गावस्कर ने कहा, 'गेंदबाजी इकाई के रूप में आपको नई गेंद से फुल लेंथ की गेंदबाजी करनी होगी जिससे कि गेंद को हवा और पिच से मूवमेंट मिले।' गावस्कर ने इंग्लैंड की परिस्थितियों में खेलते हुए भारत के सामने आने वाली चुनौतियों पर भी बात की।

### यहां गेंद हवा में भी स्विंग होती है

इस पूर्व क्रिकेटर ने कहा, 'आपको पता है कि भारतीय, वेस्टइंडीज और श्रीलंका के खिलाड़ियों को इस तरह के हालात में खेलने की आदत नहीं होती जिससे थोड़ी दिक्कत हो सकती है।' उन्होंने कहा, 'इस तरह के हालात में पिच पर टप्पा खाने के बाद ही नहीं बल्कि हवा में भी गेंद स्विंग होती है जो भारत में नहीं होता। आपको हवा में स्विंग होती गेंद से सामंजस्य बैठाने में कुछ समय लग सकता है।'

## खबर संक्षेप



### धोनी घुटने की चोट पर लेगें चिकित्सकों से सलाह

नई दिल्ली। चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी अपने बायें घुटने के इलाज पर फैसला करने के लिए मुंबई में 'स्पोर्ट्स आर्थोपेडिक' विशेषज्ञ की राय लेंगे। फ्रेंचाइजी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) काशी विश्वनाथ ने बुधवार को यह जानकारी दी। धोनी को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के बीते सत्र के दौरान घुटने पर पट्टी लगाकर खेलते देखा गया। इस दौरान उनकी विकेटकीपिंग में कोई खामी नहीं दिखी लेकिन बल्लेबाजी के दौरान वह तेजी से रन चुराने से बचने के लिए निचले क्रम में क्रीज पर आते थे। विश्वनाथ ने कहा, 'हां, यह सच है कि धोनी अपने बाएं घुटने की चोट पर चिकित्सकों से सलाह लेंगे और उसी के अनुसार फैसला करेंगे। अगर सर्जरी की सलाह दी जाती है तो यह रिपोर्ट आने के बाद ही पता चलेगा, यह पूरी तरह से उन्हीं की मर्जी होगी।'

### सर्फिंग में खिलाड़ियों की नजरें पेरिस ओलंपिक के कोटे पर

मेंगलुरु। भारत के शीर्ष खिलाड़ी गुरुवार से यहां शशिथिलु समुद्र तट पर आयोजित होने वाले इंडियन ओपन सर्फिंग (समुद्र की लहरों पर करतब से जुड़ा खेल) में खिताब



जीतने के साथ अगले साल पेरिस में होने वाले ओलंपिक खेलों का टिकट हासिल करना चाहेंगे। सर्फिंग को पूर्ण खेल के तौर पर पहली बार ओलंपिक में शामिल किया गया है और इससे भारतीय सर्फिंग महासंघ के इस तीन दिवसीय आयोजन का महत्व काफी बढ़ जाता है। पिछले साल की रैंकिंग के आधार पर भारत की चार सदस्यीय टीम इस समय एल साल्वाडोर में ओलंपिक क्वालीफाइंग विश्व सर्फिंग खेलों में प्रतिस्पर्धा कर रही है।

### यूरोपीय चैंपियनशिप में भारतीय गोल्फरों का शानदार प्रदर्शन

एडिनबर्ग। भारतीय गोल्फरों ने 2023 यूएस किड्स गोल्फ यूरोपीय चैम्पियनशिप में शानदार शुरूआत की तथा स्कॉटिश गोल्फ कोर्स में चल रहे इस तीन दिवसीय प्रतियोगिता के पहले दौर के बाद भारत के नौ खिलाड़ी शीर्ष 10 में शामिल हैं। महरीन भाटिया



लड़कियों के 13-14 आयु वर्ग में संयुक्त बढ़त पर हैं। उन्होंने पहले दौर में तीन अंडर 69 का स्कोर बनाया। पांच अन्य भारतीय पहले दिन के बाद शीर्ष पांच में शामिल हैं। पहले दिन अच्छा प्रदर्शन करने वाले भारतीय खिलाड़ियों में स्टार गोल्फर जीव मिल्खा सिंह के पुत्र हरजाई मिल्खा सिंह (लड़कों के अंडर 13 आयु वर्ग में) भी शामिल हैं। उन्होंने पहले दिन पार 72 का कार्ड खेला और वह संयुक्त तीसरे स्थान पर हैं।

## थाईलैंड ओपन बैडमिंटन : सिंधू हारकर बाहर, साइना अगले दौर में पहुंची

# किरण ने किया उलटफेर, दुनिया के नौवें नंबर के खिलाड़ी युकी को दी शिकस्त

एजेंसी ▶▶| बैंकॉक



भारत के किरण जॉर्ज ने उलटफेर करते हुए बुधवार को यहां चीन के दुनिया के नौवें नंबर के खिलाड़ी शी युकी को सीधे गेम में हराकर थाईलैंड ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष एकल प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई लेकिन दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू पहले दौर में ही हारकर बाहर हो गईं।

■ चीन के शी युकी को सीधे गेम में 21-18, 22-20 से हराया

अश्मिता चाहिला और साइना नेहवाल ने भी महिला एकल में दूसरे दौर में जगह बनाई जबकि लक्ष्य सेन के अलावा सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की दुनिया की चौथे नंबर की पुरुष युगल जोड़ी ने भी प्री क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। किदांबी श्रीकांत और बी साई प्रणीत पुरुष एकल में जल्दी बाहर हो गए लेकिन ओडिशा ओपन के विजेता किरण ने 2018 विश्व चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता और तीसरे वरीय शी युकी को 21-18, 22-20 से हराकर बाहर का रास्ता दिखा दिया।

किरण अगले दौर में चीन के वेंग होंग येंग से भिड़ेंगे। किरण के साथ प्रकाश पादुकोण अकादमी में बैडमिंटन के गुर सीखने वाले लक्ष्य सेन ने भी कड़े मुकाबले में चीनी ताइपे के वैंग जू वेई को 21-23, 21-15, 21-15 से हराया। उनके अगले दौर में चीन के ऑल इंग्लैंड चैंपियन ली शी फेंग से भिड़ने की संभावना है। राष्ट्रमंडल खेलों की चैंपियन सात्विक और चिराग की शीर्ष वरीय पुरुष युगल जोड़ी ने भी रासमुस जेयर और फ्रेड्रिक सोगार्ड की डेनमार्क की जोड़ी रोमांचक मुकाबले में 21-13, 18-21, 21-17 से हराया। पूर्व विश्व चैंपियन सिंधू को हालांकि पहले दौर में ही 62 मिनट चले मुकाबले में कनाडा की मिशेल ली के खिलाफ 8-21, 21-18, 18-21 से शिकस्त झेलनी पड़ी। दिन के अन्य मुकाबलों में क्वालीफायर अश्मिता ने हमवतन मालविका बंसोड़ को 21-17, 21-14 से हराया जबकि लंदन ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता साइना ने कनाडा की वेन यू झेंग को 21-13, 21-7 से शिकस्त दी। अश्मिता अगले दौर में रियो ओलंपिक की स्वर्ण पदक विजेता चौथी वरीय कैरोलिना मारिन से भिड़ेंगी।

### साइना का मुकाबला चीन की जियाओ से



साइना का सामना चीन की ही बिंग जियाओ से हो सकता है। विश्व चैंपियनशिप 2021 के रजत पदक विजेता श्रीकांत को हालांकि चीन के वेंग होंग येंग के खिलाफ 8-21 21-16 14-21 से हार का सामना करना पड़ा। तोक्यो ओलंपियन प्रणीत को भी फ्रांस के क्रिस्टो पोपोव के खिलाफ 14-21 16-21 से हार झेलनी पड़ी।

# नागपुर की डीसीए पर 5 विकेट से रोमांचक जीत

रानी सूर्यमुखी देवी मेमोरियल ऑल इंडिया क्रिकेट



▶▶| राजनांदगांव

मेजबान जिला क्रिकेट संघ ने मैन ऑफ द मैच दीपक यादव के शानदार बल्लेबाजी और गेंदबाजी के चलते टीम के खिलाड़ियों ने कल की तुलना में आज अच्छे खेल का प्रदर्शन किया। हालांकि उसे वीटीसीए नागपुर के हाथों 5 विकेट से हार का सामना करना पड़ा।

वहीं दूसरे मैच में ओडिशा क्रिकेट एसोसिएशन ने छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन को एक तरफा मुकाबले में 40 रन से पराजित कर रानी सूर्यमुखी देवी मेमोरियल अखिल भारतीय टी-20 फ्लड लाइट क्रिकेट टूर्नामेंट में दूसरी जीत दर्ज कर अपने पूल में आगे बनी हुई है। स्टेडियम समिति, जिला क्रिकेट संघ, राजगामी सम्पदा न्यास व पी-4 समिति के संयुक्त आयोजन में दिग्विजय स्टेडियम में खेली जा रही रानी सूर्यमुखी देवी मेमोरियल अखिल भारतीय क्रिकेट प्रतियोगिता के दूसरे दिन खेले गए पहले मैच में मेजबान जिला क्रिकेट संघ को वीटीसीए नागपुर के हाथों 5 विकेट से मैच गंवाना पड़ा, लेकिन राजनांदगांव के बल्लेबाजों ने आज बल्लेबाजी व क्षेत्ररक्षण में अच्छा प्रदर्शन किया।

### आज के मैच

पहला मैच संध्या 5 बजे से विदर्भ क्रिकेट एसोसिएशन विरूद्ध राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन।

दूसरा मैच रात्रि 8.30 बजे से उत्तरप्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन विरूद्ध एलबी शास्त्री नई दिल्ली।

### मैन ऑफ द मैच पुरस्कार

मैच में मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार जिला क्रिकेट संघ के सदस्य अंशु बग्गा द्वारा स्व. महेंदर सिंह बग्गा की स्मृति में पहले मैच में मेजबान डीसीए के दीपक यादव व दूसरे मैच में ओडिशा क्रिकेट एसोसिएशन के सुनील के. राहुल को 3100-3100 रुपए की नगद राशि से स्टेडियम के प्रभारी अधिकारी व संयुक्त कलेक्टर खेमलाल वर्मा के हाथों पुरस्कृत किया गया।

## आईसीसी ने पाक से टीम भारत भेजने का आश्वासन मांगा

एजेंसी ▶▶| कराची



अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के अध्यक्ष और सीईओ यह आश्वासन आने के लिए अभी लाहौर में हैं कि पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) इस साल भारत में होने वाले एकदिवसीय विश्व कप में अपने मैचों के लिए हाइब्रिड मॉडल लागू करने पर जोर नहीं देगा।

सूत्रों ने पुष्टि की कि आईसीसी के अध्यक्ष ग्रेग बार्कले और सीईओ ज्योफ एलार्डिस विशेषकर इसलिए लाहौर पहुंचे हैं ताकि वह अक्टूबर-नवंबर में होने वाले वनडे विश्वकप में पाकिस्तान की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए आश्वासन हासिल कर सकें।

## नए फुटबॉल सत्र के लिए 'ट्रांसफर विंडो', नौ जून से होगी शुरू

नई दिल्ली। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने बुधवार को घोषणा की कि पेशेवर क्लबों के लिए आगामी सत्र की 'ट्रांसफर विंडो' (खिलाड़ियों के चयन की प्रक्रिया) नौ जून से 31 अगस्त



तक होगी। भारतीय फुटबॉल का आगामी सत्र एक जून से शुरू होगा और अगले साल 31 मई तक चलेगा। एआईएफएफ ने कहा कि देश भर के पेशेवर क्लबों को अपने खिलाड़ियों का पंजीकरण कराने के लिए दो मौके दिए जाएंगे। पेशेवर खिलाड़ियों का पंजीकरण कराने के लिए दूसरी 'विंडो' अगले साल एक जनवरी से 31 जनवरी तक होगी। इन दोनों 'विंडो' में पुरुष और महिला खिलाड़ियों का पंजीकरण कराया जा सकता है। दूसरी तरफ पुरुष और महिला एमेच्योर खिलाड़ियों का पंजीकरण एक जून से शुरू होगा और 31 मई 2024 को समाप्त होगा।

**एकतरफा मुकाबले में कोरिया को 9-1 गोल से हराया**

## द. कोरिया को रौंद कर भारत जूनियर एशिया कप हॉकी के फाइनल में



सालालाह (ओमान)। भारतीय हॉकी टीम ने बुधवार को यहां दक्षिण कोरिया को एकतरफा मुकाबले में 9-1 से हराकर जूनियर एशिया कप के फाइनल में प्रवेश किया। गुरुवार को होने वाले खिताबी मुकाबले में भारत के सामने मलेशिया और पाकिस्तान के बीच होने वाले दूसरे सेमीफाइनल के विजेता की चुनौती होगी। धामी बोबी सिंह ने हैट्रिक गोल कर भारत के जीत के अंतर को बढ़ाया। वह 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुने गये। धामी ने 31वें, 39वें और 55वें मिनट में गोल किया तो वहीं लाकरा सुनीत ने 13वें मिनट में भारत का खाता खोला। मैच के 19वें मिनट में हुंदल अरिजीत सिंह ने बढ़त को दोगुना कर दिया। अंगद वीर सिंह और उत्तम सिंह ने क्रमशः 34वें और 38वें मिनट में गोल किया जिससे भारतीय टीम ने तीसरे क्वार्टर के बाद अपनी बढ़त को 6-0 कर ली। कोरियाई टीम ने हालांकि आखिरी क्वार्टर में बेहतर खेल दिखाया। टीम के लिए इकलौता गोल केओनयोल ह्वांग ने 46वें मिनट में किया। विष्णुकांत सिंह ने 51वें मिनट में भारत की बढ़त को 7-1 कर दिया। इसके दो मिनट बाद धामी ने अपनी हैट्रिक पूरी की और फिर शारदा नंद तिवारी के गोल ने टीम की बड़ी जीत पर मुहर लगा दी।

## युकी-साकेत ने फ्रांस की आर्थर-एंजो की जोड़ी को हराया

# फ्रेंच ओपन : युकी-साकेत दूसरे दौर में, बोपन्ना-एबडेन हारे

एजेंसी ▶▶| पेरिस



युकी भांबरी और साकेत माइनेनी की भारतीय पुरुष युगल जोड़ी ने बुधवार को यहां फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पहले दौर में आर्थर रिंडरनेक और एंजो सोसाउद की फ्रांस की जोड़ी को सीधे सेट में हराया।

इस साल जनवरी में बैंकॉक ओपन चैलेंजर जीतने वाले युकी और साकेत ने अपने शुरुआती मैच में आर्थर और एंजो को 64 मिनट में 6-3, 6-2 से हराकर बाहर का रास्ता दिखाया। हालांकि भारत के स्टार खिलाड़ी रोहन बोपन्ना और उनके ऑस्ट्रेलियाई जोड़ीदार मैथ्यू एबडेन पहले दौर की बाधा पार करने में नाकाम रहे। इस जोड़ी को सादियो डोंबिया और फैबियन रेबोल की फ्रांस की जोड़ी के खिलाफ 5-7 6-7 (5-7) से हार का सामना करना पड़ा। बीएनपी परिबास ओपन और कतर ओपन में जीत के अलावा इस साल मैड्रिड ओपन के फाइनल में पहुंची भारत और ऑस्ट्रेलिया की जोड़ी ने पांच मैच प्वाइंट बचाए लेकिन फ्रांस की जोड़ी को जीत दर्ज करने से नहीं रोक पाए।

### श्रीराम-जीवन की जोड़ी बाहर

एन श्रीराम बालाजी और जीवन नेदुनचेझियान की जोड़ी भी पहले दौर में बेलारूस के इल्या इवाश्का और ऑस्ट्रेलिया के एलेक्सी पोपिरिन से 3-6 4-6 से हारकर प्रतियोगिता से बाहर हो गयी।

## ड्रोन इमरजेंसी रेस्पॉस सिस्टम शुरू

**पठानकोट, (एजेंसी)।** पंजाब पुलिस ने जिला पठानकोट के सरहदी क्षेत्र में मादक पदार्थों के तस्करों की ड्रोन गतिविधियों पर नकेल कसने के लिए ड्रोन एमरजेंसी रेस्पॉस सिस्टम शुरू कर दिया है। पुलिस महानिदेशक गौरव यादव के दिशा निर्देश पर बुधवार को पठानकोट पुलिस द्वारा बार्डर विलेज लेवल डिफेंस कमेटी (वी ऐलडीसी) की एजेंसियों और सीमा सुरक्षा के साथ मीटिंग कर उनको जरूरी सामग्री वितरित की जिससे पुलिस उभरती हुई चुनौतियों से निपटने और किसी भी ऐसी स्थिति में 15 से 20 मिनट में घटनास्थल पर पहुँच कर कार्रवाई में सक्षम हो गई है। श्री यादव ने एलान किया कि नशा संबंधी मिली किसी भी सूचना को न सिर्फ गुप्त रखा जाएगा, बल्कि ऐसी सूचना के आधार पर यदि कोई बरामदगी होती है तो सूचना देने वाले को एक लाख रुपये का इनाम भी दिया जाएगा।

## रूस में जर्मनी ने चार वाणिज्य दूतावास बंद किए

**मास्को, (एजेंसी)।** रूस में जर्मन दूतावास में कर्मचारियों की संख्या सीमित किए जाने के बाद जर्मनी ने भी जवाबी कार्रवाई की है। मॉस्को के कदम के बाद जवाबी कार्रवाई करते हुए बर्लिन ने उसे जर्मनी में स्थित पांच रूसी वाणिज्य दूतावास में से चार को बंद करने को कहा है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता क्रिस्टोफर बर्जर ने बुधवार को यहां संवाददातओं से कहा कि इस कदम का मकसद दोनों देशों के बीच कर्मचारियों और संस्थानों की संख्या को बराबर रखना है। रूसी सरकार ने हाल में कहा था कि अधिकतम 350 जर्मन सरकारी अधिकारी रूस में मौजूद रह सकते हैं।

## राज्यवर्धन सिंह परमार उज्जैन से गिरफ्तार

**उज्जैन/लखनऊ, (आरएनएन)।** यूपी भवन में यौन शोषण मामले में आरोपी महाराणा प्रताप सेना के अध्यक्ष राज्यवर्धन सिंह परमार को पुलिस ने उज्जैन से गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस राज्यवर्धन सिंह को दिल्ली लेकर आ रही है। महिला का आरोप है कि महाराणा प्रताप सेना के अध्यक्ष राज्यवर्धन सिंह ने दो बड़े मंत्रियों से मुलाकात के नाम पर यूपी भवन बुलाया था। इतना ही नहीं बड़े अधिकारी के लिए कमरा देने के नाम पर कमरा नंबर 122 खुलवाया। आरोप है कि राज्यर्वधन सिंह ने महिला के साथ यौन शोषण किया।



## फूलों की घाटी पर्यटकों के लिए आज से खुली

**चमोली, (एजेंसी)।** विश्व धरोहर फूलों की घाटी एक जून यानी गुरुवार को से पर्यटकों के लिए खोल दी जाएगी। नंदा देवी राष्ट्रीय पार्क के डीएफओ भारत भूषण मार्तोलिया ने बताया एक जून से सैलानियों के लिये खोली जाने वाली फूलों की घाटी तक पहुंचने के लिए नन्दा देवी वन प्रभाग प्रशासन ने घाटी तक ट्रैक को आवाजाही के लिए खोल दिया है। फूलों की घाटी व हेमकुंड क्षेत्र में अधिक बर्फबारी हुई है करीब दो किमी तक बर्फ हटाने के बाद नंदा देवी राष्ट्रीय पार्क प्रशासन की ओर से घाटी तक ट्रेक आवाजाही के लिए खोल दिया है। नंदा देवी राष्ट्रीय पार्क के दल ने बताया कि फूलों की घाटी के निचले हिस्से में बर्फ पिघलने के बाद फूलों का खिलना शुरू हो जाएगा।

## कांस्टेबलों के रिक्त पदों को भरने दो वर्ष की छूट

**ईटानगर, (एजेंसी)।** अरुणाचल प्रदेश के मंत्रिमंडल ने अरुणाचल प्रदेश कर्मचारी चयन बोर्ड द्वारा तीन मई को दिये गए विज्ञापन में कांस्टेबलों के रिक्त पदों को भरने के लिए 22 वर्ष की निर्धारित आयु सीमा से ऊपर दो वर्ष की एक बार की छूट सहित कई अन्य फैसलों को मंजूरी दे दी है। मुख्यमंत्री पेमा खांडू की अध्यक्षता में बुधवार को हुई मंत्रिमंडल की बैठक में यह निर्णय लिया गया। एक आधिकारिक विज्ञप्ति में यहां कहा गया है कि इस कदम से राज्य पुलिस बल में नौकरी पाने के इच्छुक युवाओं को अधिक अवसर मिलेंगे।

## आज का इतिहास

- 1819: बंगाल में सेरमपुर कालेज की स्थापना।
- 1835: कलकत्ता मेडिकल कॉलेज ने कामकाज शुरू किया।
- 1874: ईस्ट इंडिया कंपनी को भंग किया गया।
- 1929: सबसे यादगार मां का किरदार निभाने वाली नरगिस दत्त का जन्म।
- 1930: भारत की पहली डीलक्स रेलगाड़ी डक्कन क्वीन को बॉम्बे वी टी और पुणे के बीच शुरू किया गया।
- 1955: अस्पृश्यता (निरोधक) कानून अस्तित्व में आया।
- 1964: नया पैसा से नया शब्द हटाकर इसे अब पैसा कहा जाने लगा।
- 1970: ब्रिटिश पीएम हैरॉल्ड विल्सन पर चुनावी सभा के बाहर अंडा फेंका।
- 1979: रोडेशिया में 90 साल बाद अल्पसंख्यक श्वेत लोगों के शासन का अंत हुआ और घोषणा हुई और देश को नया नाम मिला जिम्बाब्वे।
- 1980: टेड टर्नर के सीएनएन ने 24 घंटे का समाचार प्रसारण शुरू किया।

# 11 दिन से रुका मानसून आगे बढ़ा, दिल्ली में 5 डिग्री कम दर्ज हुआ पारा

### अगले 4 दिनों तक नौ राज्यों में बारिश के आसार

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** नौतपा के छठे दिन भी मौसम ठंडा रहा। पिछले 11 दिनों से रुका मानसून बंगाल की खाड़ी में आगे बढ़ा है। आईएमडी के मुताबिक, राजस्थान, मध्य प्रदेश, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, उत्तर प्रदेश, गुजरात, दिल्ली, उत्तराखंड और हरियाणा में अगले चार दिन हल्की से भारी बारिश होने के आसार हैं। बाकी राज्यों में मौसम सामान्य रहेगा। केरल में आमतौर पर मानसून एक जून के आसपास पहुंच जाता है और जुलाई मध्य तक पूरे देश को कवर कर लेता है। इस साल केरल में मानसून की शुरुआत में थोड़ी देरी होने की संभावना है। इधर, दिल्ली में मंगलवार को अधिकतम तापमान औसत से पांच डिग्री नीचे दर्ज किया गया है।

**मध्यप्रदेश में जून की शुरुआत आंधी-बारिश से होगी, नया सिस्टम एक्टिव होने के आसार :** नौतपा खत्म होने को है। बुधवार को इसका सातवां दिन है लेकिन मध्यप्रदेश में यह अब तक बेअसर ही दिखा है। प्रदेश के अधिकतर जिलों में फिलहाल बारिश और तेज हवाएं चल रही हैं। मौसम का ये हाल जून की शुरुआत में भी रहेगा। 3 से 5 जून तक ग्वालियर और चंबल में वेस्टर्न डिस्टर्बेंस (पश्चिमी विक्षोभ) एक्टिव रहेगा।



**राजस्थान के 27 जिलों में आंधी-बारिश का अलर्ट, जयपुर-सीकर में बरसात :** राजस्थान के 27 जिलों में आंधी-बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग ने इन जिलों में 70 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से आंधी चलने की चेतावनी दी है। इधर, राज्य में पिछले 48 घंटे में बारिश से अधिकतम तापमान में 14 डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट हुई है।

**बिहार में 13 दिनों तक मौसम सामान्य रहने के बाद फिर चढ़ा पारा, 1-3 जून तक चलेगी लू:** बिहार में गर्मी तेवर दिखाने लगी है। लोग गर्मी से बेहाल हो रहे हैं। मंगलवार को 16 जिलों में अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के पार दर्ज किया गया। अररिया और कटिहार में हीट वेव की स्थिति बनी रही। दो जून से लू चलनी शुरू हो जाएगी। वहीं हरियाणा के 10 जिलों में सुबह से ही बूंदाबांदी और आंधी का दौर चल रहा है। रात को महेंद्रगढ़ में जहां 15 एमएम बारिश दर्ज हुई है, वहीं सोनीपत, रेवाड़ी, गुरुग्राम, यमुनानगर, कुरुक्षेत्र व फतेहाबाद में भी बारिश हुई। अगले कुछ घंटों में 10 जिलों में 40 से 50 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से आंधी और बारिश होने की संभावना है।

**हिमाचल में रिकॉर्ड तोड़ बारिश और ठंड, इस महीने 84 फीसदी ज्यादा बरसे बादल :** हिमाचल प्रदेश में मई महीने की बारिश और ठंड ने पिछले सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए है। मई के आखिरी सप्ताह में 25 से 31 तारीख तक नॉर्मल से 342 फीसदी ज्यादा और एक से 30 मई तक सामान्य से औसत 84 प्रतिशत ज्यादा बारिश हुई है।

### कटिहार में पीएफआई नेता के यहां छापेमारी

# बिहार, कर्नाटक, केरल समेत 25 ठिकानों पर एनआईए की रेड

**पटना ■ एजेंसी**

पीएफआई के फुलवारीशरीफ मामले में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने बिहार, कर्नाटक और केरल में करीब 25 ठिकानों पर रेड मारी है। एनआईए की टीम ने कटिहार के हसनगंज थाना क्षेत्र के मुजफ्फर टोला में लगभग 3 घंटे तक छापेमारी की। एनआईए की टीम ने नासिर हुसैन के घर कई दस्तावेज को खंगाला। वहीं, स्थानीय लोगों की मानें तो एनआईए पूछताछ के लिए महबूब आलम नदवी के भाई मोहम्मद जावेद को अपने साथ ले गई है। हालांकि, आधिकारिक रूप से अब तक इसकी कोई पुष्टि नहीं है।

कटिहार में भी एनआईए के छापे में पीएफआई नेता के घर ढाई घंटे तलाशी चली।



घर पर छिपे होने की सूचना मिली थी। जुलाई 2022 में पटना के फुलवारीशरीफ में पुलिस की रेड में पीएफआई से जुड़े कुछ लोग पकड़े गए थे। छापेमारी में इंडिया 2047 नाम का सात पेज का डॉक्यूमेंट भी मिला है। इसमें अगले 25 साल में भारत को मुस्लिम राष्ट्र बनाने की प्लानिंग की गई थी। इसी टारगेट को पूरा करने के लिए मुस्लिम युवाओं को हथियार चलाने की ट्रेनिंग दी जा रही थी। उस समय छह लोगों की गिरफ्तारी हुई थी। इसमें पूछताछ में पता चला था कि 12 जुलाई को पटना आ रहे पीएम नरेंद्र मोदी पर ये हमला करना चाहते थे। इसके लिए उन्हें 15 दिन से ट्रेनिंग दी जा रही थी। इसको लेकर पहले पटना पुलिस ने एफआईआर दर्ज की थी। बाद में मामला एनआईए के पास चला गया। तब से एनआईए लगातार छापेमारी कर रही है।

इस साल 4-5 फरवरी को, एनआईए ने बिहार के मोतिहारी में आठ जगहों पर भी रेड मारी थी। दो लोगों को गिरफ्तार किया था। जिन्होंने हत्या को अंजाम देने के लिए हथियार और गोला-बारूद की व्यवस्था की थी।

### आईएनएस विक्रांत पर रोमियो हेलिकॉप्टर पहली बार लैंड



भारत ने 90.5 करोड़ डॉलर के सौदे के तहत 24 हेलिकॉप्टरों का ऑर्डर दिया है, भारतीय नौसेना का एंटी सबमरीन हेलिकॉप्टर है एमएच60आर (रोमियो)। आईएनएस विक्रांत पर एमएच60आर हेलिकॉप्टर की लैंडिंग नौसेना के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। भारतीय नौसेना ने एक और उपलब्धि हासिल करते हुए स्वदेशी विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रांत पर एमएच 60आर हेलीकॉप्टर की लैंडिंग कराई है। आईएनएस विक्रांत पर इस तरह की यह पहली लैंडिंग है। इसके साथ भारतीय नौसेना की एंटी-सबमरीन वारफेयर और फ्लीट सपोर्ट क्षमता में बड़ा इजाफा हुआ है नौसेना ने पहली सफल लैंडिंग का वीडियो साझा किया।

## आरपीएफ ने ट्रेन सवार 59 बच्चों को मानव तस्करों के चंगुल से छुड़ाया, पांच गिरफ्तार

**नासिक, (एजेंसी)।** मध्य रेलवे के रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) और महाराष्ट्र पुलिस ने बुधवार को बिहार-पुणे ट्रेन में अभियान चलाकर 59 बच्चों को मानव तस्करों के चंगुल से छुड़ाया और पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

अधिकारियों ने बताया कि इन बच्चों को महाराष्ट्र के जलगांव और नासिक जिलों में क्रमशः भुसावल और मनमाड़ में दानापुर-पुणे विशेष एक्सप्रेस ट्रेन से बचाया गया। आरपीएफ के अधिकारी ने बताया, कि विश्वसनीय सूचना के आधार पर, स्थानीय पुलिस और एक एनजीओ के सदस्यों के साथ आरपीएफ की टीम मौके पर पहुंची और भुसावल स्टेशन पर जांच की। इस दौरान ट्रेन में आठ से 15 साल की उम्र के कुल 29 बच्चों को बचाया गया। बाद में, मनमाड में ट्रेन से उसी आयु-वर्ग के 30 और बच्चों को बचाया गया और मानव तस्करी के आरोप में पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि यह अभियान %ऑपरेशन आहट% के तहत चलाया गया था। अधिकारी ने बताया कि प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, इन बच्चों को बिहार से लाया जा रहा था और उन्हें सांगली भेजा जाना था। पांचों आरोपियों के खिलाफ मानव तस्करी विरोधी कानूनों के तहत मामला दर्ज किया गया।

## म्यांमार से लगे मोरेह में कूकी समुदाय के संगठनों से मिले अमित शाह



### कहा- जल्द बहाल होगी शांति

**इंफाल, (एजेंसी)।** हिंसा प्रभावित मणिपुर में गृह मंत्री अमित शाह का बुधवार को तीसरा दिन था। शाह बुधवार सुबह म्यांमार बॉर्डर से लगे मोरेह शहर पहुंचे। उन्होंने यहां कूकी समुदाय के संगठनों के साथ बैठक की।

शाह ने कहा कि मणिपुर में जल्द शांति बहाल होगी। इसके लिए प्रयास जारी है। शाम को वे वापस इंफाल जाएंगे और यहां भी सुरक्षा को लेकर समीक्षा बैठक करेंगे। मंगलवार को उन्होंने मणिपुर पुलिस, केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल और भारतीय सेना के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ सुरक्षा स्थिति का जायजा लिया। सुरक्षाकर्मियों के साथ बैठक में शाह ने कहा, मणिपुर की शांति और समृद्धि उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है और अधिकारियों को राज्य की शांति को भंग करने वाली किसी भी गतिविधि से सख्ती से निपटने का निर्देश दिया।

## Filmiतड़का

### समान फीस मुद्दे पर कंगना का प्रियंका को समर्थन

**कहा- मुझे ही मिलता है बस...**



**मुंबई।** बॉलीवुड अदाकारा प्रियंका चोपड़ा पिछले काफी समय से फिल्म इंडस्ट्री के कई गहरे, दफन और काले राज खोल रही हैं। जिसे सुनने के बाद सभी लोग चौंक रहे हैं। बीते दिनों प्रियंका चोपड़ा ने फिल्म इंडस्ट्री में समान वेतन न मिलने पर अपनी बात रखी थी। हालांकि इस मुद्दे पर पहले भी कई अभिनेत्रियां खुलकर बात करती नजर आई हैं। अब कंगना रणौत ने प्रियंका चोपड़ा की समान फीस न मिलने की बात का समर्थन किया है। कंगना ने बताया कि कैसे 22 साल में पहली बार उनको अपने मेल को-स्टार से ज्यादा फीस मिली है। कंगना के कहा कि वह पहली अभिनेत्री हैं जो ज्यादातर ए-लिस्ट एक्टर्स के बराबर पेमेंट मिलने की बात पर लड़ी हैं। प्रियंका ने बॉलीवुड में पैसे के अंतर के बारे में खुलकर बात की थी। प्रियंका चोपड़ा ने आगे कहा था कि बॉलीवुड में मुझे कभी भी मेल कोस्टार्स के बराबर पैसा नहीं मिला। मैंने वहां लगभग 60 फिल्में की हैं, लेकिन मुझे कभी भी मेरे मेल कोस्टार्स के बराबर पैसा नहीं मिला। मुझे अपने कोस्टार्स का लगभग 10 प्रतिशत पैसा मिला है। यह अंतर काफी बड़ा है और बहुत सी फीमेल एक्ट्रेस अभी भी इससे जूझ रही हैं। प्रियंका की इसी बात का कंगना ने समर्थन किया है।

### जून में रिलीज हो रहीं हैं रोमांचक फिल्में




**OTT पर सस्पेंस और थ्रिलर का तड़का**

**मुंबई।** जून के महीने में ओटीटी पर एक या दो नहीं बल्कि कई फिल्में और सीरीज दस्तक देने जा रही हैं। जिससे आपका मनोरंजन और दोगुना हो जाएगा। आप घर बैठकर कुछ अच्छी फिल्मों और सीरीज का इंतजार कर रहे हैं तो जून का यह महीना आपके लिए बेहद खास होने वाला है। प्राइम वीडियो, नेटफ्लिक्स, हॉटस्टार और जियो सिनेमा जैसे स्ट्रीमिंग पर इस हफ्ते काफी कुछ रिलीज होने जा रहा है जो आपके मनोरंजन को और भी बढ़ा देगा। असुर 2: मेकर्स ने असुर का दूसरा सीजन बनाया है। असुर 2 गुरुवार 1 जून से स्ट्रीम होने जा रहा है। आप इसे जियो सिनेमा पर देख सकते हैं। संदीप रे द्वारा निर्देशित हत्यापुरी एक मर्डर मिस्ट्री है। ये फिल्म ओटीटी पर 2 जून 2023 को रिलीज होगी। बॉलीवुड एक्टर शाहिद कपूर की फिल्म ब्लडी डैडी का धमाकेदार ट्रेलर पहले ही दर्शकों के रोंगटे खड़े कर चुका है। 9 जून को जियो सिनेमा पर रिलीज होगी। संतोष सिवन द्वारा निर्देशित मुंबईकर तमिल फिल्म मानागरम की रीमेक है। यह फिल्म शुक्रवार 2 जून को जियो सिनेमा पर रिलीज होगी। क्राइम ड्रामा सीरीज स्कूप भी इस हफ्ते ओटीटी पर रिलीज हो रही है। हंसल मेहता की इस सीरीज में करिश्मा तन्ना एक पत्रकार का रोल प्ले कर रही हैं। यह 2 जून को ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम की जाएगी। मेनिफेस्ट सीजन 4 पार्ट 2% 2 जून को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगा। यह शो एक कमर्शियल एयरलाइनर के यात्रियों और चालक दल के इर्द-गिर्द घूमता है, जो साढ़े पांच साल तक मृत घोषित किए जाने के बाद अचानक लौट आते हैं। हॉलीवुड फिल्ममेकर जूम्स कैमरुन की फिल्म अवतार 2 पिछले साल 16 दिसंबर 2022 में रिलीज हुई जिसने बॉक्स आफिस पर तहलका मचा दिया था। अब यह फिल्म डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर दस्तक देने जा रही है। यह फिल्म 7 जून को इंग्लिश के अलावा हिंदी, तमिल, तेलुगू, मलयालम और कन्नड़ भाषा में रिलीज होगी।

## बृजभूषण की गिरफ्तारी लायक पूरे सबूत नहीं : दिल्ली पुलिस



**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने बुधवार को कहा कि उसे भारतीय कुश्ती संघ (डब्ल्यूएफआई) के निवर्तमान प्रमुख बृज भूषण शरण सिंह के खिलाफ महिला पहलवानों के यौन उत्पीड़न के आरोपों को साबित करने और उन्हें गिरफ्तार करने के लिए उसे पर्याप्त सबूत नहीं मिले। एक वरिष्ठ अधिकरी ने कहा कि पुलिस 15 दिनों के अंदर कोर्ट में एक रिपोर्ट दाखिल करेगी।

अधिकारी ने कहा कि जांच के दौरान डब्ल्यूएफआई के निवर्तमान प्रमुख को गिरफ्तार करने के लिए पुलिस को अब तक पर्याप्त सबूत नहीं मिले हैं। उनके (पहलवानों) दावों को साबित करने के लिए इसके समर्थन में कोई सबूत नहीं मिला है। 15 दिन के भीतर कोर्ट में एक रिपोर्ट दाखिल की जाएगी जो आरोप पत्र या अंतिम रिपोर्ट के रूप में हो सकती है।

### पाक्सो में एफआईआर करने वाली लड़की निकली बालिग

पाक्सो में एफआईआर करने वाली पहलवान की उम्र बालिग निकली जिसके बाद बृजभूषण शरण सिंह को थोड़ी राहत मिल गई है, अब उन पर पाक्सो एक्ट की धारा नहीं लगाई जाएगी।

### पहलवानों के विरोध पर बोले बृजभूषण- आरोप साबित हुआ तो खुद फांसी पर लटक जाऊंगा



**सब इमोशनल ड्रामा है**

'सब इमोशनल ड्रामा कर रहे हैं।' अगर मेरे खिलाफ आपके पास कोई सबूत है तो उसे पुलिस को दें और मुझ पर लगे सबूत साबित हुए तो मैं खुद फांसी पर लटकने के लिए तैयार हूं। ये कहना है रेसलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के पूर्व अध्यक्ष और भाजपा सांसद बृज भूषण शरण सिंह का। बृजभूषण ये बातें उप्र के बाराबंकी में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहीं।

## पंजाब सरकार में दो नए मंत्रियों ने ली शपथ



**चंडीगढ़, (एजेंसी)।** पंजाब कैबिनेट के दो नये मंत्रियों ने बुधवार को शपथ ली। विधायक बलकार सिंह व विधायक गुरमीत सिंह खुडीयां ने मंत्री पद की शपथ ली। चंडीगढ़ स्थित पंजाब राज भवन में राज्यपाल बनवारी लाल पुरोहित ने शपथ दिलाई। पंजाब सरकार के मंत्री व सीएम भगवंत मान इस दौरान मौजूद रहे। इसके अलावा राज्यसभा सासंद राघव चड्ढा भी शपथ ग्रहण में पहुंचे। बलकार सिंह जालंधर में करतारपुर से विधायक हैं, जबकि खुडियां लांबी सीट से विधायक हैं। मान नीत कैबिनेट में अभी मुख्यमंत्री सहित 15 मंत्री हैं।

**किसे मिला कौन सा विभाग :** नए विधायकों के मंत्री पद शपथ लेने के बाद विभागों का बंटवारा भी नए सिरे से किया गया। गुरमीत सिंह मीत को जल, खनन, विज्ञान, खेल और जल और जमीन संरक्षण, कुलदीप सिंह धालीवाल को एनआरआई मामले और प्रशासनिक सुधार, लालजित सिंह भुल्लर को परिवहन और ग्रामीण विकास और पंचायत, बलकार सिंह को स्थानीय निकाय, संसदीय मामले और गुरमीत सिंह खुडियां को कृषि, पशु और खाद्य विभाग आवंटित किया गया है।

## रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के लिए पीएम मोदी को भेजेंगे लेटर

**अयोध्या, (ब्यूरो)।** राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा पीएम नरेंद्र मोदी के हाथों करवाने के लिए उनके पास एक निवेदन पत्र भेजा जाएगा। यह पत्र महंत नृत्यगोपाल दास के हस्?ताक्षर से भेजा जाए। यह फैसला श्रीराम जन्?मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की बैठक में बुधवार को लिया गया। बैठक ट्रस्ट के अध?यक्ष महंत नृत्यगोपाल दास के मठ मणिराम छावनी में हुई। बैठक में ट्रस्ट के 11 सदस्य उपस्थित रहे, जबकि संस्थापक सदस्य, के पराशरण ऑनलाइन जुड़े। इस लेटर में पीएम मोदी से कहा जाएगा कि वह दिसंबर 2023 से 26 जनवरी के बीच कोई अनुकूल तिथि के बारे में अपनी अनुमति दें।

## जापान में एनपीपी के संचालन को आगे बढ़ाने के लिए कानून पारित

**टोक्यो, (एजेंसी)।** जापान की संसद के ऊपरी सदन ने बुधवार को परमाणु ऊर्जा संयंत्रों (एनपीपी) के संचालन को 60 वर्ष से आगे बढ़ाने के लिए एक कानून पारित किया।

### परमाणु ऊर्जा संयंत्रों को 60 वर्षों से अधिक समय तक किया जाएगा संचालित

जापान परमाणु ऊर्जा आयोग ने फरवरी में सरकार की योजना को मंजूरी दे दी, जिससे देश के परमाणु ऊर्जा संयंत्रों को 60 वर्षों से अधिक समय तक संचालित किया जा सके। अप्रैल के आखिरी महीने में, विधेयक को निचले सदन द्वारा पास किया गया था।फिलहाल, कानून बनाने के लिए प्रस्ताव में आवश्यकताओं के लिए भी प्रावधान किया गया है। विशेष रूप से, 30 साल के अभियान के बाद एनपीपी को हर 10 साल में सुरक्षा और उपकरण जांच करानी होगी। गौरतलब है कि 2011 में फुकुशिमा परमाणु ऊर्जा संयंत्र में दुर्घटना के बाद से, जापान में परमाणु ऊर्जा के समर्थन की दिशा में उठाया गया यह पहला कदम है।

## भारत-चीन सीमा पर तनाव घटाने हुई डब्ल्यूएमसीसी की 27वीं बैठक

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** भारत-चीन सीमा मामलों पर परामर्श और समन्वय के लिए कार्य तंत्र (डब्ल्यूएमसीसी) की 27वीं बैठक बुधवार को यहां आयोजित की गई जिसमें दोनों पक्षों ने पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर शेष क्षेत्रों से सेना हटाने को लेकर कुछ प्रस्तावों चर्चा की। विदेश मंत्रालय ने आज रात यहां बताया कि बैठक में विदेश मंत्रालय के संयुक्त सचिव (पूर्वी एशिया) ने भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया। वहीं चीनी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व चीनी विदेश मंत्रालय के सीमा और महासागरीय मामलों के विभाग के महानिदेशक ने किया।

# स्वनिधि महोत्सव का हुआ आयोजन, डिजिटल लेन देन करने वाले वेंडर्स हुए सम्मानित

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। पीएम स्वनिधि योजना के अन्तर्गत एक जून गुरुवार को स्वनिधि महोत्सव का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि सांसद बलिया वीरेन्द्र सिंह मस्त , विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष सपना सिंह, जिलाधिकारी आर्यका अखौरी, अपर जिलाधिकारी वि0रा0 अरूण कुमार सिंह ने लंका मैदान सभागार मे पीएम स्वनिधि महोत्सव कार्यक्रम का शुभारम्भ फीटा काटकर एवं दीप प्रज्वलित तथा मॉ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। कार्यक्रम में बेसिक शिक्षा के छात्राओ ने स्वागत गीत गाकर मुख्य अतिथि एवं अन्य विशिष्ट अतिथि का स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान लोक कला मंच के गायक राकेश कुमार ने पीएम स्वनिधि योजना को गीत के माध्यम से उपस्थित लोगो के सम्मुख प्रस्तुत किया जो सराहनीय रहा। कार्यक्रम से पूर्व ही मा0 मुख्य अतिथि ने विभिन्न बैको, स्वयं सेवी संस्थानो, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग एवं अन्य विभागो द्वारा लगाये गये स्टालो का निरीक्षण कर जानकारी ली। सांसद वीरेन्द्र सिंह मस्त ने अपने सम्बोधन मे कहा कि पी एम स्वनिधि योजना पूरे देश के गॉव, कस्बो, पटरी, पर लगाने वाले ठेला, खुमचा आदि छोटे दुकानदानो की समृद्धि के लिए यह योजना कार्य कर रही है । उन्होने कहा कि यह योजना ग्रामीण अर्थ व्यवस्था के शक्तिशाली होने का आधार बनेगा और इसी रास्ते से होकर आत्म निर्भर भारत का रास्ता निकलेगा। जिलाधिकारी आर्यका अखौरी ने पी एम स्वनिधि योजना की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि प्रधानमंत्री ने 01 जून 2020 को कोरोना काल के दौरान गॉवो , कस्बो, शहरो मे पटरी पर रेहड़ी, ठेला, खुमचा आदि जैसे छोटे दुकानदानो की समृद्धि एंव उनके जीविकोपर्जन हेतु इस योजना की शुभारम्भ किया था इस अवसर पर आज इस वर्ष भी स्वनिधि महोत्सव मनाया जा रहा है। आज यहा अच्छी ऋण साख, डिजिटल लेन-देन का



प्रयोग करने वाले वेन्डर्स को सम्मानित किया जा रहा है। जिला पंचायत अध्यक्ष सपना सिंह मा0 प्रधानमंत्री जी का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि इस योजना के माध्यम से लाखो गरीब दुकानदारो का जीवन समृद्धि की तरफ अग्रसर हुआ है। इस अवसर जिला नगरीय विकास अभिकरण (डूडा), नगर पालिका परिषद गाजीपुर, जिला स्वास्थ्य समिति, उपायुक्त उद्योग जिला उद्योग एवं प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र, श्रम विभाग, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, खाद्य एव रसद, नगर पंचायत सैदपुर, सादात, जंगीपुर, बहादुरगंज, यूनियन बैक ऑफ इण्डिया, भारतीय स्टेट बैक, आईडीबीआई बैंक, नाबार्ड, एचडीएफसी, पीएनबी, इण्डियन बैंक, बैक आफ महाराष्ट्र, एवं बड़ौदा ग्रामीण बैंक द्वारा स्टाल लगाकर लोगो जानकारी दी गयी। कार्यक्रम के दौरान पी एम स्वनिधि योजना के अन्तर्गत 20 शहरी पथ विक्रेताओ प्रमाण पत्र तथा इस इस योजना मे उत्कृष्ट कार्य करने वाले 11 कर्मचारियो को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया तथा 10 लाभार्थियो को परिचय बोर्ड वितरित किये गये। इसके साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के अन्तर्गत 05 लाभार्थियो को प्रतिकात्मक आवास की चाभी वितरित किया गया। मोटे अनाज को बढावा देने तथा इस क्षेत्र मे उत्कृष्ट कार्य करने वाले बाल विकास एव पुष्टाहार विभाग के 02 मुख्य सेविकाओ एव 09 आगनबाड़ी कार्यकत्रियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

एक दिवसीय स्वनिधि महोत्सव के दौरान इस योजना के अन्तर्गत प्रथम, द्वितीय और तृतीय ऋण के लिए आवेदन पत्र प्राप्त किया गया तथा आवेदन पत्रों को स्वीकृत कराकर ऋण वितरित करने के साथ-साथ सभी इन-एक्टिव वेण्डर्स को डिजिटली एक्टिव बनाने और कैशबैक के लाभ से अवगत कराकर अधिक से अधिक डिजिटल लेन देन को प्रेरित किया गया। अच्छी ऋण साख, डिजिटल लेन-देन का प्रयोग करने वाले एवं सभी वेण्डर्स को चिन्हित कर प्रथम दस को सम्मानित भी किया गया इसके साथ ही वेण्डर्स के परिवारों को इस महोत्सव में प्रोत्साहित भी किया गया ताकि वह योजना का लाभ प्राप्त करने के उपरान्त अपने अनुभव को साझा कर सके। इस योजना के बारे में जानकारी देने और स्ट्रीट वेण्डरों की समस्याओं के समाधान के लिए जनपद स्तरीय हेल्प डेस्क भी बनायी गई है जिसका शुभारम्भ भी स्वनिधि महोत्सव के दौरान किया गया। कार्यक्रम के दौरान स्ट्रीट वेण्डर्स को एक्टिव बनाने में रूचि दिखाने वाले कर्मियों को भी सम्मानित किया गया। इस दौरान कार्यक्रम में स्वयं सहायता समूह के उत्पादों के प्रदर्शनी भी लगाई गयी तथा स्ट्रीट वेण्डर्स एवं उनके परिवार के सदस्यों के स्वास्थ परीक्षण के लिए चिकित्सा शिविर भी लगाया गया । सभी के प्रति आभार परियोजना अधिकारी डूडा ने किया। इस अवसर पर प्रतिनिधि ब्लाक प्रमुख भावर कोल आनंद राय, उप जिला अधिकारी सदर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं जनपद स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## वाराणसी का युवा चिंता-मुक्त होने की राह पर

**150 से भी अधिक छात्रों ने आंतरिक-उन्नति की कार्यशाला में भाग लिया**

प्रखर वाराणसी। मैत्रीबोध परिवार, एक सामाजिक आध्यात्मिक संस्था जो अनवरत मानवता के उत्थान के लिए और सभी को मानसिक और आध्यात्मिक रूप से सशक्त करने के लिए कार्यरत है, मैत्रीबोध परिवार ने इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस, बनारस हिंदू यूनिवर्सिटी और इंडियन थियेटर अकादमी, वाराणसी में 150 से भी अधिक युवा छात्रों के साथ साझा किया कि वे किस तरह चुनौतियों को अपने विकास के लिए अवसरों में परिवर्तित करके, अपने जीवन को परिवर्तित कर सकते हैं। सभी छात्रों ने अंत में जीवन के प्रति अपने बदले हुए दृष्टिकोण के लिए अपनी प्रसन्नता जाहिर की और कार्यशाला के प्रति अपना आभार व्यक्त किया। मैत्री शक्तिप्रवाह की शक्तिशाली ध्यान प्रक्रिया और ऊर्जा हस्तांतरण प्रक्रिया द्वारा प्रतिभागियों ने आंतरिक परिवर्तन और उन्नति के मार्ग पर अपने सफर की शुरूआत की। आज का आम नागरिक डर, घबराहट और अवसाद, रोजमर्रा की जरूरतों की निरंतर चिंता से ग्रस्त है और आंतरिक शांति की खोज कर रहा है। इस आवश्यकता को नजर में रखते हुए, मैत्रीबोध परिवार के संस्थापक- मैत्रेय ददाश्रीजी की यह पहल समस्या की शुरूआत, व्यक्तिगत रूप से अनुभव होने वाली 'चिंता' को जड़ से उखाड़ कर व्यक्ति को सच्ची स्वतंत्रता वाले जीवन की ओर ले जाएगी। हमारे राष्ट्र को- विश्वगुरु, बनाने के एक कदम और करीब।



## रेलवे की नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी करने वाला मुन्ना भाई गिरफ्तार

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। पुलिस अधीक्षक गाजीपुर द्वारा अपराध एवम् वांछित अपराधियो के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवम् क्षेत्राधिकारी जमानिया के कुशल निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक पवन कुमार उपाध्ययाय थाना गहमर मय हमराह व उप निरीक्षक पवन कुमार चौकी प्रभारी देवल मय हमराही कर्मचारीगण के मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त असरफ अली खाँ उर्फ बब्लू खाँ पुत्र जमील खाँ निवासी ग्राम मनिया थाना गहमर जनपद गाजीपुर को अभियुक्त के घर ग्राम मनिया से समय करीब सुबह 07.10 बजे गिरफ्तार किया गया। इस सम्बन्ध मे थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 88/23 धारा 419, 420,467, 468, 471,504,506 IPC थाना गहमर गाजीपुर का अभियोग पंजीकृत किया गया था। अन्य



विधिक कार्यवाही थाना गहमर द्वारा प्रचलित है। घटना का संक्षिप्त विवरण झ मुकदमा वादी मंजूर खां पुत्र वकील खाँ निवासी ग्राम मनिया थाना गहमर गाजीपुर से अभियुक्त असरफ अली खाँ उर्फ बब्लू खाँ पुत्र जमील खाँ निवासी ग्राम मनिया थाना गहमर जनपद गाजीपुर के द्वारा रेलवे मे नौकरी लगवाने के नाम पर वादी उपरोक्त व अन्य दो लोगो से 6-6 लाख रुपये (कुल बाइस लाख तिरपन हजार रुपया) लेकर व फर्जी मेडिकल का कागजात दिखाकर फर्जी नियुक्ति पत्र देने के सम्बन्ध मे थाना स्थानीय मु0अ0सं0 88/23 धारा 419,420,467, 468,471,504,506 IPC थाना गहमर गाजीपुर का अभियोग पंजीकृत किया गया था। जिसमे अभियुक्त उपरोक्त को दिनांक 31.05.2023 को उसके घर पर दबिस देकर गिरफ्तार किया गया।

## ब्रह्मराष्ट्र एकम की तरफ से मनाया गया मां गंगा का प्राकट्य महोत्सव

**मां गंगा को लगे छप्पन भोग, गंगा दशहरा के उपलक्ष्य में ब्रह्मराष्ट्र एकम की तरफ से मनाया गया द्वितीय प्राकट्य महोत्सव**

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। गंगा दशहरा के उपलक्ष्य में वैश्विक स्तर की सनातनी संस्था ब्रह्मराष्ट्र एकम के तत्वावधान में मां गंगा का द्वितीय प्राकट्य महोत्सव मनाया गया ज्ञातव्य हो कि इस संस्था द्वारा पिछले वर्ष भी मां गंगा का प्राकट्य महोत्सव ,मां गंगा को चुनरी मनोरथ व छप्पन भोग लगे थे` ब्रह्मराष्ट्र एकम के संस्थापक डॉ सचिन सनातनी लगातार सनातन धर्म को आगे बढ़ाने हेतु धर्म से संबंधित निरंतर कुछ न कुछ कार्य करते रहते हैं जिससे समाज में एकता व अखंडता बनी रहे` सभी जाति व संप्रदाय के लोग एक जुट रहें और साथ मिलकर धर्म संस्कृति को बढ़ावा दे रहे है साथ में कोई भी आपस में भेदभाव या ईर्ष्या न करे ऐसे सौहार्द के साथ निरंतर कार्य कर रहे है प्रातः मां गंगा की विधि विधान से पूजन कर चुनरी अर्पण कार्य सैकड़ों माताएं बहनें मिलकर उन्हें श्रद्धा सुमन कर अर्पित किया तत्पश्चात सायंकाल में पुनः मां गंगा का पूजन कर ठाकुर जी की कृपा ध्यान से छप्पन भोग लगा कर सभी श्रद्धालुओं को भोग प्रसाद रूप में हजारों भक्तगणों को वितरित किया गया` मध्य मध्य में मिश्रा बंधुओं द्वारा संगीत सुरो से सबका मन मोहा उसके बाद तिरुपति बालाजी से आए शास्त्रीय संगीत के माध्यम से श्रोताओं को अपने ओर आकर्षित किया दैनिक गंगा आरती पश्चात हंशय यादव ने अपने संगीत से सबको मन मोहा, कर्मवीर की टीम ने अपने नाट्य नृत्य की शानदार प्रस्तुति से मां गंगा की अविरलता और पर्यावरण पर सुंदर संदेश दिया फिर डॉ अमलेश शुक्ला ने सभी श्रोताओं को अपने संगीत से थिरकाया और मन मोहा। कार्यक्रम में संस्था के संस्थापक पंडित सतीश चंद्र मिश्र ,रविंद्र नाथ मिश्र, पुष्पा मिश्रा , प्रिया मिश्रा, रंजिता त्रिपाठी आदि लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन युवा राष्ट्रीय कवि सूरज मणि ने किया ब्रह्मराष्ट्र एकम की तरफ से गंगारत्न से सम्मानित लोगो का नाम डॉ जगदीश पिल्लई (विश्व रिकॉर्ड धारक), महंत शंकर पूरी जी महाराज (अन्नपूर्णा मंदिर) , श्रीमान राहुल सिंह , प्रांतीय अध्यक्ष (सेवा भारती) ,श्री मिश्र बंधु (प्रयागराज) है। डॉ विजयनाथ मिश्र (घाटवाक), डॉ सुरेशचंद्र शुक्ल (प्रदूषण बोर्ड



अधिकार) ,पदमश्री डॉ राजेश्वर आचार्य, वीरेंद्र निषाद (केवट), अमृतेश शुक्ला (आईएएस में चयनित), शिवदत्त द्विवेदी (समाज सेवा) मुख्य अतिथि अशोक तिवारी (वाराणसी मेयर), दयाशंकर मिश्र (दयालु), अंबरीश सिंह भोला रहे सांस्कृतिक कार्यक्रम में अभिनय आर्ट्स (डांस परफॉर्मेंस), मिश्र बंधु प्रयागराज, गंगा अवतरण ग्रुप काशी, हंशय यादव, अमलेश शुक्ला, धीरेंद्र पांडेय, अंशुल पाठक, सुजीत अधिकारी, सूर्य प्रकाश, राजू राजभर, राजेश पांडेय, संतोष कश्यप, कुशल पाल, रजनी जायसवाल, रागिनी मौर्य, आशीष शुक्ला, कमलेश शुक्ला गोलू सहित इत्यादि लोग उपस्थित रहे।

## फिर चर्चा में आया जौनपुर का टीडी कॉलेज ला टीचर ने 12 साल के बालक के साथ किया कुकर्म

प्रखर जौनपुर। पूर्वांचल विश्वविद्यालय से संबद्ध जौनपुर का टीडी कॉलेज इन दिनों काफी चर्चा में है। बता दें कि अभी कुछ ही दिनों पूर्व एक प्रोफेसर ने लड़की से सेक्स की बात की, लड़की ने जिसका वीडियो बना लिया और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। जिसके बाद प्रोफेसर को सस्पेंड कर दिया गया। वहीं ताजा मामले में टीडी कॉलेज के ला टीचर ने 12 साल के बच्चे के साथ कुकर्म किया। जिसके बाद उन्हें निलंबित कर दिया गया है। पूरे मामले के अनुसार टीचर के चंगुल से छूटकर जब बालक घर पहुच परिजनों को आपबीती सुनाई तो खलबली मच गई। पुलिस ने टीचर के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। अब आयोग से नियुक्त हुए लाकर प्रोफेसर संतोष कुमार सिंह ने शर्मनाक घटना की है। उन्होंने एक 12 साल के बालक के साथ कुकर्म किया। बताया जाता है कि प्रोफेसर कॉलेज के पास ही स्थित एक कॉलोनी में रहते हैं। अपने घर पर ही उन्होंने घटना को अंजाम दिया। बालक का परिवार लाइन बाजार थाना क्षेत्र के पास



स्थित एक कॉलोनी में रहता है। इसी कॉलोनी में टीडी कालेज अकेला प्रोफेसर संतोष सिंह भी रहते हैं। बुधवार की सुबह संतोष ने बच्चे को ग्रामर की किताब देने के लिए अपने घर पर बुलाया। आरोप है कि शिक्षक ने बच्चे के साथ अप्राकृतिक दुष्कर्म किया। वहां से वह घर आया और मां से शिकायत की। परिवार के लोग प्रोफेसर के घर पहुंचे, तो खुद को फंसता देख प्रोफेसर माफी मांगने लगे। इंस्पेक्टर संजय वर्मा के अनुसार मां की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस के अनुसार बालक को मेडिकल के लिए भेजा गया है और पुलिस अधीक्षक नगर बृजेश कुमार गौतम ने कहा कि प्रोफेसर संतोष ने बालक के साथ दुष्कर्म किया। उनके खिलाफ धारा 377 व पास्को के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया है। गौरतलब हो कि इसके पूर्व भी टीडी कालेज की छात्रा से अश्लील बात करने के आरोप में भी मुकदमा दर्ज हुआ था। जिसके बाद प्रोफेसर को निलंबित कर दिया गया। वही जिस कॉलोनी में ला प्रोफेसर रहते हैं, उस कॉलोनी के लोगों ने प्रोफेसर को जल्द गिरफ्तार करने की मांग की है।

## किसान महासभा ने पहलवानों के क्रूर दमन के खिलाफ राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन


प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। अखिल भारतीय किसान महासभा ने गुरुवार को धरना प्रदर्शन कर भारतीय पहलवानों और समाज के सभी वर्गों के विरोध का लोकतांत्रिक अधिकार के लिए महामहिम राष्ट्रपति के नाम से ज्ञापन दिया। महासभा ने पहलवानों के दमन की कड़ी निंदा किया। गांव गांव गरीबों के नाम दिए गए फर्जी बिजली बिल वापस लेने के लिए आन्दोलन तेज करनेकी चेतावनी दिया। जिले के जमानियां तहसील मुख्यालय पर सभा को सम्बोधित करते हुए अखिल भारतीय किसान महासभा के राष्ट्रीय सचिव कामरेड ईश्वर प्रसाद कुशवाहा ने कहा कि भारतीय पहलवानों और समाज के अन्य सभी वर्गों के विरोध के लोकतांत्रिक अधिकार को सुरक्षित करने और भाजपा सांसद बृजभूषण सरन सिंह की गिरफ्तारी की मांग के लिए देशव्यापी आंदोलन का आह्वान के तहत आज गुरुवार



को जमानियां, जखनियां, सैदपुर, सेवराई, मुहम्मदाबाद तहसील केंद्रों पर धरना प्रदर्शन के माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंप रहे हैं । किसान महासभा के तत्वावधान में ट्रेड यूनियनों, महिलाओं, युवाओं, छात्रों, व्यापारियों, बुद्धिजीवियों और सामाजिक आंदोलनों सहित अन्य सभी वर्गों के साथ समन्वय में पूरे जिले में प्रदर्शन किया गया है। अखिल भारतीय किसान महासभा ने 5 जून जिस दिन आरएसएस कार्यकताओं और महंतों की अयोध्या में बृजभूषण सरन सिंह के समर्थन में एक रैली बुलाई है, उसी दिन गाँव और शहरी केंद्रों पर भाजपा सांसद बृजभूषण सरन सिंह के खिलाफ प्रदर्शन और पुतला जलाया जाएगा। 28 मई, जिस दिन महिला पहलवानों ने महिला सम्मान महापंचायत बुलाई थी, को पहलवानों के विरोध के क्रूर दमन की हम कड़ी निंदा करते हैं और प्रदर्शनकारी पहलवानों की गिरफ्तारी और उन पर एफआईआर दर्ज किए जाने की भी निंदा करते हुए फर्जी मुकदमा वापस लेने की मांग करते हैं। यौन उत्पीड़न का विरोध कर रहे पहलवानों के खिलाफ मोदी सरकार की कार्रवाई उसकी महिला विरोधी और जनविरोधी एजेंडे को स्पष्ट उजागर करती है। विरोध के खिलाफ दमन की नीति नागरिकों के विरोध के अधिकार का उल्लंघन है, जिसकी माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने बार-बार पुष्टि की है। हम राकेश वैष्णव मामले में सर्वोच्च न्यायालय के शब्दों को याद करते है जब अदालत ने कहा था कि "वास्तव में विरोध करने का अधिकार एक मौलिक अधिकार का हिस्सा है और वास्तव में सार्वजनिक व्यवस्था के अधीन इसका प्रयोग किया जा सकता है। निश्चित रूप से ऐसे अधिकारों के प्रयोग में तब तक कोई बाधा नहीं होगी जब तक कि यह अहिंसक है और अन्य नागरिकों के जीवन और संपत्तियों को नुकसान नहीं पहुंचाता है और कानून के अनुसार है।"

## राजकीय आईटीआई में रोजगार मेले का हुआ आयोजन, 26 अभ्यर्थियों का हुआ चयन

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। गुरुवार को जिला सेवायोजन कार्यालय, गाजीपुर के तत्वाधान में विधान सभा सदर के अन्तर्गत राजकीय आई0टी0आई0 गाजीपुर के परिसर में रोजगार मेले का आयोजन किया गया। जिसमें प्रतिभागी कम्पनियॉ टीम ब्राइट फ्यूचर ऑरगेनिक हर्बल एण्ड आयुर्वेदिक प्रा0लि0, वी0एस0डी0 टायर एण्ड ट्यूब रिपेयर, गाजीपुर द्वारा सेल्स मैनेजर, फील्ड आफीसर, कम्प्यूटर आपरेटर, हेल्पर आदि पदों पर चयन किया गया। मेले में लगभग 150 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया, जिसमें से विभिन्न पदों पर कुल 26 अभ्यर्थियों का अन्तिम राउंड हेतु चयन किया गया। भारत के कार्यबल को कुशल बनाकर अंतर्राष्ट्रीय अवसरों से जोड़ने हेतु भारत सरकार के स्किल इण्डिया मिशन के तहत स्किल इण्डिया इंटरनेशल सेन्टर वाराणसी द्वारा उक्त परिसर में प्री-काउंसिलिंग की गयी। जिसमें दुबई, अबुधाबी, शारजाह, सऊदी अरब देशों में इलेक्ट्रिशियन, फिटर, हेल्पर, क्लीनर, माली, ए.सी. टेक्नीशियन, सिक्योरिटी गार्ड, कुक, वेटर, मैकेनिकल ड्राफ्ट्समैन, मेसन, ड्राइवर इत्यादि जॉब रोल्स के लिए प्री-काउंसलिंग में लगभग 80 अभ्यर्थियों का स्किल इंडिया इंटरनेशनल सेंटर वाराणसी टीम द्वारा काउंसलिंग की गयी जिसमें से 18 अभ्यर्थी विदेशों में रोजगार पाने हेतु योग्य पाये गये जिसमें से 08 अभ्यर्थी पासपोर्टधारी है। इन सभी योग्य अभ्यर्थियों को अन्तिम चयन हेतु वाराणसी सेन्टर पर कॉल किया जायेगा।



## संक्षिप्त खबरें

### थानागद्दी के युवक ने नेपाल में जीता कराटे प्रतियोगिता का गोल्ड, गांव पहुंचने पर स्वागत

**ईशान दानगंज वाराणसी के जीएमएस एकेडमी में 12वीं का छात्र**



प्रखर थानागद्दी जौनपुर। थानागद्दी गांव के पुरवा तिसिया के ईशान शुक्ला ने नेपाल में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय स्तर की कराटे प्रतियोगिता में भाग लेकर गोल्ड मेडल जीता है। जिसका गुरुवार को गांव पहुंचने पर ग्रामीणों द्वारा भव्य स्वागत किया। थानागद्दी गांव निवासी सरोज शुक्ला का बेटा ईशान शुक्ल कक्षा 12वीं का छात्र है जो पढ़ाई के साथ कराटे में चैंपियन है। 26 मई को दो दिवसीय 9वी माउंट एवरेस्ट इंटरनेशनल कराटे चैंपियनशिप में पहले राउंड में ईशान ने बांगलादेश के खिलाड़ी और फाइनल राउंड में श्रीलंका के खिलाड़ी को हराकर गोल्ड जीता। गुरुवार को गांव पहुंचने पर ग्रामीणों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान ग्रामीणों ने ईशान का थानागद्दी बाजार में ढोल नगाडे के साथ भ्रमण कराया। ईशान ने बताया कि वह अब तक जिले स्तर के अलावा 3 गोल्ड मेडल जीतकर चुका है। जिसमें उसने 2 राष्ट्रीय लेवल के गोल्ड मेडल जबकि एक अंतर्राष्ट्रीय लेवल पर जीता, कहा कि उसका सपना है कि वह एक दिन ओलंपिक में भाग लेकर देश के लिए गोल्ड मेडल जीत कर लाए। जिसकी तैयारी में अभी से जुटा हुआ है। इस दौरान पूर्व प्रधान लालजी शुक्ला, पूर्व प्रधान प्रमोद शुक्ला, भाजपा उपाध्यक्ष माधवानंद शुक्ल, संतोष पाठक, ब्रह्मदेव मिश्रा, सरोज पाठक आदि रहे।

### ट्रांसफर होने पर थानाध्यक्ष राजीव कुमार सिंह को साथी पुलिसकर्मियों ने दी भावभीनी विदाई

**थानाध्यक्ष ने सबको विदाई की औपचारिकता से किया मना कई लोगों का मन हुआ दुःखी**



प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। ट्रांसफर होने पर दारोगा को साथी पुलिसकर्मियों ने दी भावभीनी विदाई पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी वरुणा जोन के दो पुलिसकर्मियों के कार्य क्षेत्र में बदलाव हुआ है। थानाध्यक्ष मंडुवाडीह राजीव कुमार सिंह लोहता थाने के नए थानाध्यक्ष बनाए गए है वहीं उनके मना करने के बावजूद सह पुलिसकर्मियों ने मंडुवाडीह थाना में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। बताते चलें कि बुधवार की सुबह जैसे ही सोशल मीडिया के माध्यम से क्षेत्रवासियों को थानाध्यक्ष के ट्रांसफर होने की खबर मिली सभी क्षेत्र के लोग थानाध्यक्ष से मिलने के लिए थाने पर आ गए लोग पूर्व थानाध्यक्ष के ट्रांसफर से आहत नजर आएं स्थानीय लोगों ने बताया कि लगभग दो साल के कार्यकाल मे मंडुवाडीह थानाध्यक्ष ने अपनी जीप से उतरकर किसी के साथ दुर्व्यवहार नही किया बल्कि गलत करने वालो को पास बुलाकर प्रेम से समझाया और ऐसा थानाध्यक्ष मिलना मुश्किल है वहीं क्षेत्र के कुछ मानिन्द लोग थानाध्यक्ष से मिले और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना भी की। विदाई समारोह के दौरान मौजूद सह पुलिसकर्मियों ने माला पहनाकर उनका सम्मान किया इस दौरान पूर्व थानाध्यक्ष के व्यवहार के चलते उनके ट्रांसफर से कई लोग उदास नजर आएं।

### एमएलसी चंचल ने मुख्यमंत्री कोष से दिलाया 17 मरीजों को आर्थिक सहायता

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। जिले के लोकप्रिय एमएलसी विशाल सिंह चंचल के आग्रह पर मुख्यमंत्री आदित्य योगी ने गाजीपुर के 17 पीड़ित गंभीर मरीजों परिवारों को इलाज के लिए आर्थिक सहायता प्रदान किये हैं। एमएलसी विशाल सिंह चंचल ने इन सभी मरीजों के जल्द ही स्वस्थ होने की कामना की है। गाजीपुर की सातों विधानसभाओं से आये इन सभी पीड़ित परिवारो ने मुख्यमंत्री और एमएलसी साहब के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया है ।जिसमे सराय गोकुल के विशाल कुमार को 1 लाख 30 हजार, गुरुआ मकसूदपुर के प्रदीप शर्मा को 1 लाख, पहलवानपुर के सुरेंद्र यादव को 1 लाख 90 हजार, पहाड़पुर खुर्द मीरपुर के सदानंद चौबे को 2 लाख, गोरखा गौरी के प्रमोद कुमार चौबे को 4 लाख 25 हजार , वार्ड नंबर 4 सादात से सायरा बानो को 75 हजार, बालापुर के प्रत्यूष पांडे को 2 लाख 49 हजार175 , सैदपुर की रेखा को 2 लाख , मुस्तफाबाद उर्फ बड़ागांव के राम कृत कुशवाहा को 1लाख 30हजार, बरुईन के अनिल कुमार गुप्ता को 10 हजार 500, बौरी बरार के विपिन कुमार बिंद को 55 हजार, छोटा मियाना की सुमन चौहान को 1 लाख 75 हजार, मधुकर राय पट्टी के अयांश सिंह को 4लाख ,बिजहरी के लक्ष्मीकांत सिंह को 3 लाख 50 हजार, मियापुरा के स्वपनिल श्रीवास्तव को 2 लाख 50 हजार, मनरिया सिपाह की फुलझरिया को 2 लाख 50 हजार, गोसंदेपुर की मीरा सिंह को 1 लाख की आर्थिक सहायता प्रदान की गई हैं। एमएलसी विशाल सिंह चंचल ने सभी के जल्द ही स्वस्थ होने की कामना की है।




प्रखर पूर्वांचल

RNIUPHIN/2016/68754

मुद्रक प्रकाशक 'पंकज सिंह' के लिए सम्पादक 'अरूण सिंह' द्वारा 'गायत्री प्रिंटिंग प्रेस' सकलेनाबाद नियर दुर्गा चौक, गाजीपुर पिन कोडः 233001 से छपवाकर कनेरी गाजीपुर से प्रकाशित

सम्पादकीय कार्यालयः 9/10, टैगोर मार्केट, कचहरी, गाजीपुर पिन कोडः 233001

सम्पर्क सूत्रः 0548-2223833, +91-8858563779 +91-9450208067, +91-9452844802

सभी विवाद गाजीपुर न्यायालय के अधीन होगें।

ताजा खबर पढ़ने के लिए लॉगइन करें हमारी वेबसाइट https://prakharpurvanchal.com Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

सांध्य दैनिक प्रखर पूर्वांचल अखबार के सभी पद अवैतनिक हैं